दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 24 जनवरी 2024, वर्ष-12 अंक- 313 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आरती के बाद खुला मंदिर, उमड़ा जन सैलाब, 4 लाख ने किए दर्शन

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार 23 जनवरी को मंदिर में आम लोगों का दर्शन शुरू हो चुका। रात 3 बजे से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रामलला के दर्शन के लिए कई राज्यों से लोग आए हुए हैं। जैसे ही मंदिर के गेट खुले तो लोगों में अंदर जाने के लिए होड़ सी मच गई। दर्शन के लिए उमड़े हुजूम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोपहर में शयन के लिए बंद किए गए भगवान रामलला के कपाट एक घंटे पहले ही खोल दिए गए। रामलला के शयन के लिए पट दोपहर 12.30 बजे से 2 बजे तक बंद रहने थे, लेकिन भीड़ के चलते 1 बजे ही खोल दिए गए। लोगों को दर्शन के लिए छोटे-छोटे ग्रुपों में भेजा गया। एक बार तो लोग सिक्योरिटी तोड़कर ही भाग निकले। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह 7 बजे से 12.30 तक करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए। भीड़ को काबू करने के लिए 8 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

रामलला की नई मूर्ति का नाम 'बालक राम'

अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई श्रीरामलला की नई मूर्ति को 'बालक राम' के नाम से जाना जाएगा। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल रहे पुजारी अरुण दीक्षित ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि नई मूर्ति का नाम 'बालक राम' रखने का कारण यह है कि वह एक बच्चे की तरह दिखते हैं, जिनकी उम्र 5 साल है। उन्होंने कहा कि पहली बार जब मैंने मूर्ति देखी, तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मेरी आंखों में खुशी के आंसू बहने लगे। उस समय मुझे जो अनुभूति हुई, उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। अब तक मैं 50-60 बड़े अभिषेक में शामिल रहा, लेकिन मेरे जीवन का यह सबसे अलौकिक, दिव्य और सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम रहा।

दर्शन होंगे, नहीं चढ़ा सकेंगे फूल-माला

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तों में भारी उत्साह है। लोग बड़ी संख्या में आकर नया मंदिर और भगवान के दर्शन कर रहे हैं। भक्तों को दर्शन के समय भगवान राम को माला-फूल या नारियल अर्पित करने की अनुमति नहीं दी गई है। भगवान के दर्शन करने के बाद जब भक्त बाहर निकलने पर, उन्हें प्रसाद दिया जा रहा है।

न्याय यात्रा : बैरिकेडिंग तोड़ी, राहुल के खिलाफ एफआईआर के निर्देश

डिसपुर (एजेंसी)। राहुल गांधी की न्याय यात्रा मंगलवार को गुवाहाटी पहुंची, जिसे असम पुलिस ने रोक दिया। राहुल अपने काफिले के साथ गुवाहाटी शहर के बीच से गुजरना चाहते थे, लेकिन प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी। पुलिस ने गुवाहाटी सिटी जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी। इसके बाद कांग्रेस समर्थक पुलिस से भिड़ गए। उन्होंने बैरिकेडिंग तोड़ दी। घटना को लेकर राहुल ने कहा कि जिस रास्ते पर हमारी यात्रा को रोका गया है, उसी रास्ते से बजरंग दल और जेपी नड्डा की रैली निकली थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रास्ते पर लगे बैरिकेड हटा दिए हैं, लेकिन हमने कानून नहीं तोड़ा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा, 'ऐसा बर्ताव असमिया कल्चर का हिस्सा नहीं है। ये नक्सली गतिविधियां हमारी संस्कृति से अलग हैं। मैंने असम पुलिस के डीजीपी को निर्देश दिया है कि वे राहुल गांधी के खिलाफ भीड़ को उकसाने के लिए एफआईआर दर्ज करें और कांग्रेस ने जो वीडियो पोस्ट किए हैं, उन्हें सबूत के तौर पर इस्तेमाल करें।' दरअसल, असम पुलिस ने वर्किंग डे का कारण बताकर न्याय यात्रा को शहर के अंदर ले जाने से मना किया था। पुलिस ने कहा था कि आज अगर न्याय यात्रा शहर में गई तो ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाएगी, इसलिए प्रशासन ने रैली को नेशनल हाईवे पर जाने का निर्देश दिया है।

कल तक असम में रहेगी कांग्रेस की यात्रा

राहुल की न्याय यात्रा 18 जनवरी को नगालैंड से असम पहुंची थी। 20 जनवरी को यात्रा अरुणाचल प्रदेश गई, फिर 21 को असम लौट आई। इसके बाद यात्रा 22 जनवरी को मेघालय निकली और मंगलवार को एक बार फिर असम पहुंची। राहुल की न्याय यात्रा 25 जनवरी तक असम में रहेगी। हिमंता बिस्व सरमा और कांग्रेस के बीच पिछले कई दिनों से जुबानी जंग चल रही है। कांग्रेस सरमा पर यात्रा को प्रभावित करने का आरोप लगाती आ रही है। सरमा भी कांग्रेस को कई जिलों में नहीं जाने की सुझाव दे चुके हैं।

आज बेबाक

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही भारत में सनातन का सूर्योदय हो गया । अब वह दिन दूर नहीं दिखता जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का रामराज्य का बहुप्रतिक्षित सपना साकार हो जायेगा। 22 जनवरी की तारीख देश के इतिहास में स्वर्णाक्षरो में अंकित हो गयी। पूरा देश ऐसा जगमग हुआ मानो दीपावली आ गयी हो। यह बात अलग है कि जहां करोड़ो लोगो ने दीप जलाये वही कुछ लोगों के दिल जल गए। बहरहाल अब अगले साल से भारत में एक नही बल्कि दो दीपावली मनाई जाएगी। भले ही जलकुकड़ो का दिल जलता रहे।

ईडी ने फिर भेजा सीएम सोरेन को 9 वां समन

रांची/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को एक बार फिर से समन भेजा है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले के तहत ईडी की तरफ से यह नौवां समन है जिसके चलते उन्हें एक बार फिर पूछताछ के लिए जांच एजेंसी के सामने पेश होना पड़ेगा। ईडी ने हेमंत सोरेन को 27 से 31 जनवरी के बीच पेश होने को कहा है। ईडी जमीन से जुड़े घोटाले की जांच कर रही है और इसी केस में मुख्यमंत्री से पूछताछ कर रही है। पहले सात समन को नजरअंदाज के करने के बाद हेमंत सोरेन ने आठवें समन के बाद पिछले शनिवार को ईडी ने उनके आवास पर पहुंचकर सवाल जवाब किया। बीते शनिवार को ईडी ने करीब सात घंटे तक हेमंत सोरेन से उनके आवास पर पूछताछ की थी। इस दौरान जांच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'आप' के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष समेत कई नेता भाजपा में हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी भाजपा में शामिल हो गए। मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर की मौजूदगी में आप नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ले ली। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में इस दौरान शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद सुनील सोनी, चुन्नी लाल साहू,भाजपा मुख्य प्रवक्ता और वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने नए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजेपी का छोटे दलों पर फोकस

लोकसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा अपनी रणनीति के तहत छोटे दलों पर फोकस कर रही है। केंद्र से मिले निर्देश के बाद भाजपा नेताओं ने छत्तीसगढ़ के सभी छोटे क्षेत्रीय दलों से संपर्क किया है। कोशिश यही है कि या तो उनका विलय भाजपा में कर लिया जाए, या उनकी लीडरशिप को उठाकर सीधे भाजपा प्रवेश कराया जाए। इसके लिए प्रदेश के बड़े नेताओं को भाजपा प्रवेश कार्यक्रम करवाने का टास्क दिया गया है। बीजेपी अपना वोट शेयर बंटने नहीं देना चाहती। संगठन चाहता है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'हिटमैन' शर्मा बने आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर-2023 के कप्तान

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने 2023 की वनडे टीम ऑफ द ईयर घोषित कर दी है। भारत को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचाने वाले कप्तान रोहित शर्मा को ही टीम का कप्तान बनाया गया। भारत के कुल 6 प्लेयर्स को जगह मिली, वहीं वर्ल्ड कप विजेता ऑस्ट्रेलिया से ट्रैविस हेड और एडम जम्पा को शामिल किया। टीम इंडिया के विराट कोहली, शुभमन गिल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने भी टीम ऑफ द ईयर में जगह बनाई। 2023 की टीम ऑफ द ईयर में 4 देशों के 11 प्लेयर्स चुने गए। इनमें भारत के 6, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के 2-2 और न्यूजीलैंड का एक खिलाड़ी शामिल हैं। साउथ अफ्रीका से विकेटकीपर हेनरिक क्लासन और ऑलराउंडर मार्को यानसन को जगह दी गई। वहीं न्यूजीलैंड से डेरिल मिचेल जगह बनाने में कामयाब रहे।

स्व कर्पूरी ठाकुर को मिलेगा भारत रत्न

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का ऐलान किया गया है। इस संबंध में राष्ट्रपति भवन की ओर से बयान जारी कर ये जानकारी दी गई। कर्पूरी ठाकुर की बुधवार को होने वाली 100वीं जन्म जयंती से पहले उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का ऐलान किया गया है। बता दें कि जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की मांग की थी। इस ऐलान के बाद जेडीयू ने मोदी सरकार का आभार जताया है।

सैनिकों को एयरलिफ्ट करने गया सेना का प्लेन क्रैश

नई दिल्ली (एजेंसी)। मिजोरम के लेंगपुई एयरपोर्ट पर एक बड़ा विमान हादसा हो गया है। प्रदेश की राजधानी आइजोल के पास स्थित लेंगपुई एयरपोर्ट पर म्यांमार सेना का प्लेन क्रैश हो गया है। दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में कुल 14 लोग मौजूद थे। बता दें कि लेंगपुई एयरपोर्ट एक घरेलू हवाईअड्डा है। जानकारी के मुताबिक म्यांमार सेना का यह विमान मिजोरम से अपने सैनिकों को एयरलिफ्ट करने आई थी। दरअसल, सेना और विद्रोहियों के बीच आंतरिक युद्ध चल रहा है और इसी बीच म्यांमार के कुछ सैनिक भारत-म्यांमार सीमा को पार करते हुए मिजोरम के लांग्टलाई जिले में दाखिल हो गए। लेंगपुई एयरपोर्ट के रनवे पर उतरने के समय विमान हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटनाग्रस्त विमान में क्रू मेंम्बर्स सहित कुल 14 लोग मौजूद थे। विमान क्रैश होने के चलते विमान में सवार कुछ लोग जख्मी हो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शेयर बाजार धड़ाम 8 लाख करोड़ स्वाहा

मुंबई (वार्ता)। घरेलू शेयर बाजार में मंथली एक्सपायरी और बजट से पहले मंगलवार को बड़ी मुनाफावसूली दिखी और बेंचमार्क इंडेक्स धड़ाम हो गए। मंगलवार के कारोबारी सेशन के दौरान दलाल स्ट्रीट के निवेशकों को बाजार पूंजीकरण के रूप में लगभग 8 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों के शेयर गिरकर 366.3 लाख करोड़ रुपये पर आ गए। सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार की सुबह मजबूत शुरुआत बावजूद गिरकर लाल निशान पर बंद हुए। मंगलवार को सेंसेक्स 1,053.10 अंकों यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,370.55 के स्तर पर बंद हुआ।

सीएम 'नीतीश' का नया पैंतरा अचानक राज्यपाल से मिले

पटना (एजेंसी)। बिहार में एक बार फिर सियासी हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को अचानक राजभवन पहुंच गए। राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर से मिलने के लिए जनता दल यूनाईटेड के प्रमुख नीतीश मंत्री विजय चौधरी के साथ पहुंचे हैं। बता दें कि सीएम एक सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बिना किसी पूर्व जानकारी के अचानक राजभवन पहुंचे। इससे पहले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा प्रमुख जीतन मांझी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए बिहार में खेला होने की बात कही थी। पोस्ट में जीतन राम मांझी ने लिखा था कि बंगला में कहते हैं, खेला होबे, मगही में कहतें हैं, खेला होकतो भोजपुरी में कहते हैं, खेला होखी बाकी तो आप खुद ही समझदार हैं। नीतीश कुमार ने राज्यपाल से लगभग 50 मिनट तक बातचीत करने के बाद राजभवन से निकले। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

उपलब्धि... खनन मंत्री सम्मेलन में गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी के लिए छत्तीसगढ़ को देशभर में द्वितीय बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड

खनिज ब्लॉकों की नीलामी में छग दूसरे नंबर पर, मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य को गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लॉकों की नीलामी के लिए एक और राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। मंगलवार को केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने भोपाल में आयोजित राज्य खनन मंत्री सम्मेलन में गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी के लिए छत्तीसगढ़ को देशभर में द्वितीय बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड से नवाजा है। यह पुरस्कार भारत सरकार के खनन मंत्रालय द्वारा दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि के लिए खनिज विभाग के सभी अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय खनन मंत्री सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी से

छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से अनुराग दीवान, संयुक्त संचालक (खनिज प्रशासन) एवं इंचार्ज ऑक्शन तथा संजय कनकने संयुक्त संचालक (भौमिकी) द्वारा अवार्ड प्राप्त किया।

2022-23 में 20 ब्लॉक की हुई नीलामी

प्रदेश में वर्ष 2015 उपरांत राज्य में ई-ऑक्शन के माध्यम से कुल 35 आबंटित गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लॉकों में से 20 खनिज ब्लॉकों का आबंटन वर्ष 2022-23 में किया गया है। इनमें 02 चूनापत्थर, 09 लौह अयस्क, 05 बाक्साइट ब्लॉक्स एवं 02 निकल-क्रोमियम-प्लेटिनम-ग्रुप ऑफ एलीमेंट एवं 02 ग्रेफाइट खनिज सहित कुल 20 ब्लॉक्स का ई-ऑक्शन के माध्यम से खनिज पट्टा-कांपोजिट लायसेंस आबंटन किया गया। प्रदेश में बहुमूल्य एवं सामरिक महत्व के खनिजों के अन्वेषण एवं दोहन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सितंबर, 2022 में राष्ट्रीय स्तर का स्टेकहोल्डर्स कॉन्फ्रेंस कराया गया था।

43,700 करोड़ रूपए की होगी आय

खनिज अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निकल-क्रोमियम-प्लेटिनम-ग्रुप ऑफ एलीमेंट खनिज ब्लॉक का आंबटन करने वाला देश का पहला राज्य है। इसी प्रकार राज्य में प्रथम बार लौह अयस्क, बॉक्साइड एवं ग्रेफाइट ब्लॉक्स का आबंटन भी सफलतापूर्वक किया गया है। उन्होंने बताया कि 20 खनिज ब्लॉकों के सफल आबंटन से रायल्टी, डीएमएफ, एनएमईटी, पर्यावरण एवं अधोसंरचना उपकर के अतिरिक्त लगभग 43,700 करोड़ रूपए की आय बतौर प्रीमियम राज्य को होगी।

अयोध्या से लौटते ही पीएम मोदी का बड़ा ऐलान, 1 करोड़ घरों की छतों पर लगेंगे सोलर पैनल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' आरंभ करेगी जिसके तहत एक करोड़ घरों की छतों (रूफटॉप) पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। मोदी ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर दिल्ली लौटने के बाद यह घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घरों की छतों पर उनका अपना सोलर रूफटॉप सिस्टम हो।''

उन्होंने कहा, ''अयोध्या से लौटने के बाद मैंने पहला निर्णय लिया है कि हमारी सरकार एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लक्ष्य के साथ 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' प्रारंभ करेगी।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, साथ ही भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। प्रधानमंत्री ने अयोध्या से लौटने के बाद इस संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की। बाद में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का उद्देश्य सौर पैनल के माध्यम से निम्न और मध्यम आय वाले व्यक्तियों को बिजली प्रदान करना है। साथ ही इसका लक्ष्य अधिशेष बिजली उत्पादन से अतिरिक्त आय का स्रोत भी उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि बड़ी संख्या में सोलर पैनल लगाने के मद्देनजर आवासीय इलाकों के उपभोक्ताओं के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जाना चाहिए।

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, पीएम ने अलौकिक क्षण बताया

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या के मंदिर में रामलला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मोदी ने इस क्षण को नए युग के आगमन का प्रतीक करार दिया। लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही आयोजित इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाखों लोगों ने अपने घरों और पड़ोस के मंदिरों में टेलीविजन पर देखा। दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म करने और समान नागरिक संहिता लागू करने के साथ-साथ, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण दशकों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एजेंडे में रहा है। 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के दौरान सेना के हेलीकॉप्टरों ने नवनिर्मित जन्मभूमि मंदिर पर फूलों की वर्षा की। साथ ही राम नगरी के कुछ हिस्सों में लोगों ने गायन और नृत्य के साथ जश्न मनाया। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, ÷आज, हमारे राम आ गए हैं। युगों के लंबे इंतजार के बाद हमारे राम आ गए हैं। हमारे रामलला अब तंबू में नहीं रहेंगे। हमारे रामलला एक भव्य मंदिर में रहेंगे।

■ न्यूज गैलरी

पराक्रम दिवस पर धनखड़ ने किया सुभाष चंद्र बोस को नमन

नई दिल्ली(वार्ता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन करते हुए कहा है कि संयुक्त, समृद्ध और स्वतंत्र भारत के लिए अथक प्रयास किए जाने चाहिए। श्री धनखड़ ने मंगलवार को पराक्रम दिवस के अवसर पर जारी एक संदेश में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भारत की स्वतंत्रता के लिए जिजीविषा और प्रतिबद्धता सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। श्री धनखड़ ने कहा, निर्भीक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' पर मैं उनका स्मरण और नमन करता हूं।उपराष्ट्रपति ने नेताजी के नारे ÷तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का उल्लेख करते हुए कहा कि इतिहास में यह नारा स्वतंत्रता का आह्वान बन गया है। श्री धनखड़ ने कहा कि इस दिन के प्रतीक के रूप में 'भारत प्रथम' को याद रखा जाना चाहिए और संयुक्त, समृद्ध तथा स्वतंत्र भारत के लिए अथक प्रयास किए जाने चाहिए।

प्रहलाद जोशी ने मप्र के सीएम मोहन यादव से मुलाकात की

भोपाल(वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से आज यहां केंद्रीय खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री जोशी ने यहां मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर डॉ यादव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुयी। श्री जोशी यहां राज्य के खनन मंत्रियों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए आए हैं। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने यहां कुशाभाऊ ठाकरे कांफ्रेंस हॉल पहुंचकर सम्मेलन में शिरकत की।

ईरान: राष्ट्रपति 24 जनवरी को करेंगे तुर्किये का दौरा

तेहरान(वार्ता)। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी अपने तुर्की समकक्ष रेसेप तैयप एर्दोगन के निमंत्रण पर बुधवार को आधिकारिक यात्रा पर अंकारा के लिए रवाना होंगे। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने सोमवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि रायसी की तुर्किये की पहली यात्रा के दौरान एक उच्च पदस्थ राजनीतिक और आर्थिक प्रतिनिधिमंडल उनके साथ होगा। तुर्की-ईरान उच्च स्तरीय सहयोग परिषद की आठवीं बैठक की सह-अध्यक्षता करने और एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने से पहले दोनों राष्ट्रपति रायसी के अंकारा पहुंचने के बाद एक निजी बैठक करने वाले हैं। रायसी और एर्दोगन दोनों देशों के व्यापारियों और व्यवसायियों की एक संयुक्त बैठक में भी शामिल होंगे।

शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं सुभाष चंद्र: योगी

लखनऊ (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं जिन्होने आजादी के आंदोलन में युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट करके लड़ने की नई प्रेरणा दी थी। नेता जी की जयंती पर लखनऊ के परिवर्तन चौक पर उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुये श्री योगी ने मंगलवार को कहा कि न केवल भारत, बल्कि बाहर भी हमें देश की आजादी की लड़ाई को कैसे आगे ले जाना है, नेताजी ने उस समय इसकी गजब रणनीति तैयार की थी। आज उसी का परिणाम है कि जब हम भारत के बाहर जाते हैं तो बहुत सारी जगहों पर हमें नेताजी से जुड़े स्थल भी देखने को मिलते हैं। नेताजी ने युवाओं का आह्वान करते हुए देश की आजादी की लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य किया। उन्होने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया। उन्होंने नौजवानों का आह्वान किया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। देश की आजादी के इस मंत्र की बदौलत लाखों युवा सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो गए।

मराठा आरक्षण के लिए जरांगे ने रंजनगांव से शुरू की पदयात्रा, मुंबई तक जारी रहेगा मार्च

मुंबई। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने रंजनगांव से अपनी पदयात्रा शुरू की। उन्होंने बताया कि वह मुंबई तक अपनी मार्च जारी रखेंगे। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया का धन्यवाद भी किया। मीडिया से बात करते हुए मनोज जरांगे ने कहा, 'हम मुंबई तक अपनी मार्च जारी रखेंगे। मुझे यकीन है कि आजाद मैदान या शिवाजी पार्क में हमें प्रदर्शन करने की इजाजत मिल जाएगी। मैं मीडिया को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद करता हूं। मैं अपने समुदाय के सदस्यों से मीडिया के लोगों के साथ सहयोग करने की अपील करता हूं। उन्होंने हमें इस आंदोलन में काफी मदद की है।'

इजरायल को लगी अब तक की सबसे बड़ी चोट, गाजा में एक ही झटके में मारे गए 21 सैनिक

गाजा। हमास के साथ जारी संघर्ष में इजरायल को बड़ा झटका लगा है। खबर है कि गाजा में हुए एक हमले में इजरायल के 20 से ज्यादा सैनिकों की मौत हो गई है। आशंका जताई जा रही है कि मौतों का आंकड़ा और भी आगे बढ़ सकता है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को खत्म करने और 100 से ज्यादा बंधकों की रिहाई तक जंग जारी रखने की बात कही है। इजरायली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने मौत के ताजा आंकड़े पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को सैनिक एक भवन को गिराने के लिए विस्फोटक तैयार कर रहे थे। उस दौरान आतंकियों की तरफ से दागा रॉकेट प्रोपैल्ड ग्रेनेड तोप के पास आकर गिरा और समय से पहले ही फट गया। इसके बाद भवन सैनिकों पर ही गिर गया।

इससे पहले इजरायली सेना ने जानकारी दी थी कि गाजा पट्टी में तीन महीने के सबसे घातक हमले में 10 सैनिकों की मौत हो गई थी। इधर, इजरायल के चैनल 13 का कहा है कि जान गंवाने वाले सैनिकों की संख्या ज्यादा है। साथ ही आने वाले समय में और भी नाम घोषित हो सकते हैं।

गुस्साए बंधकों के परिजन

गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों के परिवारों के सदस्य सोमवार को इजरायल की संसद में वित्त समिति की बैठक के दौरान प्रवेश कर गए। गुस्साए परिजनों ने कहा, 'आप (सांसद) यहां बैठक नहीं सकते, जब वे (बंधक) वहां मर रहे हैं।' इससे पहले, रविवार की रात परिजनों ने विरोध-प्रदर्शन जारी रखने के लिए यरूशलम में तंबू गाड़ लिये और तब तक वहीं रहने का संकल्प लिया, जब तक सरकार कुछ बंधकों को मुक्त कराने के लिए किसी समझौते पर नहीं पहुंच जाती।

गाजा संघर्ष में मरे 25 हजार नागरिक

गाजा में इजरायली हमले और इजरायल पर फिलिस्तीनी रॉकेट हमले सोमवार को भी जारी रहे। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की मानवीय रिपोर्ट में सात अक्टूबर को युद्ध की शुरुआत के बाद से एन्क्लेव में 25 हजार से अधिक लोगों की मौत होने की बात कही गई है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों से मिली जानकारी का हवाला देते हुए संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय के कार्यालय ने बताया कि इजरायली हमलों के कारण 62,681 फिलिस्तीनीयों को चोटें आई हैं।

सीमा पर गूंजा प्रभु का नाम, एलएसी पर चीनी सैनिक भी बोले जयश्री राम

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अब पट आम जनता के लिए भी खुल चुके हैं। पूरे देश में सोमवार को दिवाली जैसा माहौल रहा। खास बात है कि भारत ही नहीं अमेरिका, मेक्सिको, जापान समेत दुनिया के कई देशों में राम के नाम की गूंज सुनाई दी। इसी बीच एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जहां ॡ यानी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सैनिक राम नाम का जयकार लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो एलएसी का है और इसमें भारतीय और चीनी सैनिक नजर आ रहे हैं। वीडियो के मुताबिक, भारतीय सैनिक जय श्री राम कहते हैं और इसके बाद चीनी सैनिकों को इसे दोहराते हुए देखा जा सकता है। लाइव हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। अब तक यह भी साफ नहीं है कि वीडियो कब का है।

भारत-चीन विवाद

साल 2020 में गलवान घाटी में झड़प के बाद से ही सीमा पर भारत और चीन के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि, इस बीच दोनों पक्षों में सैन्य स्तर पर कई बार बात हुई और डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया पर भी सहमति बनी, लेकिन हालात पूरी तरह नहीं सुधर पाए हैं। भारतीयस सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा था कि नियंत्रण रेखा के पास हालात संवेदनशील हैं।

पीटीआई भाषा के अनुसार, उन्होंने कहा था, 'उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर लेकिन संवेदनशील हैं। हम शेष मुद्दों का समाधान तलाशने के लिए स्थापित प्रोटोकॉल और प्रक्रियाओं के अनुसार सैन्य और राजनयिक दोनों स्तरों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं।'

यह पूछे जाने पर कि क्या पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की संख्या को कम करने का प्रयास किया जाएगा, उन्होंने कहा कि प्राथमिक जोर 2020 में गतिरोध शुरू होने से पहले की यथास्थिति में लौटना है। उन्होंने कहा था, 'वर्तमान में हमारी कोशिश 2020 के मध्य से पूर्व की स्थिति में वापस जाने के लिए बातचीत जारी रखने की है। और एक बार ऐसा होने पर हम सैनिकों की संख्या में कटौती के बड़े मुद्दे पर विचार कर सकते हैं। एलएसी पर जब तक जो कुछ भी सैनिक तैनात करने की जरूरत पड़ेगी, हम करते रहेंगे।'

दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके, काफी देर तक कांपी धरती; 7.2 रही तीव्रता

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके महसूस हुए हैं। काफी देर तक धरती कांपती रही। इसका केंद्र किर्गिस्तान और चीन सीमा पर बताया जा रहा है। भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 7.2 मापी गई है। झटके इतने तेज थे कि डर के मारे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। ऐसी रिपोर्ट है कि भारत और चीन के अलावा किर्गिस्तान, नेपाल और पाकिस्तान के कुछ सीमावर्ती इलाकों में भी धरती डोली है। जानकारी के अनुसार, भूकंप का केंद्र किर्गिस्तान और चीन सीमा पर स्थित शिनजियांग क्षेत्र में बताया जा रहा है। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.2 मापी गई है। झटके इतने तेज थे कि इसका असर दिल्ली-एनसीआर तक में महसूस किया गया। काफी देर तक धरती कांपती रही। डर के मारे लोग अपने घरों से बाहर निकलकर खुले आसमान के नीचे आ गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप के झटके रात 11.39 बजे महसूस किए गए थे। जर्मनी के भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र का कहना है कि भूकंप चीन के शिनजियांग क्षेत्र में जमीन से 10 किमी की गहराई पर था। खबर लिखे जाने तक भूकंप से किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। ऐसी रिपोर्ट हैं कि भारत और चीन के अलावा किर्गिस्तान, नेपाल और पाकिस्तान के कुछ सीमावर्ती इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस हुए हैं।

कड़ाके की ठंड से अभी राहत नहीं; कई राज्यों में बारिश के आसार

नई दिल्ली। उत्तर भारत के लोगों को अभी ठंड से राहत मिलती नहीं दिख रही है। घने कोहरे और शीतलहर की मार जारी है। सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव के पास बैठने को मजबूर हैं। मौसम विभाग का कहना है कि कड़ाके की ठंड अभी और कुछ दिनों तक ऐसे ही सताएगी। इस बीच देश के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश भी होने का अनुमान है जिससे ठंडी हवाएं मुश्किलें बढ़ा सकती हैं। दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, असम और त्रिपुरा समेत कई राज्यों में आज सुबह से कोहरा छाया हुआ है। कोहरे के चलते फ्लाइट्स और ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा है। साथ ही हल्की बर्फीली हवाएं चल रही हैं जिससे ठिठुरन बढ़ गई है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में सर्दी का सितम जारी है। राजधानी में आज न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। साथ ही सुबह से ही कोहरे के चलते लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है। अगर यूपी की बात करें तो यहां भी मंगलवार सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है। राज्य के पूर्वांचल वाले इलाकों में गलन भरी ठंड पड़ रही है। सोमवार को दोपहर में हल्की धूप खिलने से कुछ राहत जरूर मिली। राज्य का आज न्यूनतम तापमान 7-9 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 15-19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। बिहार और एमपी का भी ठंड से बुरा हाल है और आज भी राहत नहीं मिलने वाली है। इन दोनों राज्यों में सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतें पेश आ रही हैं। अगर उत्तराखंड की बात करें तो यहां के मैदानी इलाकों में कोहरा दुश्वारियां बढ़ा सकता है। ताजा पश्चिमी विक्षोभ के 25 जनवरी तक राज्य में पहुंचने की उम्मीद है जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में बादल छा सकते हैं। अलग-अलग हिस्सों में बारिश होने का अनुमान है। आजकल दिन के वक्त तापमान में बढ़ोतरी जरूर हो रही है जबकि सुबह-शाम हाड़ कंपाने वाली ठंड जारी है। पंजाब और हरियाणा में लोगों को हाड़ कंपा देने वाली ठंड से राहत नहीं मिली और कई स्थानों पर तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा में 4 पूर्व चीफ जस्टिस हुए शामिल

नई दिल्ली। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कई पूर्व न्यायधीश भी शामिल हुए। इनमें देश के पूर्व चीफ जस्टिस जे एस खेहर भी हैं जिन्होंने 2017 में अयोध्या विवाद में व्यक्तिगत रूप से मध्यस्थता करने की पेशकश की थी। न्यायमूर्ति खेहर ने इस मामले में सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने की अपील की थी। उन्होंने कहा था, 'अगर आप मुझे दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ बनाना चाहते हैं, तो मैं इसके लिए तैयार हूं।' मालूम हो कि समारोह में जस्टिस खेहर के अलावा तीन अन्य पूर्व सीजेआई भी नजर आए, जो हैं- जस्टिस वीएन खरे, एनवी रमन्ना और यूयू ललित। रामलला के अभिषेक कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के 12 से अधिक पूर्व न्यायाधीश मौजूद रहे। इस लिस्ट में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अरुण मिश्रा, राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस अशोक भूषण भी आते हैं। जस्टिस भूषण उस 5-न्यायाधीशों की संविधान पीठ का हिस्सा थे जिसने 2019 में राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ किया था। राम मंदिर पर फैसला सुनाने के करीब 2 साल बाद वह रिटायर हो गए। इसके बाद से भूषण ह्ष्ष्ख्ब्र्ञ्ज के अध्यक्ष हैं। वह यूपी के जौनपुर से आते हैं। उन्हें 2016 में सुप्रीम कोर्ट का जस्टिस बनाया गया। 2015 में वह केरल हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने थे।

2024 लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण लागू करने की मांग

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को जल्दी लागू करने की मांग करने वाली एक हालिया याचिका के खिलाफ सख्त विरोध किया है। यह अधिनियम महिलाओं के लिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें आरक्षित करने के लिए बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि जनगणना और परिसीमन को महिला आरक्षण लागू करने की पूर्व शर्त के तौर पर थोपना संविधान की मौलिक संरचना का अतिक्रमण है। इसलिए महिला आरक्षण के कानून को 2024 के आगामी आम चुनावों से पहले लागू किया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकार ने दलील दी कि यह संवैधानिक संशोधन कैसे संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करता है, याचिका में इसका कोई आधार नहीं बताया गया है। केंद्र ने जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्त की बेंच के सामने कहा कि याचिका में संविधान के मूल सार को बदलने के लिए संसद के अधिकार को प्रतिबंधित करने वाले न्यायिक सिद्धांत 'बुनियादी संरचना सिद्धांत' के उल्लंघन का ठोस तर्क नहीं दिया गया है। मामले में सॉलिसिटर जनरल का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील कनु अग्रवाल ने कहा, 'संवैधानिक संशोधन को चुनौती दी गई है लेकिन इस याचिका में बुनियादी ढांचे पर कोई दलील नहीं दी गई है। पीठ ने मुद्दे की गंभीरता को स्वीकार करते हुए कांग्रेस नेता जया ठाकुर की जनहित याचिका (पीआईएल) पर आपत्तियों को संबोधित करते हुए सरकार से एक विस्तृत हलफनामा देने को कहा। हालांकि सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया तैयार करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील विकास सिंह ने आगामी लोकसभा चुनावों का हवाला देते हुए मामले को जल्दी निपटाने पर जोर दिया। पीठ ने चिंताओं को स्वीकार करते हुए केंद्र की विस्तृत प्रतिक्रिया की समीक्षा होने तक अंतरिम आदेश जारी करने से परहेज किया।

'मोदी कुछ नहीं करेंगे श्रेय लेने आ जाएंगे', एससी ले जाऊंगा ज्ञानवापी और कृष्ण जन्मभूमि मामला : सुब्रमण्यम स्वामी

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। सुब्रमण्यम स्वामी ने एक ट्वीट के माध्यम से अपनी बात रखी। स्वामी का यह ट्वीट ऐसे वक्त आया है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के साथ की। इस कार्यक्रम में देशभर की तमाम हस्तियां ने भाग लिया। वरिष्ठ बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एक्स पर 23 जनवरी को लिखा, 'मैं अब ज्ञानवापी काशी विश्वनाथ मंदिर और कृष्ण जन्मभूमि मथुरा मंदिर को पुनर्स्थापित करने की अनुमति देने के लिए अपनी लंबित पूजा स्थलों की जनहित याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करूंगा। मोदी कुछ नहीं करेंगे लेकिन श्रेय लेने के लिए आ जाएंगे।' बीजेपी में रहते हुए सुब्रमण्यम स्वामी अक्सर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पार्टी के कई नेताओं के प्रति आलोचनात्मक रवैया रखने के लिए जाने जाते हैं। वो एक्स पर भाजपा नेताओं के प्रति व्यंग्य भरा ट्वीट करते रहते हैं।

एक अन्य ट्विट में स्वामी ने लिखा था, 'मोदी प्राण प्रतिष्ठा पूजा में शामिल हो रहे हैं, जबकि पूजा में उनकी स्थिति शून्य है। न ही उन्होंने अपने निजी जीवन में, खासकर अपनी पत्नी के साथ अपने व्यवहार में भगवान राम का अनुसरण किया है और न ही उन्होंने पीएम के रूप में राम राज्य के अनुसार काम किया है।' इससे पहले सोमवार को स्वामी ने एक्स पर कहा था, 'अब जबकि अयोध्या में राम मंदिर हकीकत बन गया है, एक सपना सच हो गया है, मोदी को अब राम सेतु को राष्ट्रीय विरासत स्मारक के रूप में मान्यता देने के लिए संस्कृति मंत्री प्रह्लाद पटेल द्वारा भेजी गई 6 साल से लंबित फाइल पर हस्ताक्षर करना चाहिए।' बता दें, एक तरफबीजेपी के सभी वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला था, वहीं मंदिर आंदोलन की आवाज उठाने वाले स्वामी को न्योता नहीं मिला था। इसे लेकर स्वामी ने दुख भी जताया था। नवंबर में अयोध्या पहुंचे स्वामी ने कहा था, 'मेरी खबरों को छपने नहीं दिया जाता है। मैं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं हूं। मुझे अभी तक निमंत्रण नहीं मिला है। अशोक सिंघल के कहने पर मैंने सुप्रीम कोर्ट में श्री राम मंदिर के लिए पक्ष रखा था।'

खुदाई में मिले पूर्ण कलश और 12 स्तंभ ही मंदिर होने के प्रमाण

पूर्व एएसआई अधिकारी केके मोहम्मद ने बताई खुदाई की सच्चाई



नई दिल्ली। अयोध्या राम मंदिर यानी सदियों की कहानी पर सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही विराम लग गया। हालांकि, मंदिर के सदियों पुराने सफर की चर्चाएं अब भी जारी हैं। कहा जाता है कि 70 के दशक में जब खुदाई चल रही थी, तब मंदिर के सबूत के तौर पर पहली चीज 'पूर्ण कलश' मिली थी। तब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी ॅस्ढ्ढ के दल में रहे केके मोहम्मद इस बात की पुष्टि कर चुके हैं। मोहम्मद को भी उत्तर प्रदेश के अयोध्या में आयोजित मंदिर समारोह का न्योता भेजा गया था। 1976-77 के दौर को याद करते हैं, जब अयोध्या का मुद्दा इतना बड़ा नहीं था। तब उन्होंने प्रोफेसर बीबी लाल की अगुवाई में ट्रेनी के तौर पर काम करना शुरू ही किया था। वह बताते हैं कि 12 स्तंभ नजर आए थे, जिन्हें देखकर कोई भी बता सकता था कि ये मंदिर से संबंधित हैं।

उन्होंने बताया, 'स्तंभों के निचले हिस्से में हिंदू धर्म में समृद्धि का प्रतीक माने जाने वाले पूर्ण कलश मिले। ये अष्ट मंगल चिह्नों में से एक थे। वह पहला सबूत था। इसके बाद प्रोफेसर लाल ने पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों की खुदाई की, जहां हिंदू मंदिरों की विशेषता वाली कुछ मूर्तियां मिलीं। कुछ का रूप बिगाड़ दिया गया था, लेकिन हिंदू प्रतीक साफ नजर आ रहे थे। वे दूसरा सबूत थे।' उन्होंने बताया, 'टेराकोटा की मूर्तियां तीसरा सबूत थीं। डॉक्टर लाल ने पाया कि मस्जिद के नीचे मंदिर हो सकता है।' मोहम्मद ने प्रोफेसर लाल को मिले सबूतों की वकालत भी की थी।

रिपोर्ट के अनुसार, उनका कहना है, 'प्रोफेसर लाल ने अपने काम को विशेष रूप से यह सोचकर नहीं दिखाया कि इससे लोग भड़क जाएंगे। उन्होंने इसे अकादमिक खोज के तौर पर अलग कर दिया। एक दशक के बाद मार्क्सवादी इतिहासकारों का एक समूह...एक बयान लेकर आया कि प्रोफेसर लाल को... मंदिर से जुड़ा कुछ नहीं मिला था...। प्रोफेसर लाल को अपना बचाव करना पड़ा। वे प्रेस के पास पहुंचे और अपनी खोज बताई।'

इधर, पूर्व एएसआई अधिकारी को काफी आलोचना का भी सामना करना पड़ा था। हालांकि, तमाम धमकियों को बाद भी वह अपनी बात पर अड़े रहे। उनके खिलाफ आंतरिक जांच भी बैठी और उनका गोवा तबादला कर दिया गया था।

न्यूज गैलरी

14 मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता राशि जारी

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्तियों के परिजनों हेतु आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें संजय धीवर-नदी में डूबने के कारण, नेरबाई घृतलहरे-अकाशीय बिजली, रूपा कन्नौज-बिच्छू काटने के कारण, प्रकाश तेजवानी-नहर में डूबने, रवा कर्मकार-तालाब डूबने, दयालू धीवर-आग मे जलने, आत्माराम सिन्हा-आग में जलने, कबीर चन्द्राकर-आकाशीय बिजली गिरने, विक्रम वर्मा-नहर में डूबने, संदीप यादव-तालाब में डूबने, मोहित कोसले-तालाब में डूबने, चंचला नायक-नाला में डूबने, संतराम यादव- आग में जलने और बालेक जोगी सांप के काटने के कारण मृत्यु हो गई। इन सभी मृतकों के परिजनों को प्रति हितग्राही 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई है।

यादव समाज का परिचय सम्मेलन 28 को

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन रायपुर महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन, आदर्श सामूहिक विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामाजिक विभूतियों का सम्मान मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निशुल्क 11 जोड़ा का आदर्श विवाह प्रधान कार्यालय महादेव घाट रायपुरा में 76 लाख रुपये की लागत से निर्मित सर्वसुविधा युक्त 14 कमरे का छात्रावास (छात्र एवं छात्राओं के लिए) 07 दुकानों का शापिंग काम्प्लेक्स 4600 वर्गफीट का बहुउद्देशीय सभागार, प्रबंधकारिणी समिति बैठक कक्ष कार्यालय कक्ष, 02 रसोई कक्ष एवं सुविधायुक्त स्नानागार का लोकार्पण कार्यक्रम 28 जनवरी 2024 दिन रविवार, सुबह 11 बजे से यादव सामाजिक भवन महादेवघाट रायपुरा रायपुर में रखा गया है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रदेश सचिव एवं अध्यक्ष महानगर इकाई सुन्दर लाल यादव ने दी।

आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा राजधानी शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्रतिदिन नियमित रूप से नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा स्वच्छता अभियान का विभिन्न स्थानों पर जाकर स्थल निरीक्षण कर स्वच्छता अभियान और अधिक बेहतर जनअपेक्षित रूप से बनाने स्थल समीक्षा कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दे रहे हैं। आयुक्त ने तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव गौरव पथ पहुंचकर वहां की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। भगवान श्री राम लला की अयोध्या धाम में दिव्य प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विगत दिवस संध्या को तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव पर एक दीया राम के नाम आयोजन रखकर नागरिको ने दीपोत्सव मनाया था। स्वच्छता अभियान में निरीक्षण के दौरान तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव में स्वच्छता व्यवस्था पूर्ववत कायम नहीं मिलने पर आयुक्त ने इसे लेकर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त की।

अवैध शराब बेचते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा पुलिस ने ग्राम नरदहा में अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 17 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। विधानसभा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नरदहा स्थित अटल चौक के पास एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी प्रमोद कुमार गायकवाड़ 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 17 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है।

नाबालिग लड़की हुई लापता

रायपुर/नवप्रदेश। रावाभाठा खमतराई में अज्ञात व्यक्ति ने नाबालिग लड़की को लेकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। रावाभाठा खमतराई निवासी 40 वर्षीय पीड़ित ने थाना में शिकायत किया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को अज्ञा व्यक्ति ने बहला फुसलाकर ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

'जय श्री राम' के उद्घोष से राममय हुआ दूधाधारी मठ प्रांगण

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में राम मंदिर जाने के इच्छुक लोग 'श्री रामलला दर्शन योजना' को मठपारा के दूधाधारी मठ में ''श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया, जहाँ संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों एवं दूर-दूर से रामलला के दर्शन करने आये हजारों भक्तजनों के साथ ''अयोध्या'' में ''राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा'' का लाइव प्रसारण देखा। कार्यक्रम में लगातार ''जय श्री राम'' का उद्घोष होता रहा और अपार जनसमूह ने राममय वातावरण में हर्ष उल्लास के भावावेश में नम आँखों से श्री रामलला को अपने

अयोध्या के मंदिर में प्रतिष्ठित होते देखा और नमन किया। अपार जनसमूह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ ''श्री राम'' की पूजा में शामिल हुआ। कभी हजारों हाथों ने जुड़कर प्रणाम किया तो कभी सभी के हाथ हवा में ऊपर उठ गए और कभी वही हाथ श्री राम के भजन पर मंत्रमुग्ध हो ताल देने लगे। उत्साहित भक्तजन श्रद्धा प्रतिष्ठा के पूरे कार्यक्रम के दौरान खड़े रहे और इस अद्वितीय अवसर के साक्षी बनने का गौरव हासिल किया। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा दूधाधारी मठ में पूजा अर्चना करने से हुई। श्री अग्रवाल ने कहा कि, ''ये जो उत्साह और उल्लास का वातावरण है, ये कोई व्यक्ति नहीं बना सकता। प्रभु श्री राम स्वयं आज देश को आशीर्वाद देने पधारे हैं। प्रभु राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में मैं सबको बधाई देता हूँ, प्रभु राम आये हैं।

राज्यपाल ने सुभाषचंद्र बोस को किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया। राज्यपाल ने राजभवन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस देश के स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक थे। उनके राष्ट्र के प्रति त्याग एवं बलिदान की भावना ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और दशा प्रदान की। राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण, देश को आजाद देखने की प्रबल भावना और उनके अदम्य साहस भरे कदमों ने तत्कालीन समय में देश में विशेष कर युवाओं में एक नवीन ऊर्जा एवं उत्साह का संचार किया था। वे दूरदृष्टि रखते थे और देश को स्वतंत्र कराने की रणनीति तैयार की। इसके लिए उन्होंने देश भी छोड़ दिया। नेताजी ने आजाद हिन्द फौज की कमान संभालने के बाद देश की आजादी से पहले ही अंडमान निकोबार में अस्थाई सरकार बनाई और भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। इस कदम से उन्होंने अंग्रेजो को कड़ा संदेश

दिया था कि भारत में अंग्रेजी शासन ज्यादा दिन तक नही रहेगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा''। राज्यपाल ने कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का ओजस्वी व्यक्तित्व, अभूतपूर्व संगठन क्षमता, साहस, निष्ठा एवं नेतृत्व के अद्भुत गुण हमेशा याद किए जाएंगे। उनके विचार एवं आदर्श हमारे लिए धरोहर की तरह हैं। आजादी की लड़ाई में हम उनके योगदान को कभी नहीं भूला सकते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव सहित राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी बेटियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि समाज में बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने, उनके साथ होने वाले भेदभाव के प्रति भी लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। श्री साय ने कहा कि बालिकाएं देश-प्रदेश, समाज और परिवार की शान, मान और अभिमान होती हैं।

एम्स के सैकड़ों कर्मचारी हड़ताल पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यरत 500 ठेका कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मियों का कहना है कि प्रबंधन उन्हें बिना कोई ठोस कारण बताए कार्यमुक्त कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, आउटसोर्सिंग पर कार्य कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि, एम्स रायपुर द्वारा मिशन रिक्रूटमेंट के तहत जिन पदों पर आउटसोर्स कर्मचारी हैं उन्हीं पदों कि नियमित भर्ती की गई और एम्स रायपुर द्वारा कार्यालय

आदेश जारी किया गया है, जिसमें नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति के पहले आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवा बंद करना का आदेश जारी किया गया है और एम्स प्रशासन द्वारा हमारे अनुभव और सेवाओं को अनदेखा किया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि, मिशन रिक्रूटमेंट के तहत जहां एक तरफ रोजगार देने की बात की जा रही है, वही दूसरी ओर एम्स प्रशासन के द्वारा वर्षो से कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को बेरोजगार किया जा रहा है, जिससे हम कर्मचारियों में असंतोष और भय व्याप्त है कि हम अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे करेंगे। जानकारी के मुताबिक इन कर्मचारियों ने एम्स निदेशक से भी इस मुद्दे पर बातचीत की लेकिन जब कोई रास्ता नहीं निकला तो कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गए है।

राज्य वीरता पुरुस्कार से समानित होंगे 4 बच्चे

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य के चार बच्चों को राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जूरी (निर्णायक मंडल) की बैठक ली है। 26 जनवरी को जिन बच्चों को यह पुरस्कार दिया जाएगा, उनमें सरगुजा जिले के मास्टर अरनव सिंह पिता सुरेश कुमार सिंह, दुर्ग जिले के मास्टर ओम उपाध्याय पिता नीरज उपाध्याय, रायपुर जिले के मास्टर प्रेमचंद साहू पिता सुकदेव साहू और

मास्टर लोकेश कुमार साहू पिता सुखनंदन साहू शामिल हैं। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए चयनित बालकों को 25 हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 16 वर्षीय मास्टर अरनव सिंह कक्षा 11 में अध्ययनरत हैं। उन्होंने डेंगिग यार्ड में लगी भीषण आग से सो रहे तीन व्यक्तियों और चौकीदार को जगाकर बचाने का साहसिक कार्य किया है। इसी तरह 16 वर्षीय मास्टर ओम उपाध्याय कक्षा 10वीं में अध्ययनरत हैं। उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए कुत्ते से लड़ते हुए बच्चों को कुत्ते के काटने से बचाया है। 9 वर्षीय मास्टर प्रेमचंद साहू कक्षा चौथी में अध्ययनरत हैं और 13 वर्षीय लोकेश साहू कक्षा 7वीं में अध्ययनरत हैं, उन्होंने चंपारण में पानी में डूबते हुए बच्चे को बचाने का साहसिक कार्य किया है। बैठक में प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते, महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी, एआईजी एम. एल. कोटवानी, महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक तुलिका प्रजापति उपस्थित थी।

धान खरीदी केन्द्रों में अफरा-तफरी खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के सार्वजनिक आश्वासन के बाद भी अभी निर्धारित तिथि 31 जनवरी तक धान खरीदी का लक्ष्य पूरा कर वाहवाही लूटने के चक्कर में प्रशासन द्वारा दिये जा रहे अव्यवहारिक फरमानों से धान उपार्जन केन्द्रों में अफरा-तफरी मच गया है।

हमालों की समस्या के बीच प्रतिदिन खरीदी का लक्ष्य बढ़ाते जाने के चलते जहां खरीदी गड़बड़ा गयी है।

प्रभावी परिवहन न होने से केन्द्रों में धान जाम होने से अधिकांश केन्द्रों में खरीदी भी ठप्प होने के कगार पर है प्रशासनिक रवैया के चलते खरीदी तिथि न बढ़ने की आंशका की वजह से किसानों में केन्द्रों तक धान पहुंचाने की होड़ मच गयी है तो निर्धारित लक्ष्य को पूरा न कर पाने पर कार्यवाही के भय से केन्द्रों के प्रभारी दहशत में है। स्थिति को देखते हुये अविलंब 15 फरवरी तक खरीदी तिथि बढ़ाये जाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व मुख्य सचिव अमिताभ जैन को मेल से आज मंगलवार को ज्ञापन भेज किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने की है। प्रदेश में सत्तासीन रहे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लेते हुये प्रत्येक केन्द्रों के लिये प्रतिदिन निर्धारित मात्रा में धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया था। सत्ता परिवर्तन के बाद सत्तारूढ़ हुये भाजपा के मुख्यमंत्री ने आवश्यकता होने पर खरीदी तिथि बढ़ाने की सार्वजनिक आश्वासन दी थी पर अभी तक अधिकृत घोषणा नहीं हो पाया है। आश्वासन को अभी तक अमलीजामा नहीं पहनाये जाने व प्रशासन द्वारा प्रतिदिन खरीदी के निर्धारित लक्ष्य को बढ़ाते जाने से केन्द्रों में अफरातफरी मच जाने की जानकारी प्रेषित ज्ञापन में देते हुये शर्मा ने लिखा है कि इसकी वजह से किसानों व केन्द्र प्रभारियों को संदेश जा रहा है कि खरीदी तिथि नहीं बढ़ेगी जिसकी वजह से मारामारी की स्थिति बनने लगी है।

द ग्रेट इंडिया स्कूल में मनी सुभाषचंद्र बोस जयंती

रायपुर/नवप्रदेश। द ग्रेट इंडिया स्कूल में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर विद्यालय परिसर में स्थित नेताजी के आदमकद प्रतिमा पर समस्त छात्र-छात्राओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भाव-भीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक आचार्य सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी विद्यार्थियों को नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी के शौर्य के किस्से व भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में किए गए उनके महत्वपूर्ण योगदानों को बताये गए कि कैसे नेताजी देश सेवा

के लिए आजाद हिन्द फौज की स्थापना किए, जो मातृभूमि की स्वतन्त्रता के लिए समर्पित रहे। इसके साथ ही प्रथम की भावना के साथ हमेशा राष्ट्र के लिए समर्पित रहे और अपनी अंतिम सांस तक देश की आज़ादी के लिए लड़ते रहे, और इसी उद्देश्य की पूर्ति के संस्थापक ने कहा कि हमें नेताजी के गुणों से सीख लेकर देश प्रेम की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूर्ण जिम्मेदारी पूर्वक करनी चाहिए।

रावतपुरा यूनिवर्सिटी में खेल महोत्सव 29 जनवरी से

रायपुर/नवप्रदेश। रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में परिकल्पना को पूर्ण करने में अग्रसर है। विश्वविद्यालय 29 जनवरी से सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव आरोहण-2024 का आगाज करने जा रहा जिसका समापन 4 फरवरी को होगा। इस महोत्सव में विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और विद्यालय के न्यूनतम 15 वर्ष आयु के सभी विद्यार्थी भाग ले सकते है। इस महोत्सव में राज्य के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री भी

करेंगे शिरकत। लाइव कॉन्सर्ट में बॉलीवुड की मशहूर युवा गायिका पावनी पाण्डेय अपने सुरों से करेंगी एंटरटेनमेंट। 29 जनवरी को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय केबिनेट मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल मशाल जलाकर आरोहण-2024 को करेंगे आरंभ। निर्धारित आयोजन के अनुसार 29 जनवरी से कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, वालीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, खो-खो, आर्चरी, कैरम, शतरंज, योग, लांग व हाई जंप, शार्ट व मिडिल व लांग डिस्टेंस रेस, रिले व हर्डल रेस, जेवलिन थ्रो खेल में प्रदेश व अन्य प्रदेश के खिलाड़ी विद्यार्थी भी भाग लेंगे। म्यूजिकल इवेंट में गायन एवं वादन की स्पर्धा, एकल एवं रूप डांस स्पर्धा, सोलो और ग्रुप प्ले (नाट्य) स्पर्धा, फ़ाइन आर्ट के तहत रंगोली, पेंटिंग और कोलाज स्पर्धा का आयोजन होगा। विद्यार्थियों के लिए तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता भी रखी गई है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा प्रतिदिन शाम में 3 से 4 बजे तक इनहॉउस सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। 4 फरवरी को समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को करेंगे सम्मानित। अंत में सुप्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका पावनी पाण्डे प्रस्तुति देंगी।

रायपुर रीजन बना चैंपियन

■ कोरबा पूर्व ने कड़े मुकाबले में बनाया दूसरा स्थान

रायपुर/नवप्रदेश। पॉवर कंपनीज़ अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर सेंट्रल की टीम विजेता रही। रायपुर सेंट्रल की टीम ने कोरबा पूर्व की टीम को कड़े मुकाबले में तीन विकेट से हराया। पॉवर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया। मेन आफ द टूर्नामेंट रोहित वर्मा रहे। इस उपलब्धि के लिए पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ने पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के क्रीड़ा एवं कला परिषद हर साल विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन करता है, इसके आयोजन का दायित्व प्रदेशभर के विभिन्न क्षेत्रीय कमेटियों को दिया जाता है। अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा के आयोजन का दायित्व बिलासपुर को दिया गया था। इस आयोजन में प्रदेशभर के सभी क्षेत्रों की टीम ने हिस्सा लिया। क्रिकेट का फाइनल मुकाबला रायपुर सेंट्रल और कोरबा पूर्व की टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोरबा पूर्व की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 148 रन बनाए। कोरबा पूर्व के सुदेश्वर प्रसाद देवांगन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 10 चौकों की सहायता से 56 रन बनाए। रायपुर सेंट्रल की टीम ने 149 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरुआत की। ऐश्वर्य पाठक ने महज 14 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के जड़े और 40 रन बनाए। विश्वास वैष्णव ने तीन छक्के लगाए और 18 रन बनाए। इस तरह रायपुर सेंट्रल की टीम ने 19 ओवर में 7 विकेट खोकर इस जीत के लक्ष्य को पूरा कर लिया। समापन समारोह में मुख्य अभियंता श्री एके धर एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर श्री हिमांशु जैन ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी सौंपी। फाइनल मैच में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब रायपुर सेंट्रल के खिलाड़ी श्री रोहित वर्मा को दिया गया।

कोटा में बना विश्व रिकॉर्ड, बसंत अग्रवाल की अगुवाई में 11,11,000 दीप प्रज्वलित

■ भारी आतिशबाजी सहित झांकी प्रस्तुत

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर के कोटा स्थित राम कथा कार्यक्रम स्थल पर समाजसेवी बसंत अग्रवाल की अगुवाही में लाखो श्रद्धालुओं द्वारा शाम 7 बजे 11 लाख 11 हजार दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री राम की महाआरती की गई। इस मौके पर संत श्री राजीवलोचन दास सहित प्रांत संघ चालक डॉ पुरेंदु सक्सेना, प्रांत सह संघ चालक टोपलाल वर्मा, नगर संघ चालक रमेश अग्रवाल, नगर कार्यवाहक नागेश्वर सोनी, वरिष्ठ स्वयं सेवक विजय कुमार प्रजापति, चंदन अग्रवाल, श्यामबिहारी

किसी निजी व्यक्ति द्वारा विश्व में पहली बार यह आयोजन किया जा रहा है, जो की छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए बेहद गौरवशाली कार्यक्रम है। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया की महाआरती के पश्चात राम भक्त हनुमान द्वारा सीना चीरकर भगवान राम एवं माता सीता की भव्य झांकी का प्रदर्शन किया गया, कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान कलकत्ता से आए कलाकारों द्वारा तकरीबन 2 घंटो तक रंगबीरंगी आतिशबाजी की गई।

शर्मा, बस्तर नरेश कमलचंद, नंदन जैन, रमेश बंसल, आजाद गुर्जर, हेमंत साहू, सोमदत्त मिश्रा, दीपक अग्रवाल, कान्हा अग्रवाल, उपस्थित रहे। आपको बता दे की यह कार्यक्रम गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा।

राम की भक्ति में डूबे बसंत विहार कॉलोनीवासी

रायपुर/नवप्रदेश। राम की नगरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा होते ही पूरा रायपुर प्रभु राम की भक्ति में डूबा रहा। इसी तरह गोंदवारा में बसन्त विहार कालोनी स्थित कैलाश गिरी शिव मंदिर समिति व तथा पूजन पश्चात भण्डार भी रखा गया। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कालोनी के सभी मंदिर को आकर्षक लाइट फूलमाला से सजाया गया था। मंदिरों को भगवा ध्वज से पाट दिया गया था।

चारों तरफ भगवा ध्वज लहरा रहे थे

वहीं, शहर में चारों तरफभगवा ध्वज लहरा रहे थे। ऐसा लग रहा था कि कालोनी अयोध्या नगरी बन गया हो। प्रांत प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या में हुए पूजन आरती के सभी कॉलोनी वासी साक्षी बने। इसके साथ ही साथ सभी सनातनियों द्वारा अपने-अपने घर में भी दीप जला रखे थे जिस शहर जगमगा रहा था। वह बीच-बीच में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित लोगों द्वारा पटाखे भी फोड़े गये। शीतला मन्दिर में रामभय हो गया। दिनभर चारों ओर राम धुन की सुनाई पड़ रही थी। जिससे वहां का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय में हो उठा था। कैलाश गिरी शिव मंदिर में राम कथा सुंदरकांड राम धुन का दौर चला। अयोध्या में हुई राम लला की आरती के साथ यहां भी आरती किया गया

संपादकीय

विवादास्पद बयानबाजी से परहेज करें विपक्षी नेता

अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह निर्विघ्न संपन्न हो गया। पूरा देश राममय हो गया था। 22 जनवरी की तिथि इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ गई। रामलला की स्थापना के बाद देशभर में दीपावली मनाई गई। इसी के साथ अब कायदे से तो अयाध्या में रामलला की स्थापना को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद का पटाक्षेप हो जाना चाहिए, किन्तु दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पा रहा है। विपक्ष के कई नेता अभी भी प्रतिष्ठा समारोह को लेकर विवादास्पद बयानबाजी कर रहे है। यहीं नहीं बल्कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य अतिथि बनने पर भी सवालिया निशान लगा रहे है। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने के पूर्व न सिर्फ पूजा-अनुष्ठान किया बल्कि उपवास भी किया। उन्होंने स्वयं को प्राण प्रतिष्ठा के योग्य बनाया। इस पर भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे ने अनर्गल बयानबाजी की थी। उनका कहना है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। यहां के प्रधानमंत्री को देश हित में काम करना चाहिए न कि मंदिर-मंदिर घूमना चाहिए। अन्य विपक्षीय नेताओं ने भी इसी तरह के विवादास्पद बयान दिए और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भाजपा का राजनीतिक आयोजन करार देकर इस कार्यक्रम से दूरी बना ली थी। निमंत्रण मिलने के बावजूद वे नहीं गए ये उनका निजी मामला है। क्योंकि उनका कहना है कि धर्म व्यक्तिगत मामला है। हालांकि ऐसे नहीं है विपक्ष के नेता बेशक आमंत्रण के बावजूद अयोध्या नहीं गए लेकिन उन्हें अब इस आयोजन को लेकर व्यर्थ का बवाल खड़ा करने से बचना चाहिए। पूरा देश जिस तरह राम की भक्ति में डूबा। जय श्री राम के जयकारों से पूरा आसमान गूंज उठा, न सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया के कई देशों में 22 जनवरी को रामोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विपक्ष के नेताओं को जन भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और इस मुद्दे पर अब राजनीति करना बंद कर देना चाहिए अन्यथा आगामी लोकसभा चुनाव में उन्हें इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ सकता है। विपक्ष के नेताओं का यह आरोप है कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भाजपा ने राजनीति की है। यह आरोप अगर सही भी है तो भी इसमें क्या बुराई है। भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसने अपने चुनावी घोषणा पत्र में अयोध्या में राम मंदिर बनाने का संकल्प व्यक्त किया था। अपने उसी संकल्प को मुर्त रुप देकर राम मंदिर बना दिया और रामलला की मूर्ति भी स्थापित कर दी। यदि वह इसका राजनीतिक लाभ उठाती है तो इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले विपक्षीय दलों के नेता अपनी खीज मिटाने के लिए अभी भी विवादास्पद टीका-टिप्पणी करने से बाज नहीं आ रहे है। दरअसल उन्होंने यह मान लिया है कि अयोध्या में रामलला के विराजमान हो जाने के बाद अब भाजपा बहुसंख्यक हिन्दुओं के वोट पर कब्जा कर लेगी। यही वजह है कि वे इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। और उल्टे भाजपा पर राजनीति करने का आरोप लगा रहे है। जाहिर है इस तरह की बयानबाजी करके वे अपनी ही पार्टी का नुकसान कर रहे है। ऐसे बयानवीर नेताओं को उनकी पार्टी का हाई कमान पता नहीं क्यों यह निर्देश नहीं दे रहा है कि वे जुबानदराजी करने से बाज आए। यदि अभी भी विपक्ष के नेता खिसीयानी बिल्ली की तरह खंभा नोचते रहे तो आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष की इन पार्टियों को जनता जरुर सबक सिखाएगी। बेहतर होगा कि ऐसे नेता अब सुधर जाए और रामलला को लेकर विवादास्पद बयानबाजी से तौबा कर लें। यह न सिर्फ उनके हित में होगा बल्कि उनकी पार्टियां का भी इसी में हित है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विपक्ष के ऐसे बड़बोले नेताओं को समय रहते अक्ल आ जाएगी।

प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अविस्मणीय पल की साक्षी बनी दुनियां

हजारों वर्षों, पीढ़ियों तक 22 जनवरी 2024 को याद रखा जाएगा

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर ऐसा कोई उत्सव शायद ही पूरी दुनियां में किसी ने देखा या सुना हो जैसा भारी उत्साह सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024 को भारत के कोने-कोने से लेकर पूरी दुनियां के कोने-कोने में धूम रही। अमेरिका फ्रांस मॉरीशस ताइवान से लेकर नेपाल तक भारी उत्साह रिपोर्ट किया गया है। अनेक राज्यों में पूरी तरह बंद का माहौल देखने को मिला। मैं बता दूं कि हमारी छोटी सी राइस सिटी गोंदिया नगरी में 22 जनवरी 2024 को सुबह से रात तक मैंने करीब करीब हर मंदिर गुरुद्वारा दरबार में ग्राउंड रिपोर्टिंग किया, तो मैं बेहद उत्सहा देखकर हैरान रह गया क्योंकि मेरी पूरी जिंदगी में या फिर 85 वर्ष प्लस बुजुर्गों से भी बात की तो उन्होंने अपनी जिंदगी में ऐसा उत्साह कभी नहीं देखा था। भारत या पूरी दुनियां में एक प्रथा है कि अपने-अपने धार्मिक लोग उसे समाज तक ही सीमित रखकर मनाया जाता है। परंतु पूरे विश्व में शायद यह पहली बार हुआ होगा की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव पूरी दुनियां ने एक होकर का भारी उत्साह से मनाया जो अविस्मणिया पल बन गया,इस दिन को हजारों वर्षो पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा जैसे हजारों वर्ष पूर्व मूलत अयोध्या में 14 वर्षो के वनवास के बाद प्रथम बार प्रभु श्री राम अयोध्या आए थे तो उनका जोरदार स्वागत हुआ था हुआ था, जिसकी पुनरावृत्ति समय चक्र ने पूरी पारदर्शिता के साथ कर दी है। इसको हजारों वर्षो पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। चूंकि प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की अविस्मरणीय बल्कि साक्षी पूरी दुनियां बन गई है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, देश-विदेश के हर मंदिर में गजब का उत्साह, पूरी दुनियां में भजन कीर्तन से झूम उठे भक्तगण। साथियों बात अगर हम इस अविस्मणीय पल की साक्षी अमेरिका सहित पूरी दुनिया की करें तो, अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विराजने की खुशी केवल देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है। अमेरिका में न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से एक दिन पहले ही रविवार (21 जनवरी, 2024) को लोग प्रभु राम के रंग में नजर आए।न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर पर भगवान राम की तस्वीर देख भारतीय प्रवासी झूम उठे। परदेश में अपने देश की सांस्कृतिक विरासत और सनातन पर गर्व करते हुए श्री राम के भजन गाए और जयकारे लगाए। यहाँ भारतीय लोग पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने, हाथों में राम जी की तस्वीर वाले भगवा झंडे लिए, झूम-झूम के रामलला का गुणगान कर रहे थे। इसके साथ ही ढोल-नगाड़ों संग एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम' जयकारा लगाता नजर आए।इस संबंध में यूके में भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा,भारतीय प्रवासियों ने राम मंदिर, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शानदार उत्सव के साथ टाइम्स स्क्वायर को रौशन किया। पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने हुए लोगों ने भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करते हुए जीवंतता और एकता के साथ भजन और गीत गाए।अमेरिकी मेयर ने दी शुभकामनाएँवहीं अमेरिका में मैसाचुसेट्स के वॉर्सेस्टर शहर के मेयर जो पेटी ने भी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के लिए हिंदू समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। वो इस मौके पर खुद भी मौजूद रहे।बताते चलें कि केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया के अन्य मुल्कों में भी राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। यूके, फ्राँस, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में मंदिरों खास कार्यक्रम और कार रैलियाँ हो रही हैं।नेपाल के जनकपुर में सीताजी के मायके में प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिर को रोशनी से सजाया गया है। मॉरिशस में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 2 घंटे का स्पेशल ब्रेक है। मॉरिशस के सारे मंदिर में दीए जलाए जाएँगे। सभी में राम के नाम का जाप होगा।प्राण प्रतिष्ठा से पहले ताइवान के इस्कॉन में रविवार भजन-कीर्तन किया गया। वहीं इंग्लैंड के मंदिरों में खास कार्यक्रम और कार रैलियाँ हो रही है तो फ्रांस के पेरिस में एफिल टावर तक बड़ी रामरथ यात्रा निकाली जा रही है। यहीं नहीं इससे पहले विश्व कल्याण का यज्ञ भी हुआ।कनाडा के ओन्टारियो राज्य के ब्रॉम्पटन और ओकविल में 22 जनवरी को राम मंदिर डे का ऐलान किया है। ब्रॉम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने कहा कि राम मंदिर बनने से हिंदुओं का सदियों पुराना सपना पूरा हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया में भी मंदिरों में खास कार्यक्रम और रैलियाँ की जा रही है। साथियों बात अगर हम 22 जनवरी 2024 के प्राण प्रतिष्ठा समारोह माननीय पीएम से कराया गया जिसमें अपने संबोधन की करें तो उन्होंने कहा, आज जिस तरह राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के इस आयोजन से पूरा विश्व जुड़ा हुआ है, उसमें राम की सर्वव्यापकता के दर्शन हो रहे हैं। जैसा उत्सव भारत में है, वैसा ही अनेकों देशों में है। आज अयोध्या का ये उत्सव रामायण की उन वैश्विक परम्पराओं का भी उत्सव बना है। रामलला की ये प्रतिष्ठा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के विचार की भी प्रतिष्ठा है।प्रभु श्रीराम की हमारी पूजा, विशेष होनी चाहिए। ये पूजा, स्व से ऊपर उठकर समष्टि के लिए होनी चाहिए। ये पूजा, अहम से उठकर वयम के लिए होनी चाहिए। प्रभु को जो भोग चढ़ेगा, वो विकसित भारत के लिए हमारे परिश्रम की पराकाष्ठा का प्रसाद भी होगा। हमें नित्य पराक्रम, पुरुषार्थ, समर्पण का प्रसाद प्रभु राम को चढ़ाना होगा। इनसे नित्य प्रभु राम की पूजा करनी होगी, तब हम भारत को वैभवशाली और विकसित बना पाएंगे।

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री, भारत सरकार

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर। आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र जी से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानि समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा

जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं।

उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है!

कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानि जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठा हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फ्टा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर जी ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें। लेकिन कर्पूरी जी तो कर्पूरी जी थे। उन्होंने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।

सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था।

अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया। क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।

कर्पूरी ठाकुर जी की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए भी कई अहम कदम उठाए।

Democracy, Debate और Discussion तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा था। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। जेपी, डॉ. लोहिया और चरण सिंह जी जैसी विभूतियां भी उनसे काफी प्रभावित हुई थीं।

समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। यह सही तरीके से आगे बढ़े, इसके लिए पूरा एक तंत्र तैयार किया था। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। वे समाज के सबसे पिछड़े वर्ग से थे, लेकिन काम उन्होंने सभी वर्गों के लिए किया। उनमें किसी के प्रति रत्तीभर भी कड़वाहट नहीं थी और यही तो उन्हें महानता की श्रेणी में ले आता है।

हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देशभर में सकारात्मक बदलाव आया है। भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही थी कि कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। कर्पूरी जी के विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जी जरूर गौरवान्वित होते। गरीबी से बाहर निकलने वालों में समाज के सबसे पिछड़े तबके के लोग सबसे ज्यादा हैं, जो आजादी के 70 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे।

हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से OBC, SC और ST समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर जी के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने SC, ST और OBC Reservation का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कि कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। कुछ समय पहले शुरू की गई पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी।

पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेकों लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर जी को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के अपने कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1742 जर्मन नेताओं ने चार्ल्स सातवे को अल्बर्ट का सम्राट का चुना।1848 जेम्स डब्ल्यू मार्शल ने कैलिफ़ोर्निया के कोलोमा में सटर मिल में सोने की खोज की, जिससे कैलिफोर्निया गोल्ड रश में चला गया। 1848 कैलिफोर्निया गोल्ड रशः जेम्स डब्लू मार्शल कोलोमा ने कैलिफ़ोर्निया के सुटर मिल में सोने की खोज की। 1857 कलकत्ता विश्वविद्यालय, भारतीय उपमहाद्वीप का पहला आधुनिक विश्वविद्यालय, कलकत्ता में स्थापित किया गया था। 1859 230 मीटर गहराई तक तेल के लिए खोदे गये कुएं से पहली बार तेल निकला। 1900 दूसरा बोअर युद्धः बोअर बलों ने स्पाइस कोप की लड़ाई में लाडस्मिथ की घेराबंदी को तोड़ने के ब्रिटिश प्रयास को रोक दिया।1924 रूस के सेंट पीट्सबर्ग शहर का नाम बदलकर लेनिनग्राद किया गया। 1936 अलबर्ट सैरुएट फ्रांस के प्रधानमंत्री बने। 1939 चिली में भूकंप से 30 हजार लोग मारे गए। 1950 जन गण मन, अधिनायक जय हे को भारत के राष्ट्रगान का दर्जा मिला। 2003 भारत और फ्रांस के बीच प्रत्यर्पण संधि हुई।

QUIZ TIME

1) ईस्ट इंडिया का पुराना नाम क्या था?

2) प्रसिद्ध दस राजाओं का युद्ध दाशराज युद्ध किस नदी के तट पर हुआ था?

3) दीपावली पर किया जाने वाला बुंदेलखंड का पारंपरिक नृत्य कौन-सा है?

4) मिल्खा सिंह को फ्लाइंग सिख नाम से किसने सम्मानित किया था?

5) सेबी के कार्यकारी निदेशक के रूप में हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जॉन कम्पनी (2) परुष्णी (3) दिवारी नृत्य (4) पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान (5) जी राममोहन राव

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:20, सूर्यास्त : 05:58, चन्द्रोदय : 15:24, चन्द्रास्त : 30:20

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : पुनर्वसु, योग : वैधृति, प्रथम करण : कौलव (08:12 तक), द्वितीय करण : तैतिल (20:39 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : मिथुन, मंगल : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:50, अमृत काल : 19:50 से 21:31, रवियोग : 07:12 से 30:26, विजय मुहूर्त : 14:14 से 14:56, गोधूलि मुहूर्त : 17:43 से 18:10, सायाह्न सन्ध्या : 17:45 से 19:06, निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:55, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:50 से 11:09, होमाहुति : चन्द्र, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : पश्चिम, शिववास : नन्दी पर (20:39 से भोजन में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन भी आपको सुख शांति की अनुभूति होगी।

वृषः आज के दिन आपमे संतोषी वृति रहने से मानसिक रूप से शांत रहेंगे।

मिथुनः आज के दिन आप काल्पनिक दुनिया मे खोये रहेंगे आज आपके विचार जितने बड़े होंगे उनकी अपेक्षा कर्म नही करेंगे।

कर्कः आज का दिन आपके लिए अशुभ रहेगा। आज जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे उसी में विघ्न-बाधाएं आएंगी कार्य व्यवसाय में भी आज छोटी सी गलती बड़ा नुकसान कराएगी सतर्क रहें।

सिंहः आज का दिन भी आपके लिए लाभदायक रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र पर आज ज्यादा प्रतिस्पर्धा ना रहने से इसका भरपूर लाभ उठाएंगे।

कन्याः आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा दिन को ज्यादा खुशनुमा बनाने में परिजनों के साथ ही मित्र रिश्तेदारो का भी सहयोग मिलेगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए थोड़ा भाग दौड़ वाला रहेगा। फिर भी आज किसी मनोकामना पूर्ति ना होने से निराश हो सकते है।

वृश्चिकः आज का दिन भी आपके लिए विपरीत फलदायक रहेगा। सेहत के विषय मे आज अधिक ध्यान रखना पड़ेगा लापरवाही करने पर आगे परिणाम गंभीर बन सकते है।

धनुः आज के दिन आप घरेलू कार्यो में ज्यादा व्यस्त रहेंगे प्रातः काल से ही कही बाहर पर्यटन अथवा रिश्तेदारी में जाने की तैयारी रहेगी।

मकरः आज का दिन आपके लिए बेहद खर्चीला रहेगा लेकिन धन की आमद भी अकस्मात हो जाने से खर्च अखरेंगे नही।

कुंभः आज के दिन आपका स्वभाव कुछ रूखा रहेगा। घर हो या बाहर अपनी जिद के आगे किसी की नही चलने देंगे जिससे परिजनों के साथ अन्य लोगो को भी परेशानी में डालेंगे।

मीनः आज के दिन आप ना चाहते हुए भी कलह के प्रसंगों में पड़ सकते है अथवा आज किसी ना किसी के द्वारा आपकी आलोचना अवश्य की जाएगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -313

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 312 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्ब			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		र्दा		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

न्यूज गैलरी

गणतंत्र दिवस समारोह में शोभा का चयन

कुम्हारी/नवप्रदेश। नगर पालिका की महिला सफाई कर्मी 26 जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड समारोह में शिरकत करेंगी। चयनित स्व-सहायता समूह की शोभा चक्रधारी पिछले कई वर्षों से नगर पालिका में सफाई सुपर वाइजर का कार्य कर रही हैं। इनका चयन भारत सरकार की ओर से किया गया है। इन स्व-समूह की महिला को गणतंत्र दिवस परेड में विभागीय खर्च पर दिल्ली ले जाया जायेगा। स्व-सहायता की महिला चयन होने के बाद काफी खुश हैं। चयन कर गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए केंद्र सरकार ने आमंत्रित किया है। इनके चयन होने के बाद पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर एवं मुख्य अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

आज बेटियों के लिए दौड़ेगा शहर

दुर्ग/नवप्रदेश। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत 24 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर समय प्रातः 8 बजे से एक दौड़ बेटियों के नाम आयोजित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के मध्य उच्च शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाकर खेलों में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए बालिकाओं के मध्य दौड़ आयोजित कराया जाना है, जो की सेक्टर-9 चौक से प्रारंभ होकर सिविक सेंटर चौक से पुनः सेक्टर-9 चौक में समापन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद एवं विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (लोगों) का हाइड्रोजन बैलून उड़ाकर एवं हरी झण्डी दिखाकर रथ रवाना होगा।

कलेक्टर ने किया स्टेडियम का निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग की मौजूदगी में गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में रविशंकर स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गाड़ियों की पार्किंग, झांकी के एंट्री-एक्जिट प्लान एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी तैयारियों को समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के संबंध में अंतिम रिहर्सल किया जाएगा। कलेक्टर ने स्थल पर मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, गोकुल रावटे, अश्वनी देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

10 से अधिक अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा भू माफिया और अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध शिव पारा, स्टेशन मरोदा में दूसरे दिन भी बड़ी कार्यवाही की गई। अब तक शिवपारा में 10 से अधिक अवैध कब्जे तोड़े गए। आज कुल 30 हजार स्क्वायर फीट भूमि को कब्जामुक्त किया गया। बीआरपी (वर्तमान में एसआरयू) प्लांट के पीछे शिवपारा, स्टेशन मरोदा, रेलवे ट्रैक के किनारे भी भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अवैध कब्जाधारियों और भू माफियाओं के विरुद्ध अभियान जारी रहा। इस अभियान में प्रवर्तन विभाग के साथ भूमि विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कलेक्टर ने ली अफसरों, विभिन्न कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारी, धान खरीदी, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, मतदाता सूची में संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य, समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार गहन समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर चौधरी ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी हेतु अधिकारियों को सौंपे गये कार्यों के अनुरूप संपूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को प्रातः 9 बजे गणतंत्र दिवस रिहर्सल में सभी अधिकारियों की उपस्थिति जरूरी है। गरिमा के अनुरूप देश-भक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हो। इस अवसर पर प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने के लिए चयन सूची का समिति द्वारा भली-भांति जांच कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा झांकियों की प्रस्तुति होना है वे वाहन की उपलब्धता के लिए जिला परिवहन अधिकारी को अवगत कराए।

केप कव्हर की व्यवस्था व रकबा समर्पण पर जोर

धान खरीदी की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिले के 92 प्रतिशत किसान धान बेच चुके हैं, वहीं 88 प्रतिशत् किसानों ने रकबा समर्पण किया है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने प्रतिकूल मौसम को ध्यान में रखते हुए खरीदे गये धान को सुरक्षित रखने केन्द्रों में डेनेट व्यवस्था और केप कव्हर की समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो किसान अभी तक धान नहीं बेच पाये है, उस पर राजस्व विभाग की टीम नजर रखे। वहीं जो किसान अपने उपार्जित धान बेच चुके हैं वे किसी दूसरे का धान और दोबारा ना बेच सकें। ऐसे किसानों का रकबा समर्पण किया जाए। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण में नियुक्त नोडल अधिकारी को इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य नियंत्रक को पंजीकृत ट्रेडर्स का स्टॉक जांच कराने और 10 जनवरी तक कटे डीओ के आधार पर धान का उठाव हेतु मिलर्स का सत्यापन कराने निर्देशित किया।

राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य

कलेक्टर द्वारा राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य समीक्षा के दौरान खाद्य नियंत्रक ने अवगत कराया कि 25 जनवरी से 29 फरवरी तक राशन कार्ड नवीनीकरण होना है। उचित मूल्य दुकान स्तर पर राशन कार्ड नवीनीकरण हेतु एप खाद्य अधिकारी/खाद्य नियंत्रक मॉड्यूल में उपलब्ध होगा। एप एन्ड्राइड आधारित मोबाईल/टेबलेट में सफलतापूर्वक इंस्टॉल कर खाद्य पोर्टल में उपस्थित लिंक द्वारा हितग्राही स्वयं आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्टर चौधरी ने सभी जनपद सी.ई.ओ. को शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशनकार्ड नवीनीकरण आवेदन के संबंध में आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।

टेस्टिंग के दौरान ही खुली पाइप लाइन की पोल, जगह-जगह लीकेज

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। विकासखंड के ग्राम पंचायत करगा के आश्रित ग्राम गभरा में 3 साल में पानी टंकी बनकर तैयार हुआ है। काफी इंतजार के बाद पानी टंकी को टेस्टिंग का काम शुरू हुआ। लेकिन जैसे ही टंकी कंपनी पाइप लाइन के माध्यम से घर घर बन नल पोस्ट के क्नेशन से जोड़ा गया थी जगह जगह से पाइप लाइन में लीकेज होने लगी। अब फिर से ग्रामीणों को अपने घर से पानी पाने के लिए इंतजार करना पड़ेगा। ग्रामीणों का आरोप है की ठेकेदार ने घटिया पाइप लाइन बिछाई है। अभी टेस्टिंग में ये हाल है तो जब पूरे दिन पानी चलेगा तो पाइप लाइन का क्या हाल होगा । पहले से अधूरे पानी टंकी के कारण ग्रामीण काफी आक्रोशित थे। अब पाइप लाइन में लीकेज से ग्रामीणों के घर घर पानी देने की योजना पर पानी फिरता नजर आ रहा है। वही गांव में पाइपलाइन भी बिछाया तो गया है लेकिन अभी भी 25 से 30 घरों में पाइप लाइन का कनेक्शन ही नहीं दिया गया है । बहुत दिनो बाद ग्राम गभरा में जो पानी टंकी का निर्माण तो पूरा हुआ। पानी टंकी से पाइप लाइन बिछाते हुए घर घर नल पोस्ट गए हैं । इसके माध्यम से पानी देने की मांग ग्रामीण कर रहे थे। ठेकेदार द्वारा टंकी से पानी देने के लिए पाइप की टेस्टिंग किया गया। पाइपलाइन की टेस्टिंग के दौरान घटिया पाइप क्वालिटी की पोल खोलने लगी। बताया जा रहा कि चार पांच जगह पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है । जिसके कारण से पानी गली में बहने लगा, अब उसे ही मरम्मत किया जा रहा हैं। सरपंच रूपेश चंद्राकर, उपसरपंच यशपाल आडिल, टोपराम वर्मा, गणेश निषाद, गुहरी यादव, मंथिर साहू, दीपेश बंजारे,पुन्नी कुर्रे, राजकुमारी यदु, कांति साहू, कुशला आडील, दिलेश्वरी वर्मा, ढालेश्वरी वर्मा, सहित ग्रामीणों ने बताया की पानी टंकी शुरू नही होने से पेयजल की दिक्कत गर्मी में हो जायेगी।

28 को फ्लावर शो

नव प्रदेश संवाददाता

महापौर व आयुक्त ने अधिकारियों को दिये निर्देश

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत निगम द्वारा शहर के राजेन्द्र पार्क में फ्लावर शो का आयोजन किया जा रहा है। राजेंद्र पार्क में फ्लावर शो आयोजित किया जाएगा. इस फ्लावर शो में हजारों प्रजातियों के फूलों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी.फ्लावर शो की तैयारियों को लेकर अधिकारी जूटे हुए है।महापौर धीरज बाकलीवाल व पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा ने बताया कि 28 जनवरी को राजेन्द्र पार्क में फ्लावर शो का भव्य आयोजन किया जा रहा है। फ्लावर को लेकर राजेन्द्र पार्क में बैठक कर पार्क का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि 24 जनवरी से रजिस्ट्रेशन कार्य शुरू किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी सुबह 9:30 से शाम 5 बजे तक राजेन्द्र पार्क में पहुँचकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने फ्लावर शो के लिए नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू व सहायक नोडल अधिकारी दिनेश नेताम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि फ्लावर शो में पारिवारिक वातावरण में मनोरंजन कार्यक्रम भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए स्टॉल बनाया जाएगा। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजेंद्र पार्क में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ रंग रोपन पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्थाओं के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं का इंतजाम करने निर्देश दिए।

प्लांट के रोलर में फंसा मजदूर गंभीर हालत में सेक्टर-9 में भर्ती

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। स्टील प्लांट में दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार 23 जनवरी को फिर से एक मजदूर दुर्घटना का शिकार हो गया। यहां रेल में काम वाले एक मजदूर का पैर रेल पटरी के रोलर में फंस गया। इससे वो बुरी तरह घायल हो गया। उसे तुरंत मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया। वहां से गंभीर हालत के चलते उसे सेक्टर 9 हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

बीएसपी से मिली जानकारी के मुताबिक हादसा भिलाई स्टील प्लांट के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में हुआ है। कर्मचारी राम चरित्र गुप्ता अपने साथियों के साथ मेंटेनेंस का कार्य रोलिंग टेबल पर कर रहे थे। इसी दौरान अचानक किसी ने टेबल को चालू कर दिया। इससे उसका पैर रोलर टेबल में फंस गया। बताया जा रहा है कि तीन और भी कर्मचारियों का पैर उसमें फंसता, लेकिन वो लोग वहां से नीचे कूद गए। इस हादसे में बीएसपी प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। जब रोलर टेबल में मेंटेनेस का कार्य चल रहा था तो उसे चालू करने की क्या जरूरत थी। इसके लिए वहां कोई सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए।

बताया जा रहा है कि रोलर टेबल में राम चरित्र के फंसने से पूरी तरह से ट्विस्ट कर गया है। इससे वो तेजी से चीखा और बेहोश हो गया। यह सब देख वहां अफरा-तफरी मच गई।

बजरंग दल ने निकाली भगवान की शोभायात्रा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा आयोजित विभाग संयोजक रवि निगम के नेतृत्व में सुपेला भिलाई अयोध्या प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामोत्सव मनाते हुए एक विशाल शोभा यात्रा और जगह-जगह पुष्प वर्षा व स्वागत किया गया वह भव्य रूप में राम जी के झांकी दोपहिया, चारपहिया वाहन रैली निकाली गई। जिसमे हजारों की संख्या में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सुपेला हनुमान मंदिर मनए हनुमान चालीसा का पाठ कर 21000 लड्डू भोग लगाकर जय श्रीराम के उद्घोष के साथ रैली का शुभारभ हुआ। भारी संख्या में बजरंगियों ने आतिशबाजी के साथ सुपेला घड़ी चौक हनुमान मंदिर से प्रारंभ की गई। नेहरू भवन रोड से स्पर्श हॉस्पिटल रोड बीएमशाह हॉस्पिटल, साक्षरता चौक कैंप 18 नंबर रोड, वैशाली नगर फ्रेंड्स कैफे गदा चौक, फरीदनगर, राधिका नगर सुपेला चौक में रैली का समापन हुआ।

ब्लॉक में रामोत्सव की धूम, जगह-जगह हुई पूजा

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। अयोध्या में श्री राम लला की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर पाटन ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से लेकर देर रात तक कार्यक्रम जारी रहा। पाटन ब्लॉक के ग्रामों में सुबह से लेकर कलश यात्रा, मानस गान की प्रस्तुति के साथ ही विविध कार्यक्रम आयोजित की गई। नगर पंचायत के प्रसिद्ध राम मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। यहां पर पूजा-अर्चना के बाद शाम को दीपक से रोशनी भी की गई। इसके अलावा अन्य धार्मिक मंदिर परिसरों में भी दीप जलाए गए और पूजा अर्चना के साथ महा आरती भी किया गया । पाटन ब्लॉक के कई गांव में हुए आयोजन में सांसद विजय बघेल भी शामिल हुए। ग्राम छाटा में भी राम उत्सव का आयोजन दो दिवसीय किया गया। यहां पर श्री राधा कृष्ण मूर्ति की स्थापना भी की गई। कलश शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। द्वितीय दिवस सुबह से राधा कृष्ण मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के बाद स्थानीय जय अंबे मानस मंडली की प्रस्तुति हुई। उसके बाद खुशबू मानस मंडली बागबाहरा के कलाकारों ने मानस की प्रस्तुति दी। इसके बाद एकता फाग मंडली ग्राम बकली वाले ने फाग गीत की प्रस्तुति दी। मुख्य रूप सांसद विजय बघेल भी मौजूद रहे। श्री बघेल का सम्मान आयोजन समिति के युवाओं के द्वारा किया गया। इसके बाद शाम को रंग सिंगार संस्कृति कार्यक्रम राजनांदगांव वालों की प्रस्तुति हुई। इससे पहले दुर्गा मंच पर श्री राम नाम की दीपक भी जलाए गए। वहीं श्री राम संकीर्तन यात्रा निकाली गई जिसमें महिला पुरुषों एवं युवाओं की हजारों की संख्या में भीड़ जुटी रही।

प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान मंदिरों व घरों में जले हजारों दीप

नव प्रदेश संवाददाता

नगर भर में रहे लोग राम भक्ति में सराबोर, शोभायात्रा निकालकर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी मनाई

कुम्हारी। अयोध्या के भव्य मंदिर में हुए रामलला के प्राणप्रतिष्ठा की खुशी मनाते हुए स्थानीय रामभक्तों ने भी नगर में शोभायात्रा निकालकर दीप जलाए। वार्ड क्रमांक 15 मंदिर में महिला समिति द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके पश्चात अखंड रामायण का पाठ किया गया 22 तारीख को मंदिर परिसर को महिला समिति की सदस्यो द्वारा फूलों की रंगोली से सजाया गया इसके पश्चात वार्ड में शोभा यात्रा निकाली गई दोपहर 2 से 5 बजे तक कान्हा महाराज के द्वारा राम भक्ति के भजन गाए गए संध्या दीपोत्सव, आरती एवं अतिशबाजी के पश्चात महा भंडारा का आयोजन किया गया।

आयोजन में पहुंचे दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल जी ने कहा की 500 वर्षों बाद यह अद्भुत दिन हम सभी हिंदू धर्मलंबियों को प्राप्त हुआ है, हिंदुओं की एकता, देवालयों की साफ सफाई रखरखाव एवं 22 जनवरी को अयोध्या में हुए रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के इस महापर्व के लिए सभी नगरवासियों को अनेकानेक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। मंदिर में 11 हजार दीप प्रज्ज्वलित किये गए। कार्यक्रम का संचालन अनुराग गुप्ता ने किया। रामनगर में लोगों ने शोभायात्रा निकालकर शाम को 2100 दीप जलाए एवं आतिशबाज़ी की। प्रभात चौक स्थित गायत्री मंदिर में प्रभात युवा मंच के तत्वावधान में 5001 दीप जलाए गए। कार्यक्रम के अंत मे श्री हनुमान चालीसा एवं श्रीराम जी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया एवं आतिशबाज़ी की गई। एक बच्चे को राम का स्वरूप बनाकर मंचस्थ किया। इस आयोजन में राज शर्मा, राजेश सिन्हा, अजय सिन्हा, दीपक राजपूत, पवन सोनकर, मणिलाल साहू, बैजुराम साहू, नवीन सिंह, संतोष वर्मा, मिथलेश साहू एवं भुवन साहू में अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन लेखराम गेंडरे ने किया। खारुन ग्रीन्स कॉलोनी स्थित कुबेश्वर मंदिर में महिला समिति द्वारा प्रातः पूजा अर्चना कर रामायण पाठ और फिर सूंदर कांड का पाठ किया गया।

निधन : अशोक अग्रवाल

दुर्ग/नवप्रदेश। कसारीडीह दुर्ग निवासी (नंदकठी वाले) अशोक अग्रवाल एडव्होकेट का मंगलवार प्रातः निधन हो गया। उन्होंने सन 1986 से 1992 तक दुर्ग जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार के अध्यक्ष पद पर रहे। वे अंशुमान अग्रवाल के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया।

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं रितेश कुमार पिता स्व. गणेश उके निवासी मकान न. 700/2 रूंगटा राईस मील के पास मील पारा वार्ड क्रमांक 38 दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड न. 491001 यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम रितेश कुमार उके रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम रितेश कुमार उके पिता स्व. गणेश उके से ही जाना व पहचाना जावे।

शपथकर्ता
रितेश कुमार उके
रूंगटा राइस मिल के पास मीलपारा
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
पिन कोड न. 491001

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400311 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका शीला यादव आ./पति नंदकुमार यादव निवासी राजीव नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 730/3 रकबा 0.008 हें/ 2840 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400310 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका नंदकुमार रावत आ./पति सिखाराम निवासी श्यामनगर रविशंकर हुजुर भोपाल के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 723/16 रकबा 0.022 हें/ 2362 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400312 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ओमप्रकाश चंद्राकर आ./पति स्व. रामखिलावन चंद्राकर निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 51 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 549/7, 549/9, 549/10 रकबा 0.06 हें/ 6000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट पक्षकार का नाम श्रीमती बबिता ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401100400257/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती बबिता पति श्री जामवंत साहनी निवासी ग्राम कुरुद भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	515/19	0.0110 हें 1200 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेश साहू पिता निरंजन साहू उम्र 18 वर्ष निवास पुराना स्टेट बैंक रोड वार्ड क्रमांक 04 सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ। पूर्व में मैं राजेश साव पिता निरंजन साहू के नाम से जाना जाता था। मैने अपना उपनाम की भिन्नता को दूर कर परिवर्तित उपनाम राजेश साहू पिता निरंजन साहू रख लिया है तथा इसी परिवर्तित उपनाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जाता हूं।

अत: मेरे समस्त शैक्षणिक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजो में मेरे त्रुटिपूर्ण उपनाम राजेश साव पिता निरंजन साहू की भिन्नता को दूर कर परिवर्तित उपनाम राजेश साहू पिता निरंजन साहू से जाना, पहचाना व पुकारा एवं पढ़ा जावे।

शपथकर्ता
राजेश साहू
निवास सुपेला भिलाई
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202401104500035 /वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका यशवंत साहू पिता/पति स्व. कृपाराम निवासी मटंग तहसील पाटन द्वारा ग्राम मटंग प.ह.नं. 29 तह पाटन जिला स्थित भूमि खसरा नं. 358, 359 रकबा 0.07, 20.5 हे. जो कि राजस्व अभिलेख में यशवंत आ. स्व. कृपाराम वगैरा के नाम खाते में दर्ज है। उक्त भूमि की मूल ऋणपुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने आवेदन किया है।

अतएव आवेदक को डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जारी किए जाने से जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 08.02.2024 तक न्यायालय में दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.01.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./07/अ-20(1)/ वर्ष 2023-24
ई.को.-202401103800023

आवेदिका हाशमी बेगम आ. स्व. इकरार हुसैन निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नंबर 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एम.आई.जी. 1/535 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर भूमि धारक इकरार हुसैन आ. सकरुज्जमा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 04.02.2016 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनकी पत्नि श्रीमती नसीम जहां, पुत्र-पुत्री जाकिर हुसैन सिद्दीकी, साबिर हुसैन, फातिमा बेगम, हाशमी बेगम है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदिका द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण हेतु आवेदक प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई 07.02.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.01.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./07/अ-20(1)/ वर्ष 2023-24

आवेदक बबनजी सिंह आ. सी.डी. सिंह निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नंबर 1/2, 2/2 का टु. भूखण्ड नं. एलआईजी 290 क्षेत्रफल 96 वर्गमीटर भूमि बबनजी सिंह को भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आबंटित किया है, जिस पर आवेदक काबिज है किन्तु पट्टा प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदक द्वारा नवीन पट्टा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई 07.02.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.01.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ई.को.क्र- 202401101400043 /अ-6/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रेता शाहीना बानो ध.प. श्री अब्दुल हनीफ जाति मुसलमान निवासी म.न. 255 केलाबाड़ी वार्ड क्रं. 41 तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 70/42 रकबा 0.0084 हे. भूमि विक्रेता श्रीमती लेखेश्वरी साहू ध.प. श्री नेमचंद साहू जाति तेली पता ग्राम भोखला, राजनांदगांव, भरेगांव तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27.04.2023 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.01.2024 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 5124919122023030

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी ना.बा. दीपिका गुप्ता एवं ना.बा. लव्या गुप्ता के तरफ से खुद वली पालक माता गरिमा गुप्ता पिता/पति स्व. मिलिंद गुप्ता पता 05 भोई पारा कचहरी रोड आपापुरा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 126/5 (0.0067) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता चांदनी कंसारी पिता/पति संतोष कंसारी पता वार्ड 52 बजरंग चौक बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.01.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

फूलों से सजा हनुमान मंदिर

भाटापारा/नवप्रदेश। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महाबीर धर्मशाला स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर को फूलों से सजाया गया। जिससे यहां का स्वरूप फूल बंगला से कम नहीं लग रहा था। सोमवार को सुबह से मंदिर में भक्त पहुंचने लगे थे। सुबह आरती पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें भक्तों प्रसाद ग्रहण किया। शाम सात बजे महाआरती हुई। जिसमें भक्तगण काफी संख्या में शामिल हुए।

पंचायत सचिव संघ का हड़ताल स्थगित

नगरी/नवप्रदेश। जनपदपंचायत नगरी के सीईओ के अभद्र व्यवहार से पीड़ित सचिव संघ हड़ताल पर चले गए थे। जिला पंचायत के सीईओलोकनाथ पटेल ने एक टाकुर को जनपद पंचायत नगरी के सीईओ का प्रभार सौंपा। इसके बाद सचिव संघ ने हड़ताल स्थगित कर दिया। सचिव संघ ने समस्त मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया। सचिवसंघ ने नए सीईओ को गुलदस्ता देकर समस्त स्वागत किया गया।

दृष्टिबाधित का बना आधार और मतदाता परिचय

नगरी/नवप्रदेश। 20 जनवरी को प्रधानमंत्री जनमन योजना के शिविर का आयोजन कुड़िया में किया गया। इस अवसर पर जिले के 122 बसाहटों में बसे विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के हितग्राहियों का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुड़िया (आवास) निर्माण की नींव रखी गई। ग्राम पंचायत कल्हेमेटा स्थित कमारटोला में आयोजित कार्यक्रम में दृष्टिबाधित जगतराम कमार भी पहुंचा था। मौके पर उपस्थित कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी को जगतराम ने बताया कि उसका आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र नहीं होने की वजह से उनका बैंक खाता खोलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक ने भगवान के रथ को खींचा और गौमाता की पूजा

भाटापारा/नवप्रदेश। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर समूचे शहर व आसपास के गांवों के लोग राम भक्ति में डूबे नजर आये। पूरा शहर श्री राममय हो गया। भगवान श्री राम प्रभु के रथ में सवार होने के पश्चात उनकी पूजा अर्चना कर विधायक इंद्र साव ने भगवान के रथ को खींचा और शोभायात्रा में शामिल हुए। विभिन्न मंदिरों में सुबह से शाम तक भजन कीर्तन चलता रहा। वहीं अनेक स्थानों पर भंडारे की व्यवस्था नगर वासियों ने कर रखी थी। इस अवसर पर व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

इस अवसर पर रामसप्ताह समिति द्वारा रामसप्ताह मंडप में 24 घण्टे की की रामधुन का आयोजन किया गया। 22 जनवरी को सुबह 6 बजे समाप्त हुआ। हवन पूजन के बाद 2 बजे भगवान राम की भव्य शोभा यात्रा राम मंडप से प्रारंभ हुई। नगर का भ्रमण कर रामसप्ताह मंडप पहुंकर समापन हुआ। भगवान श्री राम की भव्य झॉकी के साथ महिला, पुरूष व बच्चें नाचते गाते चल रहे थे।लोग जगह-जगह रामलला की आरती उतार कर पुष्प वर्षा से स्वागत कर रहे थे। रात में शहर में दीपावली जैसा माहौल था। नगर की समाज सेवी संस्था ÷उत्तरायण÷ द्वारा उक्त अवसर पर आयोजित गौ दान कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव ने गौ माता की पूजा-अर्चना भी की।

5100 दीपो से सजा राम सप्ताह मंडप

शोभायात्रा के बाद उत्तरायण संस्था के द्वारा 5100 दीप प्रज्ज्वलित की गई। इसमें ी महिला पुरुष बच्चो ने हिस्सा लिया। पूरा मंडप दीयों की रोशनी से जगमगा उठा।

कांग्रेस भवन में मनाई सुभाषचंद्र बोष की जयंती

भाटापारा/नवप्रदेश। कांग्रेस भवन भाटापारा में नेताजी सुभाष चन्द्र बोष की जयंती मनाई गई। साथ ही भाटापारा के पूर्व विधायक स्व.राधेश्याम शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा को याद किया गया। उनकी दबंगई और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका सम्मान आज भी सभी को स्मरण है। इसके पश्चात सिविल अस्पताल में फल और खीर पूड़ी का वितरण किया गया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों का किया सम्मान

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। शाम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अपराध समीक्षा बैठक लिया गया, जिसमें समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का एजेंडावार लंबित अपराध, चालान, शिकायतों, धारा 363 भादवि, आबकारी एक्ट की कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अपराधियों की पहचान आदि में सीसीटीवी कैमरा की उपयोगिता को बतलाते हुए थाना एवं चौकी क्षेत्र अंतर्गत सभी मार्ग एवं स्थानों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया। दीपक कुमार झा द्वारा विशेष रूप से ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम बालक/बालिका की खोजबीन में और तेजी लाने को कहा गया है, जहां आवश्यकता हो वहां टीम बनाकर तुरंत जिले अथवा राज्य से बाहर टीम को भेजकर गुम बालक/बालिका की पतासाजी करने हेतु निर्देशित किया गया है। समीक्षा बैठक में मुख्य रुप से अनुज कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी गण, पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

किसानों को रबी फसल के लिए मिलेगा पानी

70 गांव के 9000 एकड़ की होगी सिंचाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के किसानों को इस बार रबी फसल के लिए बांध का पानी दिया जाएगा। किसान हर साल रबी फसल के लिए पानी की मांग कररहे थे। वहीं पिछले दिनों फिंगेश्वर विकासखंड के किसानों ने बांध से पानी दिए जाने की मांग की थी। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राजिम विधायक रोहित साहू, बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित ज़िला जल उपयोगिता के सदस्यगण एवं सिंचाई विभाग के सभी अनुविभागीय अधिकारी शामिल हुए। रबी फसल के लिए पानी दिए जाने से जिले के 70 गांवों के 9 हजार एकड़ जमीन की सिंचाई होगी। किसान लाभान्वित होंगे। इसके अंतर्गत बड़े जलाशय से 42 गांवों के 7 हजार एकड़ और लघु जलाशय से 28 गांवों के 2 हजार एकड़ सिंचित होंगे। सिकासार बांध से पानी दिए जाने के फैसले के उपरांत 25 जनवरी को सुबह जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कुकदा वियर से दायी तट मुख्य नहर में राजिम, फ़िंगेश्वर के लिए पानी छोड़ने का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही लघु जलाशय से आवश्यकता अनुसार पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में दोनों विधायकों ने किसानों द्वारा रबी सीजन में सिंचाई हेतु पानी की मांग के मुद्दे पर चर्चा की। किसानों को दलहन तिलहन फसल लेने के लिए प्रेरित करने हेतु चर्चा हुई। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस के बर्मन ने बताया कि सिकासार जलाशय में वर्तमान की स्थिति में 156.62 मिलियन घन मीटर पानी उपलब्ध है। इसमें से 140.79 मिलियन घन मीटर उपयोगी जल है। बांध में उपलब्ध जल में से 114 एमसीएम पानी अन्य आवश्यक उपयोग हेतु आरक्षित रखा गया है। शेष जल उपलब्धता के आधार पर किसानों को सिंचाई के लिए पानी दी जा सकती है। साथ ही दोनों विधायकों ने अंतिम छोर तक पानी की पहुंच भी सुनिश्चित करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

ईडी ने फिर भेजा सीएम ...

एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज किया था। ईडी का कहना है कि 20 जनवरी को पूरे बयान की रिकॉर्डिंग नहीं हुई थी इसीलिए दोबारा पूछताछ की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, इस बार भी जांच एजेंसी की टीम बयान दर्ज करने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंचेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछली पूछताछ में उनसे 25 से 30 सवाल पूछे गए थे। आपको बता दें कि इस मामले में यह नौवां समन है। पहले भेजे गए सात समन को नजरअंदाज करने के बाद आठवीं बार मुख्यमंत्री ने जांच में शामिल होने के लिए सहमति दी। पूरा मामला जमीन के स्वामित्व को अवैध रूप से बदलने से जुड़ा हुआ है जिसके पीछे एक बड़े रैकेट की आशंका जताई गई है। झारखंड की राजधानी रांची के बजरा इलाके में 7.16 एकड़ जमीन से जुड़े कथित घोटाले में सीएम से पूछताछ की जा रही है। आपको बता दें कि इस केस में अब तक 14 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। गिरफ्तार लोगों में 2011 बैच के आईएएस अधिकारी छवि रंजन, व्यवसायी अमित अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल और भानु प्रताप का नाम शामिल है।

'आप' के पूर्व प्रदेश...

सदस्यों को सम्बोधित किया। प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सदस्यता लेने वालों में आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश मिरी, आप यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष रहे रविंद सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रहे कमलकांत साहू, आप के प्रदेश सचिव रहे विशाल केलकर शामिल है। वहीं अखंड लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष विनोद पटेल ने अपनी पार्टी का भाजपा में विलय किया है। सैनिक पार्टी के महेंद्र सिंह राणा ने भाजपा ज्वॉइन की। आम आदमी पार्टी के लिए विधानसभा चुनाव लड़ने वाले भाजपा के खिलाफ प्रचार करने वाले इन नेताओं ने अब भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव में काम करने की शपथ ली है।

बीजेपी का छोटे दलों ...

कि छोटे दलों में पड़ने वाले वोट से भाजपा को नुकसान होता है। अब इसी बात पर ध्यान दिया जा रहा कि उनके नेताओं को प्रभावित कर भाजपा में लाया जाए और भाजपा का वोट शेयर बढ़े।

सैनिकों को एयरलिफ्ट...

गए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मिजोरम के डीजीपी ने दुर्घटना के बारे में बताते हुए कहा, म्यांमार सेना के विमान क्रैश होने की वजह से छह लोग घायल हुए हैं। विमान में पायलट समेत 14 लोग सवार थे। दुर्घटना में घायल हुए लोगों को लेंगपुई अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक म्यांमार में सेना और विद्रोहियों के बीच संघर्ष चल रहा है। इसी लड़ाई की वजह से सैनिक म्यांमार से भागकर मिजोरम में दाखिल हो गए थे। इन्हीं सैनिकों को लांगटाई से वापस ले जाने के लिए म्यांमार सेना का विमान लेंगपुई एयरपोर्ट आया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले हफ्ते 276 सैनिक भारत-म्यांमार सीमा पार कर मिजोरम में घुस गए। म्यांमार के सैनिक 17 जनवरी को हथियारों और गोला-बारूद के साथ असम राइफल्स के पास पहुंचे थे। असम राइफल्स के एक अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि मिजोरम में आए 276 में से 184 सैनिकों को वापस उनके देश वापस भेजा गया है। लेंगपुई एयरपोर्ट से म्यांमार के वायुसेना विमान सैनिकों को लेकर अपने देश रूखाइन प्रांत के सित्वे चले गए। बचे हुए सैनिकों को मंगलवार को भेजा जाना था। उन 92 सैनिकों को ले जाने से पहले विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

सीएम 'नीतीश' का नया पैंतरा ...

राजभवन से निकलने के बाद उन्होंने मीडिया से दूरी बनाई और बिना किसी सवालों का जवाब दिए निकल गए। इस मुलाकात को लेकर सियासी गलियारों में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही है। बता दें कि कुछ समय पहले भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने बिहार में नीतीश की सरकार जल्द ही गिरने की बात कही थी। उसके बाद जीतन राम मांझी के पोस्ट ने बिहार में राजनैतिक चर्चा तेज कर दी जिसमें वह राज्य में सियासी खेला होने की बात कही। हालांकि, बिहार विधानसभा में जल्द ही बजट सत्र की भी शुरू होने वाला है। इस परिपेक्ष्य से बजट सत्र को लेकर चर्चा की भी संभावना जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, सीएम नीतीश कुमार बजट सत्र और राज्य के यूनिवर्सिटी में फुल टाइम वाइस चांसलर की नियुक्ति की चर्चा करने के लिए राजभवन पहुंचे थे। माना जा रह है कि बजट सत्र से जुड़ी चर्चा के कारण ही नीतीश के साथ वित्त मंत्री विजय चौधरी भी राज्यपाल के साथ पहुंचे थे। इसके अलावा प्रदेश के सात यूनिवर्सिटी में फुल टाइम वाइस चांसलर की नियुक्ति के लिए सर्च कमिटी ने नाम फाइनल कर दिए हैं हालांकि, नियुक्ति को लेकर अंतिम फैसला राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर को ही करना है। सीएम नीतीश कुमार के अचानक राज्यपल से मिलने के पीछे यही दो बड़ी वजहें फि लहाल सामने आई।

टेहका में निकली शोभायात्रा ग्रामीणों ने किया स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम पंचायत टेहका में विशाल कलश, शोभा यात्रा बाजे गाजे, डीजे के साथ निकाली गई।

आदर्श नवयुवा साथियों ने महामाया मंदिर में पूजा अर्चना करके भगवान श्री राम की शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली। इसमें महिलाओं ने कलश धारण किया था। गांव का भ्रमण किया। ग्रामीणों ने अपने घरों के सामने स्वागत किया। शाम को महिलाओं ने अपने-अपने घरों के सामने रंगोली बनाई एवं दीप जलाकर दिवाली मनाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच ललिता ध्रुव, पूर्व स्टेशन मास्टर एमएल यादव, आदर्श नवयुवक समिति ,घनश्याम वैष्णव ,मनोज यादव, मोदी राम साहू ,राकेश साहू ,पवन साहू ,राजा साहू ,रोशन साहू,चंद्र प्रकाश ,कपिल साहू, चोलेश नौरंगे,विरेन साहू, महेश साहू , नीलेश साहू, प्रकाश साहू एवम मीडिया प्रकोष्ठ नंदू साहू सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)
फार्म - अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक रीतेश कुमार आ. श्री पुरानिक लाल, जाति सतनामी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम कांदुल, तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका दुर्गा विश्वकर्मा पिता श्री शत्रुहन विश्वकर्मा, जाति लोहार, आयु 18 वर्ष, निवासी ग्राम मटिया (अ), तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 29/01/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 28/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
अगामी तिथि - 29/1/2024

सील — अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बालोद जिला बालोद
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र. 202401242500021/ बी-121/2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री दल्लू राम आ. स्व. मुंजनू जाति तेली निवासी ग्राम परसोदा तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा अपने पिता मुंजनू राम आ. चौहान के मृत्यु तिथि 29.6.1998 के मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क रू. 10.00 का चालान क्र. 03 दिनांक 14.12.2023 की मूल प्रति सहित प्रस्तुत किया है। आवेदन के साथ जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, बालोद द्वारा जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र संलग्न कर मृत्यु पंजीयन हेतु उप पंजीयक जन्म-मृत्यु को आदेश जारी किये जाने हेतु मांग किया है। इस संबंध में यदि किसी को कोई उजर/आपत्ति हो तो दिनांक 30.01.2024 के पूर्व तक पेश कर सकता है । नियत तिथि उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। गया ।

अस्तु आज दिनांक 15.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार बालोद

न्यायालय नायब तहसीलदार, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र....../अ-6-अ/वर्ष 2023-24
ग्राम-पाहंदा, प.ह.नं.-39, रा.नि.मं.-भिलाई

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक कुंदिया बाई साहू पति स्व. दुकालू राम साहू ग्राम पाहंदा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि, ग्राम पाहंदा प.ह.नं.39 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित भूमि आवेदिका के पुत्र नोमन साहू पिता स्व. दूकालू साहू के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर क्रमशः 535, 732, 1092, 1211, 1315/1रकबा क्रमशः 0.10, 0.03, 0.07, 0.04, 3.24 हे. अर्थात कुल खसरा नंबर 5 कुल रकबा 3.48 हे. भू-अभिलेखो में दर्ज था । उपरोक्त भूमि स्व. नोमन साहू के सभी विधिक वारीसानों के मध्य दो खाता में विभाजन किया जा चुका था। एक खातेदार शांति, ना. बा. लता, ना. बा. दिव्या पिता नोमन के नाम पर खसरा नंबर 535/2, 1315/4 रकबा क्रमशः 0.05, 1.62 हे. एवं ना.बा. नूतन, ना.बा. टीनू, ना.बा.पोखन, ना. बा. शीतल पिता नोमन व विधवा मालती बाई साहू के नाम पर खसरा नंबर 535/1, 1351/1 रकबा 0.05, 1.62 हे. दर्ज किया गया था । उक्त दोनो खाता में आवेदिका का नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज किया गया था। जो वर्ष 2016-17 तक भू-अभिलेख में दर्ज रहा, लेकिन वर्ष 2019-20 के भू-अभिलेखो में आवेदिका के नाम पर दर्ज उपरोक्त भूमि पर लिपिकीय त्रुटिवश आवेदिका का नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज था उसे विलोपित कर दिया गया है। जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय अ.वि.अ (रा.) आरंग जिला रायपुर में प्रस्तुत किया गया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव, इस संबंध में कोई भी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में इसे दायर कर सकता है 31/01/24 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/01/24.को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार आरंग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी : राजस्व
संदर्भ- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.- 00063 शंकरनगर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324440724400061

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00063 के अंतर्गत ग्राम शंकरनगर के वर्तमान भूमिस्वामी जमुना देवी पिता/पति-पति अन्तुराम प्रजापति पता-न्यु शांती नगर रायपूर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1185/32 (0.0140), 1182/5 (0.0850) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता परमेश्वर प्रजापति पिता/पति-अन्तुराम प्रजापति पता-न्यू शांति नगर, रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार तहसील रायपुर

न्यायालय नायाब तहसीलदार 02AA
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ : जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.- 00049 गुढियारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी 202324440723100025

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम गुढियारी के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमति कुंती बाई पति श्यामसिंग राजपूत पिता/पति- पता-गुडयारीक्क्र 1397415 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 166/33 (0.0050) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती रेखा वर्मा पिता/पति-श्री नरेश वर्मा पता-पार्वती नगर गुढ़ियारी रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायाब तहसीलदार 02AA पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार तहसील रायपुर

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम अपने पक्षकार बालाजी एसोसिएट्स, (नन) प्रोपराईटर यज्ञदत्त शर्मा आ. श्री जियालाल शर्मा निवासी-म.नं. 137 ए.बी.आई. कालोनी जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर एवं उनके बताए गए अनुसार आम सूचना प्रकाशित करते हैं कि भूमिस्वामी पारसमल जैन आ. श्री तेजमलजी जैन निवासी-बीजा, पो. देवरबीजा तह. बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो बाके मौजा- मोलभट्ठा प.ह.नं. 03, रा.नि.मं. बेरला, तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 14 रकबा 2.15 हेक्टेयर भूमि स्थित है। जिसे हमारे पक्षकार द्वारा भूमिस्वामी से खरीदने का सौदा तय कर इकरारनामा निष्पादित कर ब्याना राशि प्रदान करी दी गई है सौदाशुदा भूमि का केवल पंजीयन निष्पादन कराना बाकी है।

अतः उक्त भूमि के क्रय विक्रय कर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था, साहूकार, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, निगम एवं अन्य जो उजर दावा आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त सौदाशुदा भूमि के प्रतिफल की शेष राशि अदा कर अपने पक्ष में बयनामा निष्पादित कर लेवेंगे। समयावधि समाप्त होने पश्चात की गई उजर दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा निष्पादित पंजीकृत बयनामा दस्तावेज वैद्य होगी।

सो सूचना जाने।
स्थान-दुर्ग, दिनांक 23.01.2024
मो. नं. 9827108870, मो. नं. 9303362001, मो.नं. 9329310000

गैंदलाल यादव/डी.आर. .यादव
अधिवक्ता
ओम सांई नमन् एसो.
जीवन प्लाजा काम्पलेक्स शाप नं. 17
जी.ई. रोड गंजपारा दुर्ग (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
www.cghb.gov.in
आवेदन की अंतिम तिथि 5 अप्रैल 2024

वृत्त - नवा रायपुर, रायपुर एवं दुर्ग अन्तर्गत ऑनलाईन विक्रय हेतु उपलब्ध सम्पत्ति

प्रक्षेत्र - 1 कबीर नगर रायपुर अन्तर्गत ऑनलाईन स्ववित्तीय आधार पर उपलब्ध सम्पत्ति

क्र.	स्थान/कालोनी का नाम	उपलब्ध भवनों के प्रकार	रिक्त भवनों की संख्या	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्ग फीट में)	कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग फीट में)	भवनों का मूल्य (रू. लाख में)	पंजीयन राशि (रू. लाख में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	कबीर नगर - IV	3 बीएचके एम.आई.जी. डुप्लेक्स	17	968.4	1274.84	39.95	4.00
2.	कबीर हाईट्स (जी+6)	एल.आई.जी. फ्लैट	05	-	535.84	13.23	0.50
3.		ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट	30	-	460.63	10.10	0.25

राजधानी परियोजना प्रक्षेत्र - नवा रायपुर, अटल नगर अन्तर्गत ऑनलाईन स्ववित्तीय आधार पर उपलब्ध सम्पत्ति

क्र.	स्थान/कालोनी का नाम	उपलब्ध भवनों के प्रकार	रिक्त भवनों की संख्या	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्ग फीट में)	कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग फीट में)	भवनों का मूल्य (रू. लाख में)	पंजीयन राशि (रू. लाख में)
1	2	3	4	5	6	7	8
4.	सेक्टर - 12 नवा रायपुर अटल नगर	एच.आई.जी. 122,125,126 (बेटर लोकेशन)	03	1969.08	1709.44	66.26	6.63
5.		एच.आई.जी. 123,124 (बेटर लोकेशन)	02	1988.77	1709.44	66.50	6.65
6.		जूनि. एच.आई.जी. 159,163,169,198 (बेटर लोकेशन)	04	1573.65	1441.62	57.99	5.80
7.		जूनि. एच.आई.जी. 161,171 (बेटर लोकेशन)	02	1589.79	1441.62	58.18	5.82

प्रक्षेत्र - कोण्डागांव अन्तर्गत ऑनलाईन स्ववित्तीय आधार पर उपलब्ध सम्पत्ति

क्र.	स्थान/कालोनी का नाम	उपलब्ध भवनों के प्रकार	रिक्त भवनों की संख्या	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्ग फीट में)	कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग फीट में)	भवनों का मूल्य (रू. लाख में)	पंजीयन राशि (रू. लाख में)
1	2	3	4	5	6	7	8
8.	अटल विहार योजना श्री राम नगर कांकेर (द्वितीय फेस)	एल.आई.जी.	01	1033.00	531.97	17.44	0.50
9.		सिनी. एम.आई.जी. (III)	16	2041.71	1157.02	43.94	4.40
10.		जूनि. एम.आई.जी. (III)	44	1507.79	852.51	34.69	3.47
11.		एल.आई.जी. (III)	23	1033.00	649.37	20.6	0.50
12.		सिनी. एम.आई.जी. (II)	16	2041.71	1076.00	39.05	3.91
13.		जूनि. एम.आई.जी. (II)	18	1507.79	982.93	30.20	3.02

नियम एवं शर्तें ऑनलाईन हेतु - 1. पंजीयन राशि ऑनलाईन पेमेंट गेटवे के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यू.पी.आई., आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी., द्वारा जमा किया जा सकता है।
2. क्रमांक 1 से 13 के भवनों का आवंटन स्ववित्तीय ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से प्रत्येक 15 दिवस में आवेदन प्राप्त कर किया जावेगा। अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में खोले जाएंगे।
टीप :- अन्य नियम एवं शर्तें आवेदन पत्र में उल्लेख अनुसार मान्य होगा। अधिक जानकारी हेतु संपदा अधिकारी प्रक्षेत्र-1 कबीर नगर रायपुर/कोण्डगांव/राजधानी परियोजना प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर/कार्यपालन अभियंता संभाग-1 कबीर नगर रायपुर/कोण्डगांव/राजधानी परियोजना संभाग नवा रायपुर अटल नगर/छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल/सूचना केन्द्र छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, पर्यावास भवन सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर तथा शंकर नगर से सम्पर्क करें तथा विस्तृत जानकारी के लिए वीजिट करें मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in
सम्पर्क सूत्र - प्रक्षेत्र - कबीर नगर - 9424209026, 9827945949 प्रक्षेत्र - कोण्डागांव - 9479081105, 7697192220, 7587220514, 9399584208 राजधानी परियोजना प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर - 8770355421, 9644010193, 9425238891
S.- 39445/1
सबके घर की आस, सबके लिए आवास, छ.ग. निर्माण मण्डल पर सबका विश्वास
टोल फ्री नं. 1800 121 6313

कार्यालय सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छ.स.बल, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
:: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक-17वीं बटा./छसबल/क.धा./सा.अ./निविदा N-22/2024, कबीरधाम, दिनांक-25/01/2024

पुलिस मुख्यालय, अटल नगर, नवा रायपुर के द्वारा सेनानी 17वीं वाहिनी छसबल कबीरधाम को शस्त्रास्त्र एवं गोला बारूद मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रशासकीय स्वीकृति एवं बजट राशि आबंटित की गई है। जिससें **रायफल रैक** क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मों/अधिकृत विक्रेताओं से निविदा में उल्लेखित नियम एवं शर्तों के अधीन मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है :-
* निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 08/02/2024 समय 17.00 बजे
* निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 09/02/2024 समय 14.00 बजे
* निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 09/02/2024 समय 17.00 अपरान्ह

*** क्रय की जानी वाली सामग्री विवरण निम्नानुसार है :-**
// शस्त्रास्त्र एवं गोला बारूद मद //

स. क्र.	सामग्री का नाम/तादात	स्पेशीफिकेशन	राशि	अमानत राशि	सामग्री प्रदाय करने की अवधि
01	Rifle Rack-24 Pcs.	**Size-** Base Area-178X40cm, Upper Area-150X32 cm, total Hight- 95 cm and Iron Sheet gadge-1.4 mm	Rs.13,20,000/-	Rs. 39,600/-	07 दिवस

नोटः- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ फर्म के समस्त दस्तावेज तथा राशि रू. 750/- को "**लेखा शीर्ष 0055- पुलिस मिसलेनियस, 800- अन्य प्राप्तियां हेड**" में जमा कर चालान की मूल प्रति सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल, कबीरधाम को प्रस्तुत कर निर्धारित समयावधि तक प्राप्त कर सकते है। तथा निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के द्वारा ही स्वीकार्य की जावेगी। निविदा से संबंधित अन्य शर्ते व विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरित कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

जी-07285/3 — 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक-चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

सप्ताह में तीन दिन टीम के साथ वार्डों का दौरा करेंगे नपा सीएमओ

- डिप्टी सीएम और नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने मंगलवार को प्रदेश के सभी नगर पालिकाओं तथा बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर संभाग के नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अभियंता को अपने-अपने निकायों में विकास और सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और अभियंताओं को अपने मुख्यालय में ही निवास करने को कहा। उप मुख्यमंत्री ने सभी निर्माण कार्यों और निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने काम में विलंब और लापरवाही करने वाले ठेकेदारों पर जुर्माना लगाने और नियमानुसार ब्लैक-लिस्ट करने की कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवासों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सप्ताह में तीन दिन टीम के साथ वार्डों का दौरा कर निर्माण और सफाई कार्यों के निरीक्षण के निर्देश दिए।

निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा

बैठक में नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अधोसंरचना विकास, राज्य एवं केंद्र प्रवर्तित तथा 15वें वित्त आयोग की राशि से निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इन नगरीय निकायों में आय-व्यय की स्थिति, कर संग्रहण की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, साफ-सफाई की व्यवस्था और वेतन भुगतान की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

समस्याओं का निराकरण करने का फरमान - नगर पालिका अधिकारियों को विकास कार्यों में आ रही समस्याओं का निराकरण तत्परता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन से रुकावटों को दूर कर कार्यों को तेजी से पूर्ण करने को कहा। उन्होंने भवन निर्माण और सीसी रोड में निर्माण और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांचकर अच्छी गुणवत्ता का कार्य सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माणाधीन कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

टीम के साथ करेंगे वार्डो का दौरा

निर्माण और सफाई कार्यों का मौके पर नियमित निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने प्रत्येक वार्ड के लिए नोडल अधिकारी नामांकित कर हर सप्ताह तीन दिन निकाय के अधिकारियों की टीम और जनप्रतिनिधियों के साथ सफाई और निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नालियों और सड़कों की साफ-सफाई की पुख्ता मॉनिटरिंग करते हुए वार्डों में अच्छी स्वच्छता सुनिश्चित करने को कहा।

नियमित रूप से कर वसूली की होगी समीक्षा

सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को संपत्ति कर के साथ ही अन्य करों की वसूली की नियमित समीक्षा करने को कहा। उन्हेंने आगामी अप्रैल माह से इसके लिए विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों में अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर नजर रखने के साथ ही ऐसा करने वालों पर कानूनी कार्यवाही करने को कहा। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान में प्रगतिरत सभी कार्यों को अप्रैल माह से पहले पूर्ण करने को कहा।

आवासीय कॉलोनियों और फ्लैट्स की होगी अब स्वच्छता रैंकिंग

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने क्रेडाई के पदाधिकारियों की बैठक लेकर आवासीय कॉलोनियों, बहुमंजिली फ्लैट्स के वेलफेयर सोसायटी को साथ लेकर बृहद स्वच्छता अभियान एवं शहरी स्वच्छता रैंकिंग में सभी निवासियों की भागीदारी पर जोर दिया है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में पूरे शहरी क्षेत्र में बृहद स्वच्छता अभियान संचालित कर जन सहभागिता से रायपुर की रैंकिंग को सर्वश्रेष्ठ बनाने रायपुर नगर निगम अब बड़ी अभियान की तरफ आगे बढ़ रहा है। इसके तहत अब आवासीय कॉलोनियों के मध्य बड़ी प्रतिस्पर्धा आयोजित कर स्वच्छतम कॉलोनियों की रैंकिंग निर्धारित की जाएगी एवं उत्कृष्ट स्थान अर्जित करने वाले परिसर को क्लीन-ग्रीन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। नगर निगम मुख्यालय गांधी सदन में आयोजित इस बैठक में स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ी टीम ने विस्तार से रायपुर की सभी आवासीय कॉलोनियों के लिए निर्धारित मापदंड व उसके मूल्यांकन से जुड़े अंकों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि आवासीय परिसरों में कचरे के प्रबंधन, पृथक्करण, उपलब्ध सार्वजनिक प्रसाधन, एस.टी.पी. स्थापना, उपयोग किए गए पानी के पुनः उपयोग, ड्रेनेज व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट्स व स्वच्छता संदेशों से जुड़ी वॉल पेंटिंग पर अंक निर्धारित होंगे। इसी तरह गुटखा, पान, तंबाखु थूंकने से बनें रेड स्पॉट पाए जाने पर अंक काटे जाने के मापदंड निर्धारित है। बेहतर सफाई व्यवस्था, गीले कचरे से खाद बनाने व पृथक हरियाली क्षेत्र होने तथा नवाचारों से स्वच्छता की मुहिम पर भाग लेने वाले कॉलोनियों को बेहतर अंक प्राप्त हो सकेंगे। निगम आयुक्त ने आगे बताया कि स्वच्छता रैंकिंग हेतु आवासीय परिसरों का पंजीकरण 01 फरवरी से शुरू होगा एवं 07 से 13 फरवरी तक विशेष दल इन कॉलोनियों का दौरा कर उपलब्ध सुविधाओं एवं की गई व्यवस्थाओं की जानकारी एकत्रित करेगा। 15 फरवरी को कॉलोनियों की पहली रैंकिंग जारी होगी। उन्होंने बताया कि यह सर्वेक्षण त्रैमासिक होगा। पंजीकरण के लिए ऑनलाइन गूगल फॉर्म पर सभी आवश्यक जानकारियां इन कॉलोनियों के बिल्डर/रेसीडेंशियल सोसायटी को भर कर भेजना अनिवार्य होगा। श्री मिश्रा ने यह भी कहा है कि सभी आवासीय परिसरों में ई-व्हीकल्स के लिए चार्जिंग क्षेत्र निर्धारित करना भी आवश्यक होगा। स्वच्छ भारत मिशन व नगर निगम स्वच्छता संबंधी हर नवाचारों में इन आवासीय परिसरों की गतिविधियों में शामिल होकर जन भागीदारी को बढ़ावा देगा, साथ ही स्वच्छतम कॉलोनियों की रैंकिंग में उत्कृष्ट स्थान अर्जित करने वाले परिसर विशिष्ट मंच पर क्लीन-ग्रीन अवार्ड से पुरस्कृत किए जाएंगे।

शहरी सुविधाओं में तेजी से काम करने स्मार्ट सिटी के एमडी ने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के दफ्तर में अधिकारियों की बैठक लेकर संचालित सभी प्रोजेक्ट्स की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से कहा है कि प्रोजेक्ट्स समय पर पूरा हो, इसका विशेष ध्यान रखें, साथ ही शहर विकास गतिविधियों से संबंधित नवाचारों की जानकारी लेकर सुविधाओं के बेहतर प्रबंधन व क्रियान्वयन की दिशा में अपनी क्षमताओं का बेहतर प्रदर्शन करें। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से एम.डी. ने पूर्ण व संचालित सभी प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने पूर्ण हुए प्रोजेक्ट्स एवं इसके हस्तांतरण के साथ ही संचालन व संधारण प्रक्रियाओं की परियोजनावार जानकारी ली एवं कहा कि सभी प्रोजेक्ट्स नागरिकों के लिए उपयोगी बनीं रहें, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने ऐसे स्थलों को चिन्हांकित करने के निर्देश भी दिए है, जो गैर मोटर वाहन क्षेत्र के रूप में विकसित किए जा सकें, जो आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक रहें एवं व्यावसायिक गतिविधियां भी इन मार्गों पर बेहतर ढंग से संचालित हो सकें। बैठक में तकनीकी अधिकारियों ने अवगत कराया कि नालंदा परिसर के पश्चात स्थानीय युवाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त अध्ययन केन्द्र के रूप में स्मार्ट लाइब्रेरी का निर्माण मोतीबाग परिक्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जो अब अंतिम चरण में है। इस लाइब्रेरी की सौगात भी अंचल के युवा प्रतिभागियों को शीघ्र ही प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने रायपुर स्मार्ट सिटी लि. की 24ङ्ग7 जलापूर्ति योजना के लिए हो रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी लेकर योजना का प्रथम चरण फरवरी माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने राहगीरों के सुगम आवागमन के लिए पाथवे निर्माण के प्रस्ताव भी अपने अधिकारियों से मांगे है। उन्होंने यह भी कहा है कि सड़कों पर बेतरतीब वाहन पार्किंग, सड़कों पर दुकान लगाकर आवागमन बाधित करने की प्रवृत्ति पर भी अंकुश लगाने की आवश्यकता है एवं इसके लिए व्यापारिक संगठनों के साथ मिलकर नगर निगम, यातायात पुलिस व स्मार्ट सिटी मिलकर काम करें। एम.डी. श्री मिश्रा ने परियोजनाओं की पूर्णता में लापरवाही बरतने वाले कार्य एजेंसियों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश भी इस बैठक में दिए है।

कार सेवकों के बलिदान के बिना संभव नहीं था राममंदिर

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल ने सोमवार को एक भव्य आयोजन में सन् 1990 और 92 में राममंदिर आंदोलन में कारसेवक के रूप में शामिल हुए आजीवन सभासदों का अभिनंदन किया। इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि भारतीय मजदूर संघ (बीएमसी) के संगठन मंत्री बी सुरेंद्रन ने कहा कि कारसेवकों के संघर्ष, त्याग और बलिदान के बिना अयोध्या में राममंदिर संभव नहीं हो पता। युवावस्था में जब मैंने करियर की अनदेखी कर घर- बार छोड़ दिया था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रचारक बन गया था, तब परिजनों ने कहा था कि तुमने तो अपनी जिंदगी बर्बाद कर ली। लेकिन अब अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलाल प्रतिमा के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से चंद दिन पहले ही उन्हीं स्वजनों ने फोन कर कहा कि तुमने तो अपने जीवन को धन्य कर लिया। तुम्हारा जीवन सार्थक हो गया। सुरेंद्रन ने रामेश्वरम के पास रामसेतु में तकरीबन डेढ़ किलोमीटर पदयात्रा का स्मरण करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने रामसेतु को तोड़ने का प्रयास किया था। जर्मनी से मशीनरी और इंजीनियर आए थे, उनके विफल होने के बाद दोबारा विदेशी टेक्निशियन व मशीनों के माध्यम से यह प्रयास किया गया। दोनों ही बार उन्हें विफलता मिली और जो लोग यह प्रयास कर रहे थे, वह रात को दुःस्वप्न की वजह से सो नहीं पाए और भाग खड़े हुए। महाराष्ट्र मंडल में रामोत्सव का शुभारंभ राम रक्षा स्त्रोत से किया गया। आध्यात्म समिति की प्रभारी आस्था काले के नेतृत्व में 151 बार राम रक्षा स्त्रोत पाठन करने के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रभु श्रीराम के जयघोष के साथ महाआरती की गई। बीएमएस मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री सुनील किरवई ने अपने सारगर्भित भाषण में भारतीय संस्कृति, परंपरा की विशेष चर्चा की और समाज व परिवार में रिश्तों की महत्ता को उजागर किया। उन्होंने कहा कि सन् 1991 में उत्तर प्रदेश में रामसेवकों पर तत्कालीन सरकार की ज्यादतियों और गोलीबारी के बीच जब यहां मैंने अपनी मां से कारसेवा करने के लिए अयोध्या जाने की अनुमति मांगी तो उन्होंने बिना संकोच मुझे अनुमति देते हुए कहा कि वहां से श्रीराम का प्रसाद लेकर आना। मैंने उनसे पूछा कि वहां तो गोलियां चल रही हैं। आपने मुझे रोका क्यों नहीं, तो मां ने कहा कि तू कारसेवा करने अयोध्या जाएगा, यह तय है। अनुमति नहीं दूंगी तो जिद व अवसाद के साथ जाएगा। वहां तेरा मन नहीं लगेगा।

रामभक्ति से सरोबार रहा कर्णेश्वर धाम

नगरी/नवप्रदेश। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन कर्णेश्वर धाम रामभक्ति से सराबोर रहा। सुबह से ही मन्दिर परिसर में भीड़ रही। कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट ने श्री राम चन्द्र की पूजा अर्चना कर महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया। दिन भर मानस गान का आयोजन हुआ। इसमें जग तारिणी मानस परिवार साकरा, नय करुणा मयी महिला मानस मण्डली उमर गांव,श्री राम दरबार मानस मण्डली डीही पारा, घतुला,श्री रामभरोसा मानस मण्डली पावद्वार, जय कर्मा महिला मानस मण्डली फरसिया ने मानस गान किया। मंदिर को फूलमालाओं व रंगोली से सजाया गया। शाम को 5100 दीपों से मंदिर को सजाया गया। ट्रस्ट ने अयोध्या में कार सेवा करने वालों आनंद अवस्थी, प्रकाश बेश,बिंदु साहू,कमलेश देवांगन,कलम सिंह पवार को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सिहावा विधायक ने अपनी उपस्थिति दी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्री राम लला के विराजने का पवित्र दिवस हम सबके लिये सौभाग्य का पल है। भगवान राम का वनवास काल की मधुर यादे क्षेत्र से जुड़ी हुई है। भगवान राम के कदम यहाँ कदम पड़े थे सप्त ऋषियों की इस पावन भूमि में राम वन पथ गमन अंतर्गत श्री राम चन्द्र की मूर्ति विराजित है। ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने सबकी उपस्थिति पर आभार माना। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व विधायक पिंकी शाह ने सबको शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अध्यक्ष विकल गुप्ता,पूर्व कोशाध्यक्ष निकेश ठाकुर,सह सचिव राम भरोसा साहू,ललित शर्मा, नागेंद्र शुक्ला, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, अंजोर निषाद, भानेन्द्र ठाकुर, नारायण सिंह बेश, राजेन्द्र गोलछा, बंटी जेन, भरत निर्मलकर, मोहन पुजारी, देवेंद्र मिश्रा, छबि ठाकुर, महेंद्र कौशल,प्रेम लता साहू,डोमार मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, प्रताप सुरेशा ,योगेश साहू,मोहन नाहटा,उत्तम साहू,संतु साहू, रामेश्वरी साहू आदि मौजूद थे।

रायपुर में लगा बागेश्वरधाम सरकार का दिव्य दरबार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक साल बाद फिर मंगलवार से बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कुमार शास्त्री का दिव्य दरबार सज गया है। कोटा रोड गुढ़ियारी स्थित विवेकानंद विद्यापीठ के सामने बाबा का दिव्य दरबार लगा है। वे दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा सुनाएंगे। 27 जनवरी तक बाबा का दिव्य दरबार लगेगा। मंगलवार शाम कार्यक्रम स्थल में सीएम विष्णुदेव साय, भाजपा नेता प्रबल प्रताप जूदेव, टीएस राजा समेत अन्य नेता पहुंचे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी हो रहा। इस कथा में सैकड़ों परिवारों की घर वापसी, भारतीय सैनिकों का सम्मान और पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की उपस्थिति में निर्धन कन्याओं का विवाह समिति के विख्यात पंडितों की ओर से हिन्दू रीति-रिवाज वैदिक परंपरा अनुसार कराया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन एक्स आर्मी फाउंडेशन और समाजसेवी बसंत अग्रवाल की ओर से किया गया है। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर आयोजन स्थल पर 11 लाख 11 हजार 11 सौ दीप जलाकर प्रभुराम का स्वागत किया गया। इसमें शामिल होने के लिए रायपुर के कोने-कोने से लोग पहुंचे। सभी ने दीप जलाकर भगवान राम का स्वागत किया। बाबा के दरबार में अर्जी लगाने छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्यों से भी लोग रायपुर पहुंच चुके हैं। कई छत्तीसगढ़ बीती रात को ही पंडाल में बिस्तर लगाकर बाबा का इंतजार कर रहे हैं। अपनी अर्जी लगाने दरबार में डेरा डाले हुए हैं। दरबार में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, यूपी, बिहार आदि राज्यों के श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं।

बरसते पानी में आयुष्मान कार्ड बनाने लोगों की उमड़ी भीड़

- सुबह से ही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में लगा रहा तांता
- कलेक्टर-एसपी ने आधे दर्जन से अधिक स्थलों का निरीक्षण किया

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभ दिलाने के उद्देश्य से आज जिला प्रशासन द्वारा दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड महाभियान विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। आज सुबह से ही बरसते पानी के बीच आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सुबह से ही शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिले में चल रहे विशेष शिविर का जायजा लेने कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने आधा दर्जन से अधिक स्थलों का निरीक्षण कर लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर ने विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम भरसेली,अर्जुनी, मुंडा,लाहोद,लवन नगर,भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत भाटापारा नगर के गांधी चौक,हथनीपारा,ग्राम तरेंगा सहित सिमगा विकासखण्ड के ग्राम रोहरा, विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम छरछेद, ग्राम सेल में पहुंचकर शिविर का जायजा लेकर आने वाले लोगों का उत्साह वर्धन किया।

गौरतलब है कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत् बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सभी व्यक्तियों को 5 लाख रूपये तक मुफत इलाज की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड महा अभियान के नाम से 23 एवं 24 जनवरी को विशेषह्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के अधिक से अधिक व्यक्तियों के स्मार्ट कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है ताकि निःशुल्क सुविधा का लाभ मिल सके। शिविर का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों एवं नगर पालिक परिषद् में स्थित शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों में सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। इसके लिए जिले में आज और कल 5 सौ से अधिक शासकीय उचित मूल्य राशन दुकानों में आयुष्मान कार्ड बनाएं जा रहे। इसके लिए विभिन्न विभागों के 25 सौ से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं।

जनभागीदारी समिति में राजनैतिक नियुक्तियां निरस्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत समस्त शासकीय महाविद्यालयों में पूर्व में गठित जनभागीदारी समिति के अंतर्गत राजनैतिक नियुक्तियां निरस्त कर दी गई हैं। इस संबंध में मंत्रालय महानदी भवन से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार महाविद्यालयों की जनभागीदारी समितियों में अध्यक्ष का प्रभार, पदने उपाध्यक्ष-सह-कलेक्टर को आगामी आदेश तक के लिए सौंपा गया है।

सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 140 प्रतिभागी हुए शामिल

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। गार्डन चौक स्थित महंत नयन दास स्मृति स्थल भवन बलौदाबाजार में सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें खुले मंच से युवक-युवतियों ने अपने भावी जीवन साथी कैसा हो इस विषय को लेकर अपना परिचय देते हुए अपनी बात रखीं।

जिले में समिति द्वारा लगातार11 वे वर्ष सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति द्वारा आयोजित सम्मेलन में मस्तुरी, अकलतरा, बिलाईगढ़, जांजगीर-चांपा सहित अन्य जिलों के करीब 140 युवक-युवतियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में युवक-युवतियों ने मंच से अपनी भावी जीवनसाथी से जुड़े अपेक्षाओं को लेकर खुलकर अपने विचार रखें। युवक बोले, ऐसा जीवनसाथी हो, जो घर परिवार को साथ लेकर चले।

युवतियां आत्मनिर्भर युवक के साथ समझदार जीवन साथी की चाहत रखी। युवतियां ने कहा कि उनका जीवनसाथी उन्हें अपनी काबिलियत को उपयोग करने का मौका दे साथ ही उनका ख्याल भी रखे । युवकों ने मंच परिचय देते हुए अपनी शिक्षा, मासिक वेतन, व्यवसाय फिर अपनी खुबियां गिनाई। वहीं जीवनसाथी से जुड़ी अपेक्षाओं के बारे में बताया । अधिकतर युवाओं ने कहा कि ऐसा हमसफर चाहते हैं जो उन्हें समझे। उनकी घर परिवार की देखभाल करें। सभी का आदर और मान सम्मान करे ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगडे, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जयबहादुर बंजारे, विशिष्ट अतिथि भागलाल कोसले,अधिवक्ता राजकुमार पात्रे, दुर्गा महेश्वर,देवेन्द्र चतुर्वेदी, गणेश बघेल, समाज के जिलाध्यक्ष नरोत्तम बघेल, महासचिव रमेश बंजारे, शकुंतला बंजारे, फूलचंद घृतलहरे, प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश ढीढी, महेश घृतलहरे,नरेंद्र बंजारे उपस्थित थे ।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगडे ने कहा कि समाज में इस तरह का आयोजन करने से समाज के पैसे और समय का बचत होता है, यह एक बेहद अनुकरणीय पहल है जिसके लिए समिति प्रबंधक प्रशंसा योग्य है।

मानस गान और रामोत्सव का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव, मानस गान एवम दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम भाटापारा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत तरेंगा के महामाया मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। इसमें के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शामिल हुए। देवांगन ने सभी को अयोध्या मे भगवान श्री राम चंद्र जी के भव्य मंदिर निर्माण एवम प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाए दी। साथ ही सभी को प्रभु श्री राम चंद्र जी के मंदिर निर्माण का श्रेय भारत के संत, कार सेवकों एवम राम भक्तों के नाम दिए जिन्होंने मंदिर निर्माण के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है, देवांगन ने कहा पूरा भारत वर्ष आज राम मय हो गया है। देश दिवाली मना रहा है। रामायण मंडलियों ने मानस गान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत भाटापारा के सीईओ आर एल गेंडरे , एच एल वर्मा ,संतोष शर्मा , सरपंच श्रीमती कांति दसरथ आडिल पंच गण दिलीप, मनोज, धनेश्वर, देवनाथ यदू डिगा साहु ,सचिव रोहित चक्रधारी सहित ग्रामवाशी उपस्थित थे।

अयोध्या में राम मंदिर देशवासियों के लिए अविष्मरणीय दिन : भावना

■ **अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण पीएम के संकल्प की सिद्धि का दिन: बोहरा**

कवर्धा/नवप्रदेश। भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठ के साथ ही पीएम मोदी ने भाजपा की पुरानी घोषणा को पूर्ण कर दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने देशवासियों को दीपोत्सव मनाने की अपील की थी। पंडरिया में भी विभिन्न स्थानों में उत्सव मनाया गया। सर्व समाज द्वारा आपसी सहयोग से रामलला के आगमन पर जगह-जगह भंडारे, प्रसादी वितरण, कलश यात्रा एवं मंदिरों की साज-सज्जा और हवन-पूजन किया गया। इसमें पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा भी शामिल हुई और सभी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं दी।

श्रीमती भावना बोहरा ने माँ महामाया मंदिर से कलश यात्रा, मल्लाह समाज के मंदिर की स्थापना एवं कलशयात्रा, महामाया चौक में कारसेवकों का सम्मान, बड़े पुल हनुमान मंदिर एवं गांधी चौक में आरती, ग्राम सेन्हाभाठा में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, रणवीरपुर में श्री राम मन्दिर में महाआरती एवं भंडारा कार्यक्रम व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुई।

इस दौरान श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि आज का दिन करोड़ों धर्म प्रेमियों और रामभक्तों के लिए अविस्मरणीय दिन है। देशवासियों के अराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम अयोध्या में नए मंदिर में स्थापना हो गई। अयोध्या धाम में निर्माण होना रामराज्य की ओर बढ़ते भारत का एक महत्वपूर्ण कदम है। इसको शब्दों में व्यक्त करना कठिन है!

पीम मोदी सरसंघचालक मोहन भागवत तथा संतों व धर्माचार्यों की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान से श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न हुआ। हजारों

कारसेवकों तथा रामभक्तों की प्रतीक्षा आज खत्म होगई। लाल कृष्ण आडवानी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के संकल्पों एवं प्रभु श्रीराम जी के इस मंदिर के लिए सदियों से संघर्षरत रहे सभी कारसेवकों का और जिन्होंने बलिदान दिया है उनका आभार व्यक्त कर उन्हें नमन करती हूं। पीएम मोदी के परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प से आज हमें इस ऐतिहासिक व गौरवमयी क्षण को देखने का सौभाग्य मिला।

550 वर्षों के इस धैर्य और तपस्या के पूर्ण होने का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों में भव्य आरती, पूजा-पाठ, जगह जगह प्रसाद वितरण एवं भंडारा तथा शोभा यात्रा निकालकर हर व्यक्ति, वर्ग एवं समाज अपने अपने तरीके से रामजी के आगमन का उत्सव मनाया। घरों में राम ज्योति जलाकर अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के आगमन को दीपोत्सव के रूप में मनाया गया, यह पहली बार होगा जब एक वर्ष में दो बार पूरे देशवासी दीपावली का त्योहार मनाया।

पंडरिया में विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों के साथ अयोध्या में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव भाषण भी सुना। पीएम के भाषण के विषय में भावना बोहरा ने कहा कि आज देशवासियों को प्रधानमंत्री जी ने संबोधित करते हुए कहा कि ÷आज हमारे राम आ गए हैं। सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आ गए हैं। सदियों के अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु राम आ गए हैं।÷ यह कहते समय उनके मनोभाव और आँखों में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के प्रति भक्तिभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी और साथ ही मन में यह संतोष भी था की करोड़ों रामभक्तों की आस्था के प्रति श्रीराम आज टेंट से निकलकर अपने नव्य-दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमन हो रहें हैं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी ने अन्न का त्याग कर 11 दिनों का उपवास किया। ऐसा तपस्वी राष्ट्रीय नेता भारत को मिलना सामान्य बात नहीं है। यह हम सभी सवा सौ करोड़ देशवासियों के लिए गर्व की बात है।

बेमेतरा में खाद्य मंत्री बघेल करेंगे ध्वजारोहण

बेमेतरा/नवप्रदेश। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के मुख्य समारोह में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इस आशय के आदेश छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय (महानदी भवन) से सोमवार को जारी कर दिए गए हैं। जिला स्तरीय मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के बेसिक मैदान में प्रातः 9 बजे शुरू होगा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी तैयारियाँ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

पार्षद नीतू ने किया एसडीएम सुरुचि का सम्मान

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 के राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बेमेतरा एसडीएम सुरुचि सिंह का चयन हुआ हैं। उनके चयन होने पर नगर पालिका बेमेतरा पार्षद नीतू कोठारी ने शाल व श्रीफल से सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

छह आपदा पीड़ित परिवार को 24 लाख की आर्थिक मदद

बेमेतरा/नवप्रदेश। राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 परिशिष्ट-1(पांच) के तहत कलेक्टर रणबीर शर्मा के द्वारा मंगलवार को जिले के 6 विपत्तिग्रस्त परिवार को चार-चार लाख रुपए के मान से 24 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई हैं। संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा के राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेमेतरा तहसील बेमेतरा निवासी रुपेश वर्मा की सर्पदंश से मृत्यु होने पर परिजन दुर्गा उर्फ़ सुरेन्द्र को चार लाख रुपये, ग्राम थानखम्हरिया तहसील थानखम्हरिया निवासी दिलीप नेताम की पानी मे डूबने से मृत्यु होने पर परिजन उत्तराबाई को चार लाख रुपये, ग्राम हसदा तहसील भिम्भोरी निवासी रोहित कुमार वर्मा की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन बालका को चार लाख रुपये, ग्राम दयालपुर तहसील नवागढ़ निवासी श्रुति साहू की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन जितेंद्र कुमार को चार लाख रुपये, ग्राम मंगलोर तहसील बेरला निवासी उत्तरा निषाद की आग मे जलने से मृत्यु होने पर परिजन घनश्याम निषाद को चार लाख रूपये एवं ग्राम ग्राम थानखम्हरिया तहसील थानखम्हरिया निवासी बिसनाथ निषाद की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन शकुन बाई को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई हैं।

23 जुआरी गिरफ्तार, 7720 रुपए जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा पुलिस ने एक सप्ताह में थाना नवागढ, नांदघाट एवं दाढी क्षेत्रांतर्गत के ग्राम मोहतरा गौठान के पास, अंधियारखोर में तालाब के पास, ग्राम मुरकुटा दैहान के पास एवं ग्राम कठौतिया तालाब किनारे के पास आम जगह में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर थाना नवागढ, नांदघाट एवं दाढी पुलिस टीम पहुंच कर कार्रवाई की गई। इसमें अलग अलग 4 प्रकरण दर्ज कर 23 जुआरियों शिवचरण सोनवानी उम्र 65 साल, राकेश पाटले उम्र 28 साल, रमेश सोनवानी उम्र 56 साल, मुकेश चंद्राकर उम्र 30 साल साकिन कोहडिया जिला मुंगेली, हरिदासघोष उम्र 40 साल, मोहन गेण्ड्रे उम्र 50 साल, हीरालाल घृतलहरे उम्र 25 साल, शिवशंकर राजपूत उम्र 38 साल, सुनिल मिरे उम्र 31 साल, खेमुलोधी उम्र 40 साल, हेमदास मिरे उम्र 42 साल, विजय सिंह उम्र 61 साल, धर्मेश सिंह राजपूत उम्र 40 साल सभी साकिनान अंधियारखोर थाना नवागढ जिला बेमेतरा, हेमकल्याण उम्र 38 साल, भालूपान थाना चंदनू, प्रेमकुमार उम्र 45 साल, बुधारू ओगरे उम्र 50 साल साकिनान मुरकुटा थाना नांदघाट, रमेश चंद्राकर उम्र 40 साल, बालाराम विश्वकर्मा उम्र 45 साल, सुधराम साहू उम्र 50 साल, देवनारायण साहू उम्र 38 साल, सियाराम निषाद उम्र 53 साल, लक्ष्मीनारायण साहू उम्र 40 साल, होलीराम साहू उम्र 36 साल सभी साकिनान कठौतिया थाना दाढी जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई हैं। जुआरियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 7720 रुपए एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही की गई।

4 कोचियों से 316 पौवा शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा पुलिस ने अवैध शराब के साथ 4 कोचियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 316 पौवा शराब जप्त की गई। विगत एक सप्ताह में थाना बेमेतरा, नांदघाट एवं नवागढ में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 4 प्रकरण दर्ज कर 4 आरोपियों मनी कोशले पिता विजय कोशले उम्र 25 साल साकिन गर्रा थाना व जिला बेमेतरा, बलवंत सिंह पिता स्वं. जसपाल सिंह उम्र 29 साल साकिन मारो चौकी मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा, राजकुमार चतुर्वेदी पिता आलमदास चतुर्वेदी उम्र 43 साल साकिन ग्राम जेवरा एन थाना नवागढ जिला बेमेतरा, आनंद निषाद पिता भोलाराम निषाद उम्र 19 साल साकिन हथमुडी थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (2) एवं धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। चारों आरोपियों के कब्जे से कुल 316 पौवा देशी प्लेन/मसाला/अंग्रेजी शराब कीमती 27640 रूपये, बिक्री रकम 400 रूपये, कुल जुमला 28040 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

अधिक से अधिक लोगों को सरकार की योजनाओं का मिलें लाभ : दीपेश साहू

बेमेतरा/नवप्रदेश। जन्मदिन के शुभ अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने अपने निवास कार्यलय मे समाज कल्याण विभाग द्वारा चार दिव्यांगों को ट्राई साइकिल भेंट अपना जन्मदिन मनाया। विधायक दीपेश साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी और जनउपयोगी योजना हैं इनका प्रचार प्रसार जितना अधिक होगा उतना ही यहां के दिव्यांगों और बुजुर्गो को लाभ पहुंचेगा। इसके लिए इस योजना से संबंधित जानकारी क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाया जाए। इस कार्य में जनप्रतिनिधि भी बिना किसी भेदभाव के आमजनता की मदद करें। इस अवसर पर बेमेतरा क्षेत्र चयनित कुल 4 दिव्यांगों के बीच ट्राइसाइकिल बांटी गई। केंद्र और प्रदेश सरकार आम जनता के हित के लिए तरह-तरह की योजना संचालित कर रही हैं और इसका लाभ पात्र तक पहुंच रहे हैं। पूरे मन से प्रयास में लगी हुई हैं। इसी परिपेक्ष में दिव्यांग सशक्तिकरण के लिए बेमेतरा मे समाज कल्याण विभाग द्वारा विधायक दीपेश साहू के जन्मदिन के सुअवसर पर आयोजित कार्यक्रम में चार चयनित दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण किया। यह हुए लाभान्वित धनेश कुमार ग्राम सोनडोंगरी साजा, सतेंद्र कुमार मिरे हरदी नवागढ़, हितवंत सिँह पाटले पेण्ड्री सम्बलपुर, सनत सोनवानी शिवनी मुरकुटा को बैटरी चलित ट्राय साइकिल का वितरण किया गया।

नेताजी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया माल्यार्पण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद बोस की जयंती पर मंगलवार 23 जनवरी को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कामठी लाइन दिल्ली दरवाजा के पास स्थित सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। यह जानकारी शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्र्ह्लबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन पर स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद की जयंती पर

दिल्ली दरवाजा पर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयघोष के नारों के नारे लगाएं। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद बोस के भाषण इतना सशक्त था कि लाखों लोग अपना सर्वस्य समर्पण करने के लिए तैयार हो जाते थे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश शर्मा, पदम सिंह कोठारी, रमेश राठौर, अब्दुल कलाम, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, प्रकाश ठाकुर, इकरामुद्दीन सोलंकी, बबलू कसार, अरशद खान, गेमू कुंजाम, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, मनीष साहू, महेश साहू, मामराज अग्रवाल, मोहसिन कुरैशी, ललिता साहू, फरमान अली, आरबी मिश्रा, योगेन्द्र दास वैष्णव, राहुल गजभिये, विजय अग्निहोत्री, संदीप जायसवाल, विपट साहू, शैलेष रामटेके सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

उचित मूल्य दुकान की पंजीयन रद्द करने ग्रामीणों ने की मांग

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत रघ्घुपारा में 30 साल से मिनी माता महिला समूह रघ्घुपारा द्वारा उचित मूल्य की दुकान चलाई जा रही है। जबकि इस समूह में पूरे सदस्य नहीं हैं। इसकी शिकायत भी की गई थी। पूर्व में भी फर्जी राशन आहरण मृत लोगों के नाम से करने की शिकायत की गई थी। जिसमें दोषी पाए जाने पर भी कार्रवाई नहीं हुई है। इस समूह का पंजीयन पहले मिनी माता महिला समूह रघ्घुपारा के नाम से किया गया था लेकिन बिहान योजना के तहत समूह को समाहित किया जाना था जिसमें इस समूह की अध्यक्ष हिरैया बाई/कलीराम की मृत्यु होने से व

सदस्य उर्मिला/उत्तम जो कि जय अम्बे महिला समूह में सदस्य बने, और अमरौतिन माता महिला समूह में, शारदा/राकेश, अश्वनी/राजेश,बिंदा/संजय, किरण/अंजोर दास, मनीषा/अंकल लोग अन्य समूह में सदस्य बने हैं इसलिए मिनी माता महिला समूह रघ्घुपारा में सदस्यों की संख्या पूर्ण नहीं है इसलिए इस समूह का पंजीयन रद्द कर उचित मूल्य की दुकान जय अंबे महिला समूह रघ्घुपारा को दिलाने के लिए महिलाओं ने मांग की है।

खुज्जी में मनाई गुहा निषाद जयंती

खुज्जी/नवप्रदेश। प्राणप्रतिष्ठा के दौरान ग्राम खुज्जी में निषाद समाज के द्वारा श्री राम भक्त गुहा निषाद राज जयंती मनाई गई। स्थानीय राम मंदिर से भगवान राम की शोभायात्रा में महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल होकर ग्राम भ्रमण किया। वहीं समाज के युवाओं ने डीजे बाजे गाजे के साथ फटाके फोड़कर अपनी खुशिया व्यक्त की। बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में आर एस एस के युवाओं ने पूजा अर्चना के बाद ,खीर पूड़ी का वितरण किया। स्थानीय बाजार चौक में निषाद समाज परिक्षेत्र खुज्जी के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भक्त राज गुहा की जयंती कार्यक्रम के मुख्यअतिथि खुज्जी के अध्यक्ष गौतरिया निषाद थे। उन्होंने शिक्षा के प्रति जागरूक होने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डोंगरगांव जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शुयस नाहटा ने की। उन्होंने भक्त गुहा निषाद के प्रेरक प्रसंग की चर्चा की। जब जब राम की चर्चा होती है ,तब तब भक्त गुहा निषाद की भी चर्चा होती है। आपका समाज रामायण का एक अहम हिस्सा रहा है। इससे प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ना चाहिए। विशेष अतिथि टेक राम निषाद, हिंसा निषाद, श्रवण निषाद,विदेश निषाद, दिनेश निषाद,गरीबा निषाद,सुख सागर ,हीरा लाल निषाद आदि थे। उक्त आयोजन में पोटिया डीह धमतरी की मानस मंडली ने मानस की प्रस्तुति दी। इस मौके पर ,मुरली निषाद, दुर्गा निषाद पेमुल निषाद, फूल सिंग निषाद, बलराम, रामाधार,राज कुमार निषाद, प्रद्युम्न निषाद,हरीश साबला, खोर बाहरा निषाद आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विमल जैन व संदीप यादव ने किया। आभार व्यक्त सेवा निवृत्त प्रधान पाठक खोर बाहरा निषाद ने किया।

अवैध खाद (झाइम) की नीलामी 31 को

बेमेतरा/नवप्रदेश। न्यायालय कलेक्टर जिला बेमेतरा छग के द्वारा पारित आदेश 3 अप्रेल 2023 के परिपालन में सेवा सहकारी समिति खण्डसरा, चंदनू एवं उमरिया से जब्त की गई अवैध खाद (झाइम) सामग्री की ऑफसेट दर का निर्धारण उक्त सामग्री के निर्माण एवं अवसान तिथि के आधार पर समिति के द्वारा किया गया हैं। साथ ही जब्त एनपीके खाद की ऑफसेट रेट का निर्धारण अधिसूचित प्रयोगशाला से प्राप्त विश्लेषण परिणाम के आधार पर किया गया हैं।

दिव्य अनुभूति से पूरा देश हुआ राममय

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम सिंघोला में विकासखंड स्तरीय आयोजन किया गया। यहां अयोध्या में अनुष्ठान का सीधा प्रसारण देखा गया। जैसे ही विग्रह की आंख से पट्टी हटाई गई सभी श्रद्धालुजनों ने जयश्री राम के नारे लगाए। अतिथियों ने श्रीराम की विशेष पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के सौभाग्य मिलने पर अपनी भावनाएं व्यक्त की। आयोजन में अतिथि जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी ने कहा कि, यह पीढ़ी धन्य हैं, जिन्हें ऐसा पुण्य प्राप्त हुआ है। यह इस युग का वो क्षण हैं जो फिर नहीं आएगा। अयोध्या में 528 वर्ष के विश्राम के बाद श्रीराम लला पुनः अपने जन्मस्थल पर प्रकट हुए हैं। इसकी दिव्य अनुभूति से पूरा देश राममय हो गया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य सिंघोला ललिता डोमार साहू, सरपंच मुकेश साहू, मनीष साहू, मुकेश बंछोर, श्री शुक्ला व सभी जनपद के कर्मचारी व सभी ग्रामवासी मौजूद थे।

आंबा सहायिका के लिए दावा आपत्ति 2 तक

बेमेतरा/नवप्रदेश। बाल विकास परियोजना बेमेतरा द्वारा वार्ड नं.12 (नया वार्ड 15) में पद आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती हेतु विज्ञापन 16 मई 2023 को चस्पा किया गया था। 18 जनवरी 2023 को मूल्यांकन समिति की प्रथम बैठक आहूत हुई, समिति द्वारा भर्ती किये जाने हेतु अनुमोदित अंतरिम/प्रावधिक मूल्यांकन पत्रक सर्व साधारण की सूचना हेतु बाल विकास परियोजना कार्यालय बेमेतरा तथा नगर पालिका परिषद बेमेतरा के कार्यालय परिसर में निर्धारित स्थान पर चश्पा किया गया है। यदि उक्त अंतरिम मूल्यांकन पत्रक में वरीयता/प्राथमिकता के संबंध में किसी आवेदिका को दावा-आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के 24 जनवरी से 2 फरवरी तक बाल विकास परियोजना कार्यालय बेमेतरा में अपनी लिखित दावा/आपत्ति कार्यालयीन समय में दर्ज करा सकते हैं।

बेमेतरा पुलिस की अभिनव पहल उड़ान

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता के दिशा निर्देशन में बेमेतरा पुलिस के द्वारा ऐसे युवाओं के लिए जो पुलिस एवम आर्मी में भर्ती होना चाहते हैं, उनके लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा एवम लिखित परीक्षा की गैर आवासीय निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी। गौरतलब है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ पुलिस एवं आर्मी में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसी दौरान बेमेतरा पुलिस के द्वारा युवाओं के स्वर्णिम भविष्य को ध्यान में रखते हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा एवम लिखित परीक्षा की निःशुल्क तैयारी कराने की एक माह की रूपरेखा तैयार की गई हैं। जिसके तहत 1 फरवरी से प्रतिदिन युवाओं को परीक्षा की तैयारी विषय विशेषज्ञों के द्वारा कराई जाएगी।

शंकर नगर में निकली शोभायात्रा

■ **51,00 दीयों से जगमगाया बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर**

नवागढ़/नवप्रदेश। अयोध्या धाम में प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर धर्मनगरी नवागढ़ पूरी तरह से राममय रहा। जगह-जगह कार्यक्रम में लोगों ने राम के काम में हिस्सा लिया। शाम को मंदिर में 5100 दीए प्रज्वलित किए गए।

नगर के ऐतिहासिक धरोहर श्री राम जानकी मंदिर,बुढेश्वर महादेव मंदिर शंकर नगर, श्री सिद्ध गणेश मंदिर, सिविल लाइन सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर राम नाम का जाप कर प्रसादी वितरण किया गया।

बुढेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से दर्शन के लिए पहुंच रहे

थे। दोपहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो नगर का भ्रमण कर शंकर मंदिर में समाप्त हुई। हलवा और पूड़ी का प्रसादी वितरण किया गया। इसमें बुढेश्वर महादेव सेवा समिति के सदस्य अमित जैन,पार्षद रामनारायण छली श्रीवास,रमेश तोरण निषाद, संजय शर्मा,दुर्गेश शर्मा, अर्जुन रजक, मनोज देवांगन, संतोष पाल, किशोर राजपूत, पप्पू ठाकुर, रमेश सिन्हा, मोहित राजपूत,कृष्णा विश्वकर्मा, गणेश सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा सहित सैकड़ों अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रसादी वितरण पश्चात शाम को समूचे मंदिर परिसर को 5,100 दीये से रौशन किया गया।

न्याय यात्रा पर हमला, कांग्रेस ने किया मौन प्रदर्शन

■ **शहर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस ने मुख्यालय में किया प्रदर्शन**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर सुनियोजित षड्यंत्रपूर्वक किए हमले के विरोध में मंगलवार 23 जनवरी को जयस्तंभ चौक पर कांग्रेसजनों द्वारा काली पट्टी बांधकर मौन विरोध प्रदर्शन किया गया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी द्वारा लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत भारत की एकता और अखंडता के लिए भारत जोड़ो

न्याय यात्रा निकाली गई सुनियोजित षड्यंत्रपूर्वक हमला किया जा रहा है, जिसको लेकर जिला मुख्यालय में 23 जनवरी मंगलवार को काली पट्टी बांधकर एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसजन जयस्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक तक मौन रैली निकाली।

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि देश की अखंडता व लोकतंत्र को बचाने के लिए भारत न्याय यात्रा निकाली गई, जिसको असफल बनाने के लिए सत्ता पक्ष द्वारा यात्रा में तोड़फोड़ व कांग्रेसजनों को परेशान किया जा रहा है एवं हमारे नेता राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोका गया जिसको लेकर यहा प्रदर्शन किया गया।

मौन प्रदर्शन के संबंध जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं। यह यात्रा जब असम पहुंची तो उनके काफिले पर सुनियोजित षड्यंत्रपूर्वक छेड़खानी करते हुए बैनर-पोस्टर फाड़कर तोड़फोड़ कर अभ्रद व्यवहार किया गया। राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोका गया, इसको लेकर कांग्रेस पूरे देश में मौन प्रदर्शन कर निंदा कर रही हैं।

इस अवसर पर महापौर पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कमलजीत सिंह पिन्टू, पदम सिंह कोठारी, आफताब आलम, रमेश राठौर, प्रदेश महामंत्री डा. थानेश्वर पाटिला, महेन्द्र यादव, अब्दुल कलाम, मेहुल मारू, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, शकील रिजवी, झम्मन देवांगन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, इकरामुद्दीन सोलंकी, माया शर्मा, प्रकाश ठाकुर, बबलू कसार, अरशद खान, गेमू कुंजाम, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, मनीष साहू, महेश साहू, मामराज अग्रवाल, ललिता साहू, फरमान अली, सागर ताम्रकार, आरबी मिश्रा, योगेन्द्र दास वैष्णव, धमेन्द्र साहू, राहुल गजभिये, मोहसिन कुरैशी, कामता प्रसाद, विजय अग्निहोत्री, संदीप जायसवाल, अजय मारकंडे, शैलेष रामटेके, विपत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

शिविर में नवीन मतदाताओं से भरवाए फॉर्म

अंबिकापुर/नवप्रदेश। मुख्य पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार सरगुजा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) नूतन कंवर के नेतृत्व में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सरगुजा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हॉलीक्रास नर्सिंग कॉलेज अम्बिकापुर में श्रीमती दीपिका नोडल प्राध्यापक स्वीप, प्राचार्य जोनिफर के नेतृत्व में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, आगामी लोकसभा निर्वाचन व विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया जिसमें फार्म 6,7,8 एवं 6बी के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही नवीन मतदाताओं का वोटर हेल्पलाईन एप के माध्यम से फॉर्म 6 भरवाया गया।शासकिय इंजिनियरिंग महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गोद ग्राम पंचायत मेंड्राखुर्द में रैली निकालकर ग्राम सभा आयोजित कर उपस्थित नागरिकां को शत् प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया, स्वीप टीम सरगुजा के द्वारा सभा में उपस्थित मतदाताओं एवं छात्र-छात्राओं को शत् प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई गई। इस मौके पर जिला सरगुजा स्वीप कमेटी से अशोक सिंह, बीपीओ कमलेश वर्मा, बीपीओ रजनीश मिश्रा, प्रीति तिवारी, शालिनी शर्मा, किरण खलखो समेत भारी मात्रा में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अखंड नवधा रामायण का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम बैकुंठधाम बामपारा में अखंड नवधा रामायण एवं मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 22 जनवरी से 1 फरवरी तक किया गया है। कार्यक्रम के आचार्य पंडित गुणेश्वर प्रसाद शर्मा को तथा मुख्य यजमान गंगोत्री विमल साहू को बनाया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 9001 रूपए, तृतीय पुरूस्कार 7001 रुपए, चतुर्थ 6001 रूपए, पंचम पुरस्कार 4001 रूपए, षष्ठम पुरस्कार 3501 रूपए, सातवां पुरस्कार 3001 रूपए इसी तरह 12 पुरस्कार चयनित मानस मंडलियों को प्रदान किया जाएगा। बेस्ट गायक गायिका एवं अच्छे से प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। 29 जनवरी को जल यात्रा एवं 1 फरवरी को पूर्ण आहुति, सहस्त्र धारा, समापन एवं रात्रि में मानस गान प्रतियोगिता आयोजित की गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी जनपद सदस्य डॉ. रामकुमार साहू ने दी।

शोभायात्रा यात्रा में लोगों ने लिया हिस्सा

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम देवरी में भगवान श्री रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर्व मे भव्य कलश यात्रा एवं भगवान श्री रामचंद्र एवं सीता माता भाई लक्ष्मण और भक्ति राम भक्त हनुमान की शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। भगवान राम आज इस महोत्सव उत्सव में आज पूरा गांव अयोध्या धाम एवं राम मय हो गए थे। इस पावन पर्व में हर गली हर घर एवं मंदिरों को भगवा कलर में रंग दिया गया था।

कस्तूरबा गांधी आश्रम की छात्राएं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में लेंगी हिस्सा

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। इंडियन ताइक्कांडो के द्वारा राष्ट्रीय ताइक्कांडो जूनियर एवम कैडेट प्रतियोगिता का आयोजन 4 फरबरी से 7 फरवरी तक राजस्थान के जयपुर में किया जाना है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता और राष्ट्रीय सिलेक्शन का आयोजन दिनांक 21 जनवरी 2024 को किया गया था। जिसमें राज्य के करीब सभी जिले के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदेश के ग्रामीण अंचल लखनपुर ब्लॉक के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रजपुरीकला की 4 छात्राओ- दिव्या दास, प्रियांशी मिंज, चंद्रवती खांडे और रंगीता सिंह ने भी अपने प्रशिक्षक नितिन श्रीवास्तव एवं अधीक्षिका अनुराधा सिंह के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें दिव्या दास, प्रियांशी मिंज, और रंगीता ने अपने अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। तथा चंद्रवती को द्वितीय स्थान के साथ रजत पदक प्राप्त किया। छात्रों की इस उपलब्धि से छात्रावास गौरवान्वित एवं उत्साहित है। अगले महीने जयपुर में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तीनों प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर अपना खेल प्रदर्शन करेंगे।

निधन

मुरली प्रसाद पाण्डेय

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली प्रसाद पाण्डेय का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे प्रमोद पाण्डेय के पिता व प्रधान आरक्षक शाश्वत पाण्डेय के दादा जी थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

अंतिम दिन धान खरीदी का होगा भौतिक सत्यापन, अतिक्रमण हटाया जाएगा

कलेक्टर ने ली गणतंत्र दिवस की तैयारी की जानकारी, दिए निर्देश

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर ने मंगलवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में धान खरीदी के अंतिम दिनों में सुचारू व्यवस्था के लिए खाद्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में पटवारियों के माध्यम से कड़ाई से भौतिक सत्यापन कराया जाए। इसी के साथ कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त, सभी एसडीएम, तहसीलदार और सीईओ जनपद पंचायत से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के मामलों पर भी कड़ी नजर बनाते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन सुनिश्चित किया जाए। सभी विभाग दिए गए दायित्वों को गंभीरता से पूर्ण करें। 24 जनवरी को जिले में पीजी कॉलेज ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल की जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह के तहत विभागों द्वारा झांकी का प्रदर्शन एवं स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे।

कलेक्टर श्री भोस्कर ने पंचायत एवं श्रम विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनरेगा अंतर्गत पंजीकृत महिला श्रमिकों के गर्भधारण पर उन्हें श्रम विभाग की योजनाओं का अनिवार्य रूप से लाभ मिले। शासन द्वारा श्रम विभाग अंतर्गत गर्भवती माताओं के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें आर्थिक सहायता राशि प्रदाय किए जाने का प्रावधान है। कलेक्टर ने कहा कि दोनों विभागों को आपसी समन्वय करते हुए इन योजनाओं से माताओं को जोड़ें जिससे उन्हें मदद मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने पीएम जनमन योजना के विभिन्न बिंदुओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

हर शुक्रवार को होगी समीक्षा

कलेक्टर श्री भोस्कर ने बैठक में समय समय पर विभागों के कार्यों की प्रगति को समीक्षा के लिए कार्ययोजना बनाई जिसके तहत हर शुक्रवार को उस दिन के लिए निर्धारित किसी एक विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी जिससे विभागीय योजनाओं की प्रगति और जिले की स्थिति की जानकारी मिल सके।

क्रियान्वयन की देंगे जानकारी

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिला अधिकारियों को पंचायतों के नोडल बनाए जा रहा है। इसके लिए तैयारी कर ली गई है। इससे अंतर्विभागीय योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन की जानकारी मिल सकेगी जिसके आधार पर आमजन की सुविधा हेतु सुधार किया जा सकेगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, आईएफएस (परिवीक्षा) अक्षय भोंसले, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, अपर कलेक्टर सुनील नायक, टेकचंद अग्रवाल, एएल ध्रुव सहित एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

दिव्यांग युवती से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

जशपुर/नवप्रदेश। बगीचा थाना क्षेत्र में दिव्यांग युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बगीचा थाना प्रभारी सतीश सोनवानी ने बताया कि 20 जनवरीको 23 वर्षीय नेत्र से दिव्यांग युवती घर में अकेली थी। वहीं उनकी मां पास के गांव गई हुई थी। आरोपी शोभनराम घर में सूनेपन का फायदा उठाकर बाड़ी से घर में घूस गया। इसके बाद दरवाजे को अंदर से बंद कर दिया। आरोपी कमरे में आराम कर रही दिव्यांग युवती से जबरदस्ती करने लगा। युवती के विरोध करने पर उनका मुंह दबा दिया और दुष्कर्म किया। युवती के चिल्लाने पर आरोपी घर के मियार में चढ़ गया। आरोपी ने किसी को घटना की जानकारी देने पर युवती को जान से मारने की धमकी दी। इस बीच युवती के चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी मदद के लिए पहुंचे। इधर पीड़ित की मां शाम को जब घर पहुंची तो पीड़िता ने घटना की जानकारी दी। मामले में पीड़िता की मां ने बगीचा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची।

उप मुख्यमंत्री साव ने कार सेवकों का किया सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा ब्लाक तथा जिला स्तर पर रामोत्सव के भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम मुंगेली जिले के बरेला में आयोजित किया गया। उप मुख्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों द्वारा जय श्रीराम की आकृति के दीपों का प्रज्वलन कर तथा रामलला की पूजा अर्चना कर रामोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार सेवकों का सम्मान किया गया। रामोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि 500 वर्षों की लंबी तपस्या के बाद भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं है, बल्कि पूरे भारतवासी की आन, बान, शान और स्वाभिमान का प्रतीक है। प्रभु श्रीराम हम सबके श्रद्धा व आस्था के केन्द्र हैं, उनके बताए हुए रास्ते से दुनिया में सुख, शांति और समृद्धि आ सकती है। आज भगवान राम के इस उत्सव को पूरे देश के लोग मना रहे हैं। लोरमी में भी बेर से बने हुए भगवान राम की आकृति निर्मित करने का रिकार्ड बना है। अब पूरा हिन्दुस्तान एक नए दिशा में एक नई सोच के साथ बढ़ेगा तथा छत्तीसगढ़ में रामराज्य का सपना साकार होगा।

व्यापार मेला में कवि सम्मेलन संपन्न

मुंगेली। व्यापार मेला के चौथे दिन कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। कवियों ने अपनी कविता में राजनीति पर खूब कटाक्ष किया। राम मंदिर, राष्ट्रभक्ति, समाज, श्रृंगार और हास्य से गुदगुदाया। कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे ने अपने अंदाज से लोगों को खूब हंसाया। राम मंदिर और बहुत बदल है मेरा देश कविता से खूब तालियां बटोरी।

उदयपुर राजस्थान के कवि पैरोडीकार पार्थ नवीन ने अपने पैरोडी गीतों से खूब ठहाके लगवाएं। उनके पैरोडी पर श्रोता ताली बजाकर साथ देते रहे। श्रृंगार की कवयित्री सुमित्रा सरल ने प्रेम के गीतों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कवि देवेंद्र परिहार ने अपनी कविता में प्रभु राम पर कविता सुनाई। श्रोताओं की ओर से जय श्री राम के उद्घोष होने लगे। पारसमणी शर्मा ने अपनी कविता में देशभक्ति के भाव से श्रोताओं को सरोबार कर दिया।

निरीक्षण- देवगढ़ में संचालित जय हनुमान राइस मिल किया सील

अंबिकापुर/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य में धान खरीदी के अंतिम दिनों में प्रशासन द्वारा कोचियों-बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की टीम द्वारा लगातार जांच कर सख्ती के साथ अवैध धान भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर कार्रवाई जारी है।

गोपनीय सूचना मिलते ही खाद्य विभाग की टीम विकासखंड सीतापुर के ग्राम पंचायत देवगढ़ के सतीश अग्रवाल द्वारा संचालित मेसर्स जय हनुमान राइस मिल पहुंची। प्राप्त सूचना के आधार पर जांच पश्चात किसानों को धान बेचने की शिकायत सही पाए जाने पर राइस मिल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि मिलर्स पर छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 एवम आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। जांच में जिला खाद्य अधिकारी रविंद सोनी, जिला विपणन अधिकारी अरुण विश्वकर्मा, सहायक खाद्य अधिकारी रोशन गुप्ता, नोडल अधिकारी स्टेट वेयरहाउसिंग संदीप गुप्ता उपस्थित थे।

भजन संध्या में कार सेवकों का सम्मान

सक्ती/नवप्रदेश। श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर भजन संध्या एवं कार सेवकों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया, इस अवसर पर जहां हजारों की संख्या में शहर के राम भक्त, धर्म प्रेमी मौजूद रहे तो वही भगवान श्री रामलला की महा आरती एवं पूजा अर्चना के साथ महाभोग लगाया, कार्यक्रम में महामंडलेश्वर अमृतानंद सरस्वती भरत महाराज, प्रकांड विद्वान पंडित भोलाशंकर तिवारी, आयोजन समिति के प्रमुख पूर्व नपा अध्यक्ष श्याम सुन्दर, आनंद, अरूण, राहुल सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर से पहुंचे तिवारी बहनों ने सुमधुर भजनों के साथ समा बांधा एवं राम भक्त भी भजनों की प्रस्तुति पर मंत्र मुग्ध होकर नाचने गाने लगे, वही आयोजन समिति की ओर से वर्ष 1992 में सक्ती शहर से अयोध्या की ओर कुच करने वाले कार सेवकों का सम्मान किया, जिसमें प्रमुख रूप से पंडित नारायण प्रसाद शर्मा, स्वर्गीय जगदीश सराफ के सुपुत्र राजेष सराफ, दीपक गुप्ता, अधिवक्ता कृष्ण देवांगन, चितरंजन, कृष्णा , राजेश शर्मा, स्वर्गीय कुमार पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह की सुपुत्री सिद्धेश्वरी सिंह, लखन देवांगन, लक्ष्मी सोनी, चमरू राम अग्रवाल, राजेश प्रधान, मलखे सोनी, परमेश्वर परिहार, स्वर्गीय त्रिवेणी प्रसाद गबेल के सुपुत्र पंकज गबेलख् सभाजीत श्रीवास के सुपुत्र श्री श्रीवास जी, स्वर्गीय अजय चंद्रा हरेठी के भाई अनिल चंद्रा एवं किरारी के होषराम राठौर के सुपुत्र महेन्द्र प्रताप सिंह का सम्मान किया गया। वही आयोजन समिति की ओर से कार सेवकों के सम्मान के साथ ही धर्म एवं सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति, सिद्ध श्री हनुमान सेवा परिवार थाना चौक सक्ती, गौ सेवा समिति मयंक ठाकुर, मास्टर टेंट हाउस द्वारिका चिराग, हिमांशु सिंघल ग्रुप शहर में भव्य बाईक रैली के आयोजन हेतु भंडारे के आयोजन के लिए तनवीर कुरैषी एवं ग्रुप श्री मारवाडी पंचायती मंदिर पूजा समिति सक्ती, राम सप्ताह आयोजन समिति कसेर पारा, नवधा चौक नवधा रामायण आयोजन समिति सक्ती, श्रीराम मानस मंडली सक्ती मांगेराम, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों द्वारा 2100 दीप एवं रंगोली बनाने पर, मारवाडी युवा मंच शाखा सक्ती अध्यक्ष मनीश आक्सीजन गैस सिलेंडर कॉविड काल में बेहतर सेवा के लिए, दीपक सेवक रिकी एवं राहुल खाद्यन्न सामग्रियों के पैकेट पहुंचाने सहित अन्य संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया।

अखंड श्रीराम नाम हरि कीर्तन समारोह संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। सिंगबांधा में अखंड श्रीराम नाम हरि कीर्तन समारोह संपन्न । ग्राम सिंगबांधा में अयोध्या में भगवान श्रीरामचंद्र की मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा पर दो दिवसीय अखंड श्रीराम नाम हरि कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया। आसपास के हर कीर्तन मंडलियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जिससे ग्राम में भक्तिमय का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती जानकी रामकुमार साहू, विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सदस्य मानस प्रताप सिंह बैंस, पूर्व जनपद सदस्य डॉ. रामकुमार साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता लोकनाथ सिंह उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने श्रवण साहू, हरिशचंद्र साहू, लैन साहू, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, हेमलाल साहू, कार्तिक साहू, महेतरू साहू, जनक साहू, परसराम, भानु दुबे, मालिक राम साहू, दिनेश साहू सहित हरि कीर्तन मंडली के सदस्यगण एवं ग्रामवासी जुटे रहे।

भारतीय सैन्यबलों में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन शुरु

अंबिकापुर/नवप्रदेश। भारतीय सैन्यबलों में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रकिया आरंभ हो गई है। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन 17 जनवरी से शुरू हो गया है पंजीयन हेतु पोर्टल 6 फरवरी तक खुला रहेगा। ऐसे आवेदक जिनका जन्म 02 जनवरी 2004 और 02 जुलाई 2007 (दोनों तिथियों का सम्मिलित) के मध्य हुआ हो ऑनलाईन आवेदन हेतु पात्रता रखते है। विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। भर्ती हेतु आवेदन किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ या इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा। किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से 50 प्रतिशत अंको के साथ जिसमें अंग्रजी विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ, साइंस विषय के अलावा अन्य विषय किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 या समकक्ष परीक्षा 50 प्रतिशत अंको के साथ जिसमें अंग्रजी विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण आवेदक पंजीयन करा कसते है।

इसी प्रकार भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2024 हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की तिथि 08 फरवरी से 21 मार्च 2024 तक निर्धारित है। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदकों की अर्हता अग्निवीर सामान्य ड्यूटी में 10वीं कक्षा 45 प्रतिशत अंकों से (प्रत्येक विषय में 33 अंक), ग्रेडिंग सिस्टम होने पर 10वीं कक्षा में सी ग्रेड एवं प्रत्येक विषय में कम से कम से डी ग्रेड, जिन आवेदकों के पास लाईट मोटर व्हीकल का ड्राइविंग का लायसेंस होगा, उन्हें ड्राइवर के पद पर प्राथमिकता दी जायेगी।

मेला रामनामी मेले में दूर-दूर से लोग आकर रामनामियों के साथ रात रहते हैं

राम के नाम से ही कृतार्थ हो सकता है मानव जीवन

सक्ती/नवप्रदेश। रामनामी मेला जिसके बारे में शायद सभी लोगों को पता न हो। यह मेला वास्तव में राम भक्तों का एक अनोखा मेला है। जिसमे पौष शुक्ल पक्ष एकादशी से त्रयोदशी तक 3 दिवस इस मेले में रामनामी राम भक्तों द्वारा राम नाम का भजन लगातार किया जाता है। रामनामी मेले के दौरान ये रामभक्त राम राम जैतखाम चबूतरे में पूरे दिन और रात रहते है और राम भजन करते है, जो किसी तप से कम नहीं। वर्तमान कलयुग के समय में भी इस तरह से रामनामी होना और पूरे सद्भाव, सदविचार, शाकाहार के साथ बिना किसी बुराई के इस तरह का सद्भावपूर्ण मेला आयोजित होना वास्तव में आज के परिवेश में अनुकरणीय है। वास्तव में यह रामनामी प्रभु श्री राम के सच्चे भक्त है।

रामनामी मेले में आए तिहारूराम रामनामी ने बताया कि राम के नाम से ही मानव जीवन कृतार्थ हो सकता है। रामनामी समाज में किसी भी प्रकार के जाति, धर्म, लिंग का भेद नहीं है। कोई भी व्यक्ति जिसका खान पान शुद्ध हो, जिसके मन में सद्भाव हो, सद्विचार हो, जो शराब आदि किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन न करता हो और जिसका मन शुद्ध हो वह जरूर रामनामी बन सकता है। चाहे वह किसी भी जाति, धर्म का हो। प्रत्येक वर्ष महानदी के दोनो पार बारी बारी से आयोजित होने वाले रामनामी मेले में दूर दूर के गावो से आकर आमजन रामनामियो के साथ पूरी रात रहते है और शांतिपूर्वक रामनामी मेले में शामिल होते है। ऐतिहासिक रामनामी बड़े भजन मेला पूरे जैजैपुर नगर की प्रमुख गलियों में भव्य कलश यात्रा निकाल कर की गई। जिसमे क्षेत्र के कुंवारी लड़कियों सहित अन्य इच्छुक लोग उत्साह पूर्वक शामिल हुए। सक्ती जिले में 115वां बड़े भजन मेला का शुभारंभ हुआ है। जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और दूर दूर से ग्रामीण आकर इस मेले में शामिल हुए।

नगर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर निकली शोभा यात्रा

लखनपुर/नवप्रदेश। भगवान श्रीराम के जन्म स्थली अयोध्या में भव्य राममंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर नगर में भी धूमधाम से उत्सव मनाया गया। प्राचीन राममंदिर (ठाकुर बाड़ी) में पंडित पुजारियों द्वारा भगवान श्री राम, माता जानकी, लक्ष्मण भरत, शत्रुघ्न की पूजा अर्चना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, प्रदीप गुप्ता , यतेंद्र पांडेय, सुनील अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल अविनाश अग्रवाल मुकेश अग्रवाल,विकास अग्रवाल, पिटु अग्रवाल तथा अन्य गणमान्य नागरिकों के अगुआई में जन आस्था के अनुरूप भव्य शोभायात्रा रैली निकाली गई। शैला नर्तक दल के कलाकारों द्वारा नृत्य करते डीजे साउण्ड सिस्टम के स्वर लहरी में भक्ति गीत बजाते आतिशबाजी और जयघोष करते ध्वजा पताका के साथ श्री राम भक्तों ने विशाल शोभायात्रा रैली निकाली। शोभायात्रा नगर के प्रमुख से गुजरते हुए शिव मंदिर प्रांगण में स्थापित हनुमान मंदिर पहुंची जहां भगवान शिव शंकर तथा महावीर हनुमान की पूजा अर्चना के बाद रैली मुख्य मार्ग से गुजरते दैनिक गुदरी बाजार हनुमान मंदिर में जाकर मुकम्मल हुई। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में स्थानीय जय दुर्गा राइस मिल के मालिक ब्रम्हलीन सेठ जगरनाथ अग्रवाल के पुत्र शिवकुमार अग्रवाल, अनील अग्रवाल, हरविन्द अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल सपरिवार द्वारा जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रसाद के साथ गरम कपड़ों का वितरण किया गया।

न्यूज गैलरी

पूजा अर्चना कर मनाया प्राणप्रतिष्ठा समारोह

उतई/नवप्रदेश। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह श्री सिद्ध विनायक गणेश मंदिर उतई प्रांगण में भगवान श्री रामलला की पूजा अर्चना कर महाभोग प्रसाद वितरण कर बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर संतोष बमभोले, अश्वनी यादव, धनी साहू,टिल्लू साहू, थानसिंग गुरूपरख, बिरसिंग रिगरी, उमा शंकर कोसरिया, कुलेश्वर साहू,खिलेंद्र ठाकुर,देवी साहू, डिकेश साहू, सुरेंद्र यादव, वैष्णव महाराज , भानु रिगरी और मोहलल्लेवासियो इस आयोजन में सहयोग किया।

पलारी में रामभक्ति का दिखा उत्साह

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। पलारी मंडल में रामभक्तों द्वारा काफी घरों व मंदिरों में पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई। कई गांवों में शोभायात्रा निकाल कर अन्य समारोह आयोजित किए गए। इस अवसर भाजपा मंडल अध्यक्ष पलारी नंदकुमार वर्मा विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पुनीत अवसर के साक्षी बने हैं। इस समय राम लहर चल रही है। करोड़ों देशवासियों, हमारे पूर्वजों और रामलला की जन्मभूमि पर प्रभु श्री राम के मंदिर पुनः निर्माण हेतु संघर्ष करने वाले समस्त रामभक्तों के लिए आज ऐसा अद्भुत दिन है। इसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन ह। . आज के इस दिन के लिए लाखों लोगों ने संघर्ष कर अपने प्राणों की आहुति दी। उन सभी बलिदानियों को नमन करते हैं। इस अवसर आईटी सेल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र वर्मा, कोसमंदी सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा, आईटी सेल जिला संयोजक नेतरजन निर्मलकर , पार्षद सभापति रवि ध्रुव, पार्षद श्रीमती नूतन मनोज वर्मा, भाजयुमो प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य लोकेश, युवा मोर्चा अध्यक्ष भोला वर्मा , युवा मोर्चा उपाध्यक्ष गौतम यादव युवा मोर्चा जिला कार्यालय प्रभारी लक्की कन्नौजे युवा मोर्चा मंत्री देवव्रत महेश्वर भाजपा नेता भूपेंद्र रात्रे मंतराम साहू हेमंत साहू चैतन्य वर्मा हेमंत देवांगन लिमिनेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में सभी जगहों में गणमान्य नागरिक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बेदराम चंद्रवंशी पदोन्नत होकर उपनिरीक्षक बने

डोंगरगांव/नवप्रदेश। सोमवार 22 जनवरी को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश

एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में वर्तमान में थाना डोंगरगांव में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक बेदराम चंद्रवंशी जो 32 सालों से कार्य कर रहे हैं। उन्हें पदोन्नत कर उपनिरीक्षक बनाया गया। बेदराम चंद्रवंशी एक सरल एवं व्यहारशील व्यक्तित्व के धनी व कानून के जानकार हैं। कई सघन नक्सली क्षेत्रों की चौकी ,थाने में जुझते हुए कई ऑपरेशन का नेतृत्व कर सफलता हासिल की है। सि दौरान उन्होंने राजनांदगांव, खैरागढ, डोंगरगांव, अंचौकी ,मानपुर,साल्हेवारा, गरियाबंद अन्य थानों में अपनी सेवा दी है।

नगर में प्राण प्रतिष्ठा पर पूजा अर्चना कर निकाली शोभायात्रा

■ जय दुर्गा राइस मिल ने भक्तों-श्रद्धालुओं को परोसा भंडारा, बांटे कपड़े

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लखनपुर में सोमवार 22 जनवरी को उत्सव मनाया गया। राममंदिर (ठाकुर बाड़ी) में भगवान श्री राम, माता जानकी, लक्ष्मण भरत, शत्रुघ्न, सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना की गई। पीएम मोदी के आव्हान पर अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, प्रदीप गुप्ता , यतेंद्र पांडेय, सुनील अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल मुकेश अग्रवाल,विकास अग्रवाल पिटु अग्रवाल तथा अन्य गणमान्य नागरिकों की अगुआई में शोभायात्रा निकाली गई। शैला नर्तक दल, डीजे की धुन पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जोरदार आतिशबाजी, जयघोष के साथ झंडा लहराते रामभक्त निकले। शोभायात्रा ने नगर का भ्रमण कर शिव मंदिर प्रांगण में स्थापित हनुमान मंदिर पहुंची। जहां भगवान शिव शंकर तथा महावीर हनुमान की पूजा अर्चना के बाद दैनिक गुदरी बाजार हनुमान मंदिर में जाकर समाप्त हुई। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। प्राण प्रतिष्ठ के उपलक्ष्य में जय दुर्गा राइस मिल के मालिक शिवकुमार, अनील, हरविन्द, राजेंद्र अग्रवाल ने जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रसाद और गरम कपड़ों का वितरण किया। राम लला की स्थापना का महोत्सव लखनपुर ब्लाक भर में मनाया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने लखनपुर पुलिस की सराहनीय भूमिका रही। हर तरफ भक्ति का वातावरण बना रहा। जगह जगह अखंड रामायण, भजन कीर्तन रंगोली स्पर्धा, देवालयों, मंदिरों, सरकारी दफ्तरों घरों में दीप जलाए गए। ब्राह्मण समाज इकाई लखनपुर ने प्रतिक्षा बस स्टैंड में स्थापित भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धूप दीप प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर सत्यनारायण तिवारी, दिनेश पांडेय,अध्यक्ष बृजेन्द्र पांडेय बृज किशोर पांडेय, रामनारायण दुबे, शशि भूषण पांडेय मुन्ना पांडेय डॉ रवि भूषण पांडेय,शैलेश पांडेय, राकेश पाण्डेय हर्षवर्धन पांडेय, उत्कर्ष पांडेय ब्राह्मण समाज के विप्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

विधायक संदीप ने कार्यालय में की पूजा अर्चना

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कसडोल विधायक संदीप साहू ने अपने नवीन कार्यालय भवन का उद्घाटन कर राम भजन का आयोजन किया। विधायक संदीप साहू,जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान की शुभकामनाएं दी।उक्त अवसर पर भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक संदीप साहू ने श्री राम की महिमा का बखान करते हुए की राम का चरित्र मानव जीवन के लिए कल्याणकारी है,आज के इस दूषित परिवेश से बचना है और आनी वाली पीढ़ी में सेवा भाव भरनी है तो रघुकुल की रीति का अनुसरण आवश्यक है आगे उन्होंने कहा कि राम के मर्यादित जीवन को अपनाकर ही हम अपने राष्ट्र को समृद्धि के शिखर पर ले जा सकते है। सत्य सनातन धर्म में राम के प्रेम को पराकाष्ठा के शिखर पर पहुंचाने के लिए हर मनुष्य को अपने स्तर पर प्रयास करना जरूरी है नैतिकता के दायरे में रहने से हर क्लेश दूर होता है राम के आदर्श हर मनुष्य के लिए अनुकरणीय है जिसके चरित्र को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए अपने जीवन को राममय बनाकर सुगमता से व्यतीत कर सके। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने राम के आदर्शो को व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान राम अपने मन वचन कर्म से मर्यादित जीवन व्यतीत करने के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाएं आज के युवाओं के लिए श्री राम का जीवन सच में ग्रहण करने योग्य है की नारी का सम्मान और उनकी सुरक्षा के लिए संकल्पित रहे और उन पर रावण रूपी बुरी नजर डालने वाले बुराई का अंत करें,और एक आदेश पिता -पुत्र पति और मित्र बने।

11 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए गए

भटगांव/नवप्रदेश। नगर में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भटगांव नगर में गली मोहल्ले भगवा रंग में रंगा रहा। नगर राम भक्ति में डुबा रहा। चारों ओर जय श्री राम जय जय श्री राम के नारे लग रहे थे।

छोटू दादा स्टेडियम में सबेरे 24 कुंडीय श्री राम यज्ञ, उसके बाद संगीत मय सुंदरकांड का पाठ, इसके बाद शोभायात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान रथ पर प्रभु श्री राम सीता माता हनुमान जी लक्ष्मणजी भरत जी शत्रुघ्न जी की जीवंत झांकी निकाली गई। शाम को दीप उत्सव में 11000 दीप प्रज्जवलित किए गए। कार सेवकों का सम्मान, महा आरती और रात में भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री राम मंदिर में श्री रामचंद्र जी की पूजा अर्चना कर मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान शिवसेना के द्वारा भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। लोगों ने घरों के सामने दीए जलाए गए। जमकर फटाके फूटे। इसमें शिवसेना के जिला अध्यक्ष गगन वैष्णव, सरोज चंद्र एस के श्रीवास राजू आदित्य शिव यादव हेमंत साहू क्रांति दास मानिकपुरी महेश देवांगन साहू संगीता केवट रंभा जायसवाल संतोषी साहू खगेंद्र सिदार भोला सिदार आदि उपस्थित थे।

अटेरिया ने लिखा पत्र- केन्द्र के समान महंगाई भत्ता दे राज्य सरकार

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष करन सिंह अटेरिया ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर महंगाई भत्ता तथा सातवें वेतन मान के ऐरियर की लंबित अंतिम किस्त की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों को केन्द्र एवं अन्य राज्यों से कम महंगाई भत्ता मिल रहा है। जबकि देश में मंहगाई एक समान होने के उपरांत भी प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता से बंचित करना अनुचित है । 4त्र लंबित मंहगाई भत्ता नहीं दिये जाने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी हो रही है। प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताधयक्ष करन सिंह अटेरिया , उपाध्यक्ष के.पी श्रीवास, विहारी लाल पटेल, एच.वी.अंसारी, श्याम लाल साहू , प्रांतीय सचिव मंजू ठाकुर ,वस्तर संभाग के संभागीय अध्यक्ष ए.आर.जाटव, कोंडागाँव जिला अध्यक्ष शंकर सरकार, कांकेर जिला अध्यक्ष आर.के.सुमन, गरियाबंद जिला अध्यक्ष महेश कुमार पांडौरिया, रायपुर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कबीरधाम जिला अध्यक्ष बृन्दावन सिंह, राजनांदगाँव जिला अध्यक्ष हरी सिंह राजोरिया, दुर्ग जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा,अम्बिकापुर जिला अध्यक्ष सुभाषचंद्र गौर,प्रांतीय महामंत्री दुलेश्री कुर्रे, अरूण कुमार मेश्राम, कमल कुमार कसेर, राम जी जायसवाल,संगठन सचिव गोरे लाल रात्रे , आर.के.हिरवानी, एन.एस.डण्डोतिया, सुरेश सिंह जाटव, रवि अनंत, एस.आर.जाटव, श्रीमातादीन सोलंकी आदि सभी पदाधिकारियों द्वारा लोकतंत्र के संवैधानिक महापर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के शुभ अवसर पर प्रदेश के लाखों अधिकारी कमचारियों को 4 त्र लंबित मंहगाई भत्ता स्वीकार करने एवं सातवें वेतन मान के ऐरियर की लंबित अंतिम किस्त के भुगतान की मांग की गई है।

लोकतंत्र के संवैधानिक महापर्व गणतंत्र दिवस पर मंहगाई भत्ता स्वीकार करने कष्ट करें। जिससे देश के प्रधानमंत्री की गारंटी योजना का प्रदेश के लाखों अधिकारी कर्मचारियों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके और सीना चौड़ा करते हुए बोलें कि अबकी बार , कर्मचारी हितैषी सरकार।

7100 दीप प्रज्ज्वलित कर की रामलला की आरती

बचेली/नवप्रदेश। श्रीराम की भक्ति में डुबे बचेलीवासी। वो कहते है ना की जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी÷ अर्थात आपकी भावना जिस प्रकार की है। उसी प्रकार आप भगवान की कल्पना करते हैं। कुछ ऐसा ही लौह नगरी बचेली में नजारा देखने को मिला। बचेलीवासी राम भक्ति में ऐसे रम गए। मानो वो बचेली में नहीं अयोध्या में हो और श्री रामलला मंदिर के साक्षात दर्शन कर श्री राम लला की आरती कर रहे हों। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय मैदान पर 7100 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बचेली पूरी तरह से सज चुकी थी। भगवान राम की स्वागत के लिए घरों से लेकर मंदिरों, प्रतिष्ठानों व बाजार में उत्सव का माहौल था। श्रीराम के केसरिया ध्वज, फूलों व रंग-विरंगी लाइटों व झालरों से समूचे नगर को सजाया गया था। साथ ही इस दिवस को दीपावली की तर्ज पर विशेष बनाने हेतु सभी ने अपने घरों के सामने खूबसूरत रंगोली बनाकर दीप जलाकर आतिशबाजी कर रामलला का भव्य स्वागत किया। बचेली के केंद्रीय विद्यालय मैदान में भगवा रंग के वस्त्र धारण किए राम जी,हनुमान जी के भक्ति गीतों में झूमे हजारों लोग। आज अयोध्या नगरी में श्री राम लला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को भव्यता से मनाते हुए केंद्रीय विद्यालय मैदान में राम भक्तों द्वारा बेहतरीन आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में महिलाएं,पुरुष, युवा ,बच्चे सभी ने यज्ञ हवन के पश्चात श्री राम लला के छाया चित्र की आरती कर धूमधाम से उत्सव मनाया। एनएमडीसी परियोजना के महाप्रबंधक सहित अन्य विभाग के अधिकारी भी थिरके भक्ति गीतों पर महिलाओं ने भी भक्ति गीतों पर झूमकर राम लला का किया स्वागत। हजारों की संख्या में भक्तों ने खिचड़ी व खीर का प्रसाद ग्रहण किया। इस बेहतरीन आयोजन करने वाले राम भक्तो को उपस्थित श्रद्धालुओं ने धन्यवाद ज्ञापित किया व साथ ही यातायात व्यवस्था सहित सुरक्षा को लेकर पुलिस का भी सराहनीय सहयोग नगर भर में दिखाई दिया।

हनुमान और राम मंदिर में भक्तों ने जलाएं आस्था के दीप

बचेली/नवप्रदेश। श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर नगर के मंदिरों में भी रामभक्तों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। नगर के हनुमान मंदिर में विशेष तौर पर महिलाओं द्वारा राम नाम का दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान राम के आगमन का स्वागत किया गया व मंदिर के पुजारी द्वारा आए हुए रामभक्तों को केसरिया पट्टा भेंट किया गया। साथ ही विशेष पूजा अर्चना कर देश और नगर की खुशहाली की कामना की गई। श्रीराम मंदिर परिसर में भी बड़ी संख्या में भक्तों का तांता लगा रह। यहां भक्तों ने राम लला के आगमन पर आस्था के दीप जलाकर उनका स्वागत किया। स्वर्गीय पंडित जी की स्मृति में उनके बेटे कृष्णा ने मुख्य बाजार में खिचड़ी का भोग प्रसाद वितरण किया। इसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

127 वीं जयंती पर नेताजी को याद किया

■ जागृति मंच पखांजूर ने नेताजी की जयंती पर किए कार्यक्रम

पखांजूर/नवप्रदेश। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जागृति मंच पखांजूर में नगर भ्रमण रैली, सांस्कृतिक, अभिभाषण आदि कार्यक्रम नेताजी चौक पखांजूर में आयोजित किया। इसके मुख्य अतिथि के रुप में नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका साहा थी। विशेष अतिथि किशोर तरफदार, अजय सरकार और अनिल हालदार आदि थे। नगर अध्यक्ष, विशेष अतिथि गणमान्य नागरिकों ने नेताजी के छायाचित्र पर फूल और माल्यार्पण किया। शंकर एवं जागृति मंच उपाध्यक्ष ऋषिकेश मजूमदार, किशोर, मोनिका साहा, ऋषिकेश, रथिन्द्रनाथ ने अपने विचार रखे। संजय मंडल ने देशभक्ति गीत मेरा रंग दे वसंती चोला गीत प्रस्तुत किया। सभी ने कहा कि। इंसानियत हासिल करने का एक मात्र तरीका है इंसानियत के विकास में हर बाधा को चकनाचूर कर डालना। जब जहाँ अत्याचार, अन्याय व दुराचार होते देखो, वहाँ निडर दिल से सर ऊँचा उठाकर विरोध करो और दूर करने की जी जान से कोशिश करो। उन्होंने कहा कि हर युग में देश के श्रेष्ठ संतानों को शासक वर्ग के कुठाराघातों का मुकाबला करना पड़ा, रोष की कटार उन पर हमेशा गिरती रही है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भी इससे अछूते नहीं थे। सुभाष चन्द्र बोस के वास्तविक जीवन संघर्ष को तथा वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता को वैज्ञानिक और ऐतिहासिक विश्लेषण करना होगा। आज हम ऐसे समय से गुजर रहे हैं, जब सारा समाज चरम अधोगति, नीति-नैतिकता के स्तर में गिरावट तथा सामाजिक जिम्मेदारी को पूरी तरह छोड़ देने के कारण अवगुणों का शिकार हो रहे हैं। सांप्रदायिकता, जाति-वाद, क्षेत्रवाद और रुढ़ीवाद का जहर देश में तेजी से फैल चुका हैं।नेताजी देश की राजनीतिक आजादी के नहीं लड़े थे, बल्कि वे एक ऐसे समाज के लिए लड़े थे जिसमें न शोषण, उत्पीड़न होगा और न ही लोगों को कोई बेकस और बेबस बनाकर रखेगा। इस लड़ाई में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने अपना सब कुछ, खून का आखिरी कतरा भी समर्पित कर दिया। जागृति मंच ने लोगों से अपील की है कि हम एक कदम आगे बढ़े और हर तरह के शोषण, अत्याचार को खत्म करें। यही नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।आखिरी में समस्त उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

सर्व आदिवासी समाज के आव्हान पर बचेली रहा बंद

■ सल्फी के नशे में धुत जवानों ने की थी फायरिंग

बचेली/नवप्रदेश। हसदेव जंगल की कटाई और मुदवड़ी गांव में पायरिंग में 6 महीने की बच्ची की मौत को लेकर 23 जनवरी को बस्तर संभाग के सर्व आदिवासी समाज के आव्हान पर एक दिवसीय बस्तर बंद का निर्णय लिया था। इसका बस्तर चेंबर आफ कामर्स ने अपना नैतिक समर्थन दिया।

इस पर बस्तर संभाग बंद रहा। बता दें की सर्व आदिवासी समाज बचेली के अनुरोध पर स्थानीय व्यापारियों ने सुबह से अन्य दुकानें बंद रखकर इस बंद का समर्थन किया। सर्व आदिवासी समाज के मंगलू बारसा ने बताया कि सरगुजा के हसदेव के जंगलों में लाखों पेड़ों की कटाई कर दी गई।

हसदेव के जंगलों को छत्तीसगढ़ का फेफड़ा कहा जाता है परंतु पर्यावरण के हितैषी बनने वाले ही पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जंगल की कटाई का हम सभी पुरजोर विरोध करते हैं। बीते दिनों बीजापुर के मुदवंडी गांव में फोर्स की गोलीबारी में 6 माह की बच्ची की मौत हो गई व उसकी माता घायल हो गई। इसके बाद पीड़ित परिवार व ग्रामवासियों ने घटना को लेकर आक्रोश जताया था। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार व ग्रामीण इस मामले को लेकर बीजापुर कलेक्टर से लगातार मिलने की कोशिश कर रहे हैं परंतु कलेक्टर उनसे नहीं मिल रहे हैं। कोई मुठभेड़ नहीं हुई। जवानों ने बेवजह फायरिंग कर बनाया निशाना। ग्रामीणों ने बताया कि इलाके के पास कैंप खोला गया है। जवान सल्फी के पेड़ों पर चढ़कर सल्फी पिए हुए थे। सल्फी के नशे में जवानों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें मासूम बच्ची की जान चली गई। घटना को लेकर सभी ने घोर निंदा करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। व्यापारियों ने अपनी संस्थान बंद रखकर समर्थन दिया है। इस पर सर्व आदिवासी समाज ने व्यापारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सर्व आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे।

भारतीय क्रिकेट टीम पिछले 12 साल से घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज नहीं हारी

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 5 मैच की टेस्ट सीरीज का आगाज 25 जनवरी से होने जा रहा है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में खेला जाएगा। घरेलू मैदान पर भारतीय टीम पिछले 12 साल से कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। टीम को आखिरी बार इंग्लैंड की टीम ने ही साल 2012 में हराया था।

साल 2012 के बाद भारत ने 14 टेस्ट सीरीज घरेलू सरजमीं पर खेली है। इनसे अलग दो 1-1 मैच की सीरीज बांग्लादेश क्रिकेट टीम और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ खेली गई थी।1 टेस्ट मैच की सीरीज को मिला दें तो टीम ने 16 टेस्ट सीरीज अपने नाम की है।इन सभी सीरीज में भारतीय टीम ने 46 में से 36 मुकाबले जीते हैं, 7 मैच ड्रॉ रहे और 3 मुकाबलों में टीम को हार मिली।साल 2012 के बाद भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 3 बार (2013, 2017, 2023), वेस्टइंडीज को 2 बार (2013, 2018), दक्षिण अफ्रीका को 2 बार (2015, 2019), न्यूजीलैंड को 2 बार (2016, 2021), इंग्लैंड को 2 बार (2016, 2021), श्रीलंका को 2 बार (2017, 2022), बांग्लादेश को 2 बार (2017, 2019) और अफगानिस्तान (2018) को 1 बार हराया है।बता दें, 41 साल में भारत को अपनी सरजमीं पर सिर्फ 6 टेस्ट सीरीज में हार मिली है।

साल 2012-13 में एलिस्टर कुक की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम भारत के दौरे पर आई थी। सीरीज में 4 टेस्ट मैच खेले गए थे। पहले टेस्ट में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम को 9 विकेट से जीत मिली थी।इसके बाद लगातार 2 टेस्ट मैच इंग्लैंड ने अपने नाम किए।दूसरे टेस्ट में उन्हें 10 विकेट से जीत मिली और तीसरा टेस्ट मैच उन्होंने 7 विकेट से अपने नाम किया था। आखिरी मुकाबला ड्रॉ रहा था।भारत और इंग्लैंड के बीच भारतीय सरजमीं पर 64 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 22 मैच में जीत मिली है। 14 मैच इंग्लैंड ने अपने नाम किए हैं, 28 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।पूरे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास की बात करें तो दोनों टीम के बीच 131 मुकाबले खेले गए हैं।31 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 50 मैच इंग्लैंड ने अपने नाम किए हैं, वहीं 50 मैच ड्रॉ रहे हैं।भारतीय खिलाड़ियों में इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर ने बनाए हैं। उनके बल्ले से 32 मैच की 53 पारियों में 51.73 की औसत से 2,535 रन निकले हैं।सक्रिय खिलाड़ियों में विराट कोहली ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 28 मैच की में 1,991 रन बनाए हैं।गेंदबाजी में भागवत चंद्रशेखर ने इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा 23 मैच में 95 विकेट लिए हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में रविचंद्रन अश्विन (88) के नाम सबसे ज्यादा विकेट है।

डब्ल्यूपीएल शेड्यूल का हुआ ऐलान

नईदिल्ली। विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण के लिए पूरे शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है। पहला मैच पिछले सीजन की चैंपियन रही मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा।यह मैच 23 फरवरी को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा।साल 2024 के संस्करण में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। फाइनल 17 मार्च को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।

23 फरवरी- मुंबई बनाम दिल्ली24 फरवरी- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम यूपी वॉरियर्स25 फरवरी- गुजरात जायंट्स बनाम मुंबई26 फरवरी- यूपी वॉरियर्स बनाम दिल्ली27 फरवरी- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम गुजरात जायंट्स28 फरवरी- मुंबई बनाम यूपी वॉरियर्स29 फरवरी- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम दिल्ली1 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम गुजरात जायंट्स2 मार्च- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम मुंबई3 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम दिल्ली

4 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु5 मार्च- दिल्ली बनाम मुंबई6 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर7 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम मुंबई8 मार्च- दिल्ली बनाम यूपी वॉरियर्स9 मार्च- मुंबई बनाम गुजरात जायंट्स10 मार्च- दिल्ली बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर11 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम यूपी वॉरियर्स12 मार्च- मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर13 मार्च- दिल्ली बनाम गुजरात जायंट्स15 मार्च- एलिमिनेटर17 मार्च- फाइनल

टूर्नामेंट के शुरुआती 11 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे। इसके बाद सभी टीमें दिल्ली जाएंगी, जहां और सभी मैच खेले जाएंगे।ग्रुप स्टेज में 20 मुकाबले खेले जाएंगे। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में खेलेगी। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा।24 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में एक भी डबल हेडर नहीं है। हर दिन 1 ही मैच होगा।

पिछले साल डब्ल्यूपीएल में मेग लैनिंग ने सबसे ज्यादा 345 रन बनाए थे।

वॉल्व्स और ब्राइटन ने खेला गोलरहित ड्रा

लदन। एमेक्स स्टेडियम में वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के साथ गोलरहित ड्रा में अंक साझा करने के बाद ब्राइटन अंक तालिका में मैनचेस्टर यूनाइटेड से आगे सातवें स्थान पर है। प्रीमियर लीग की रिपोर्ट के अनुसार यह ब्राइटन के लिए लगातार दूसरा 0-0 का ड्रा था। इसका मतलब है कि 2017/18 में अपने पहले प्रीमियर लीग सीज़न की शुरुआत के बाद से उन्होंने प्रतियोगिता में 25 गोलरहित ड्रा खेले हैं, जो किसी भी अन्य पक्ष से अधिक है। कुछ स्पष्ट अवसरों में से पहले भाग में सबसे अच्छा मौका 12वें मिनट में ब्राइटन के हाथ लगा, लेकिन वॉल्व्स ने मजबूत डिफेंस दिखाया। हालांकि, ब्राइटन ने मैच पर 69.6 प्रतिशत कब्जे के साथ दबदबा बनाया, लेकिन उन्होंने भी अटैक करने के कई मौके गंवाए।अंतिम 15 मिनट में वोल्व्स दोनों पक्षों में अधिक खतरनाक दिख रहे थे, लेकिन कुछ अच्छे मौके उन्होंने भी गंवाए। जिसका नतीजा यह रहा कि मैच 0-0 के ड्रा के साथ खत्म हुआ।

आईसीसी की वनडे टीम ऑफ द ईयर में 6 भारतीय शामिल

नईदिल्ली। इंटरनेशल क्रिकेट काउंसिल ने 2023 की वनडे टीम ऑफ द ईयर चुनी है। दिलचस्प रूप से इस टीम में सर्वाधिक 6 भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली भी शामिल हैं।इस टीम का कप्तान रोहित को ही बनाया गया है। बता दें कि रोहित के नेतृत्व में बीते साल में भारत ने वनडे विश्व कप 2023 में कमाल किया था और टीम उपविजेता रही थी।

आईसीसी ने भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को बीते साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में चुना है।विशेष रूप से इस टीम में चयनित हुए ज्यादातर खिलाड़ी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में खेलते हुए नजर आए थे।वनडे टीम ऑफ द ईयर- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ट्रेविस हेड, विराट कोहली, डेरिल मिचेल, हेनरिक क्लासेन, मार्को येन्सन, एडम जैम्पा, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और मोहम्मद शमी।

बिजनेस

भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर मार्केट बना

मुंबई। भारतीय शेयर मार्केट ने पहली बार हांगकांग को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार भारतीय एक्सचेंजों पर लिस्टेड शेयरों की कंबाइन वैल्यू सोमवार को 4.33 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई। जबकि, हांगकांग के लिए यह आंकड़ा 4.29 ट्रिलियन डॉलर था। इसके साथ ही भारत दुनिया में चौथा सबसे बड़ा इक्विटी मार्केट बन गया है। घरेलू मार्केट का मार्केट कैप 5 दिसंबर को पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर को पार हुआ था। इसमें से लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर पिछले चार वर्षों में आया था। तेजी से बढ़ते खुदरा निवेशक आधार और मजबूत कॉर्पोरेट इनकम के कारण भारत में इक्विटी तेजी से बढ़ रही है। दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश ने खुद को चीन के विकल्प के रूप में स्थापित किया है। भारतीय बाजार अब ग्लोबल इन्वेस्टर्स और कंपनियों से नई पूंजी आकर्षित कर रहा है।

मुंबई में एक्सिस म्यूचुअल फंड के मुख्य निवेश अधिकारी आशीष गुप्ता ने कहा, भारत में विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए सभी चीजें मौजूद हैं। भारतीय शेयरों में लगातार तेजी और हांगकांग में ऐतिहासिक गिरावट ने भारत को इस मुकाम तक पहुंचाया है। बीजिंग के कड़े कोविड-19 प्रतिबंध, निगमों पर नियामक कार्रवाई, प्रापर्टी सेक्टर में संकट और पश्चिम के साथ भू-राजनीतिक तनाव ने मिलकर दुनिया के विकास इंजन के रूप में चीन की उम्मीद को खत्म कर दिया है। चीनी और हांगकांग के शेयरों की कुल मार्केट वैल्यू 2021 में अपने चरम पर पहुंचने के बाद से 6 ट्रिलियन डॉलर से अधिक गिर गया है।

हांगकांग में नई लिस्टिंग नहीं हो रही है। यह आईपीओ हब के लिए दुनिया के सबसे व्यस्त स्थानों में से एक के रूप में अपनी स्थिति खो रहा है। हालांकि, कुछ रणनीतिकारों को बदलाव की उम्मीद है। नवंबर की एक रिपोर्ट के अनुसार, यूबीएस ग्रुप एजी का मानना है कि 2024 में चीनी शेयर भारतीय प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस महीने की शुरुआत में एक नोट के अनुसार, बर्नस्टीन को उम्मीद है कि चीनी बाजार में सुधार होगा। हैंग सेंग चाइना एंटरप्राइजेज इंडेक्स, हांगकांग में लिसटेड चीनी शेयरों का एक गेज 2023 में चार साल की रिकॉर्ड गिरावट को रोकने के बाद पहले से ही लगभग 13त्न नीचे है। जबकि, भारत के बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी रिकॉर्ड-उच्च स्तर के करीब कारोबार कर रहे हैं।

लंदन स्थित थिंक-टैंक ऑफिशियल मॉनेटरी एंड फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस फोरम के हालिया अध्ययन के अनुसार विदेशी फंडों ने 2023 में भारतीय शेयरों में 21 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया, जिससे देश के बेंचमार्क एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स को लगातार आठवें साल बढ़त हासिल करने में मदद मिली।

रेलवे के शेयर 9 फीसदी तक गिरे

नई दिल्ली। हाल में तेजी के बाद मंगलवार को शेयर बाजार में कारोबार के दौरान रेलवे के शेयरों में भारी गिरावट आई। बीएसई पर रेलटेल 9.5 फीसदी गिरकर 401.40 रुपए पर है। इरकॉन 9.4 फीसदी गिरकर 241.95 रुपए पर है। रेल विकास निगम 7.25 फीसदी गिरकर 297 रुपए पर है। रेल विकास निगम का स्टॉक 10 फीसदी के निचले सर्किट के करीब है। राइट्स 7.3 फीसदी गिरकर 581 रुपए पर है। टेक्समैको रेल 6.8 फीसदी गिरकर 202 रुपए पर है। आईआरसीटीसी 4 फीसदी नीचे है। सोनी द्वारा विलय रद्द करने के बाद ज़ी एंटरटेनमेंट के शेयर में 9.9 प्रतिशत की गिरावट आई है। सेंसेक्स 95 अंक गिरकर 71,328.53 अंक पर है। एचडीएफसी बैंक 2 फीसदी नीचे है, एशियन पेंट्स 2 फीसदी नीचे है, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2 फीसदी नीचे है। उधर, निफ्टी 33 अंक गिर कर 21,538.45 पर कारोबार कर रहा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि निफ्टी ने साप्ताहिक और दैनिक चार्ट पर मंदी का एक पैटर्न बनाया है। जब तक निफ्टी 21,852 के प्रतिरोध को पार नहीं कर लेता, तब तक सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

टिकटॉक ने लागत में कटौती के लिए की कर्मचारियों की छंटनी

सैन फ्रांसिस्को। चीनी शॉर्ट-वीडियो मेकिंग ऐप टिकटॉक भी छंटनी करने वाली बड़ी कंपनियों में शामिल हो गया है। लागत कम करने के लिए एक निश्चित संख्या में कर्मचारियों को जाने के लिए कहा गया है। कंपनी के प्रवक्ता के मुताबिक, नौकरी में कटौती ज्यादातर बिक्री और विज्ञापन प्रभाग में हुई।

प्रभावित कर्मचारी लॉस एंजिल्स, न्यूयॉर्क, ऑस्टिन और कुछ वैश्विक स्थानों पर काम करते थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 60 कर्मचारियों को जाने के लिए कहा गया है। हालाँकि, अन्य रिपोर्टों में उल्लेख किया गया है कि टिकटॉक में कम से कम 100 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि टिकटॉक छंटनी की घोषणा के मद्देनजर एक आम बैठक आयोजित करने वाला है। अमेरिका में टिकटॉक के लगभग सात हजार कर्मचारी हैं और देश में इसके 15 करोड़ से अधिक सक्रिय यूजर हैं। इस साल गूगल, अमेजन, यूनिटी और डिस्कॉर्ड सहित अन्य तकनीकी कंपनियों ने भी नौकरियों में कटौती की घोषणा की है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कथित तौर पर कर्मचारियों को इस साल और अधिक नौकरियों में कटौती के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। कथित तौर पर यूट्यूब अपने निर्माता प्रबंधन और संचालन टीमों से कम से कम 100 कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। इस साल करीब 62 टेक कंपनियों ने 10 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

अब मात्र 1622 रुपये में फ्लाइट से पहुंचें राम नगरी

अयोध्या। प्रभु श्रीराम अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में विराजमान हो गए हैं। इस उत्सव को लेकर लोगों के बीच खुशी का माहौल है। सभी लोग अपने-अपने तरीके से इस पल को सेलिब्रेट कर रहे हैं। श्रीरामलला के दर्शन के लिए देश विदेश से राम भक्त अयोध्या पहुंचने लगे हैं। रामभक्त ट्रेन, बस और हवाई जहाज के माध्यम से अयोध्या पहुंच रहे हैं।

इसी बीच एयलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने भी अपने कस्टमर के लिए एक खास आफर लेकर आई है। इसके तहत एयलाइन कंपनी ने देश के प्रमुख शहरों से 1622 रुपये में फ्लाइट टिकट पेश किया है। 1622 रुपये का किराया मुंबई-गोवा, दिल्ली-जयपुर और गुवाहाटी-बागडोगरा जैसे अच्छी यात्रा वाले घरेलू मार्गों को भी कवर करता है। इसके अलावा कुछ अन्य शहरों से भी इतने ही किराये पर फ्लाइट शुरू की है। स्पाइसजेट ने 22 जनवरी से इस ऑफर की शुरुआत की है, जिसकी 28 जनवरी तक बुकिंग की जा सकती है, जबकि 30 सितंबर 2024 तक यात्रा की जा सकती है। इस ऑफर के तहत पहले आओ और पहले पाओ आधार पर सीटें बांटी जाएंगी। अगर आप टिकट कैंसिल करते हैं तो कैंसिलेशन चार्ज के साथ पैसा वापस किया जाएगा। फ्री में ट्रैवेल डेट को भी इस ऑफर के तहत चेंज करा सकते हैं। आपको मील पर 30 फीसदी का डिस्काउंट भी दिया जा रहा है।

थ्रिलर ड्रामा ग्यारह ग्यारह और फॉर योर आइज ओनली में नजर आएंगी कृतिका

अभिनेत्री कृतिका कामरा अपनी आगामी थ्रिलर ड्रामा ग्यारह ग्यारह और फॉर योर आइज ओनली को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। इसको लेकर उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक बड़ा अनुभव है। पिछले साल अभिनेत्री ने बंबई मेरी जान में एक महिला गैंगस्टर की भूमिका निभाकर अपने प्रशंसकों को खुश कर दिया था। अब, वह एक बार फिर सीमाएं लांघने के लिए तैयार हैं।कृतिका ने कहा, मुझे उन परियोजनाओं को चुनने में अत्यधिक संतुष्टि मिलती है जो उम्मीद से अलग होती हैं, ऐसे प्रोजेक्ट जो मुझे लोगों की अपेक्षाओं के दायरे से कहीं आगे ले जाते हैं। इस वर्ष मैं जिन परियोजनाओं पर काम कर रही हूं, विशेष रूप से थ्रिलर, वे मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखती हैं।अभिनेत्री ने कहा, मैं जिन थ्रिलर्स का हिस्सा बनने जा रही हूं, वे केवल स्क्रिप्ट नहीं हैं। वे गहन अनुभव हैं जो मुझे चरित्र, भावना और रहस्य की बारीकियों का पता लगाने की चुनौती देते हैं।अभिनेत्री ने आगे बताया कि उनके करियर का यह आगामी अध्याय केवल प्रदर्शन देने के बारे में नहीं है।उन्होंने कहा, यह कहानी कहने की परिवर्तनकारी शक्ति में खुद को डुबोने के बारे में है। यह सीमाओं को आगे बढ़ाने, अपेक्षाओं को धता बताने और मेरी कला के उन आयामों को उजागर करने के बारे में है जिन्हें शायद मैं भी अभी तक पूरी तरह से उजागर नहीं कर पाई हूं।सिख्या एंटरटेनमेंट और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा ग्यारह ग्यारह और इसके साथ ही फॉर योर आइज़ ओनली समीक्षकों द्वारा प्रशंसित स्कैम 92 के निर्माताओं की ओर से है।

वरुण धवन की अगली फिल्म में होगा एक्शन का जबरदस्त धमाका

2023 में शाहरुख खान अभिनीत जवान के साथ धमाल मचाने वाले निर्देशक एटली अपनी आगामी फिल्म वीडी18 की तैयारियों में जुट गए हैं।इस फिल्म में निर्देशक वरुण धवन के साथ दर्शकों को एक्शन का डोज देने के लिए लौट रहे हैं।फिल्म के ऐलान के बाद से ही सभी इसे जुड़ी हर जानकारी पर नजर बनाए हुए हैं।अब खबर आ रही है कि वीडी18 में 8 एक्शन निर्देशकों की निगरानी में वरुण खुद स्टंट करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, वीडी18 के लिए सैंकड़ों बैकग्राउंड डांसर्स के साथ मुंबई में फिल्म के एंट्री वाले गाने की शूटिंग करने के बाद अब अभिनेता फिल्म के एक्शन से भरपूर शेड्यूल की शूटिंग करने के लिए तैयार हैं।वीडी18 से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, वरुण मार्च के अंत तक एटली और मुराद खेतानी द्वारा निर्मित इस फिल्म के सभी एक्शन दृश्यों की शूटिंग करेंगे।इसके लिए निर्माता-निर्देशक ने खास तैयारी की है।सूत्र के अनुसार, वरुण अब फिल्म के एक्शन से भरपूर शूटिंग शेड्यूल के लिए पूरी तैयारी कर रहे हैं। टीम का इरादा 3 महीने में फिल्म के सभी एक्शन दृश्यों को शूट करने का है। एटली और मुराद हमेशा फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ तकनीशियनों के साथ काम करना चाहते थे और उन्होंने इसके लिए 8 एक्शन निर्देशकों को टीम में शामिल किया है।इस शेड्यूल में फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग भी की जाएगी।8 एक्शन निर्देशकों में से 4 भारत से हैं और 4 विदेश से हैं। वरुण, बॉडी डबल की मदद के बिना सभी स्टंट खुद करेंगे।

10 हजार दीयों प्रज्ज्वलित हुआ तुरतुरिया

वन विभाग और जिला प्रशासन ने किया दीपोत्सव का आयोजन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा जिला राममय हो गया। इस ऐतिहासिक दिन का साक्षी बना श्री राम वन गमन परिपथ में शामिल लव कुश की जन्म स्थली तुरतुरिया धाम। जहां पर शाम होते ही 10 हजार श्री राम ज्योति प्रज्ज्वलित किए गए। इससे पूरा तुरतुरिया धाम जगमगाया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इसे विशेष दीपोत्सव का नाम दिया गया था। शाम होते ही दीप जलाने के लिए आसपास के ग्रामीण एवं श्रध्दालुओं बड़ी संख्या में पहुंचने लगे। वाल्मिकी आश्रम, बालमदेही नदी एवं मातागढ़ तक दीपक जलाए गए। इसके साथ ही प्रवेश द्वार, आईसीटी सेंटर, पार्किंग स्थल, गार्डन एवं अन्य स्थलों में दीपक और रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया था। कई ग्रामीणों ने घर से दीपक सजाकर आये थे। इस अवसर को और विशेष बनाने जनसंपर्क विभाग द्वारा कला जत्था के माध्यम से श्री राम पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रध्दालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण,बारनवापारा अभ्यारण्य अधीक्षक श्री कुदेरिया, वन विभाग एसडीओ अनिल वर्मा,गोविंद सिंह,जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण सहित आसपास के ग्रामीण एवं अनेक श्रद्धालु गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वन विभाग विशेष सहयोग रहा।

रायपुर में राज्यपाल तो जगदलपुर में सीएम करेंगे ध्वजारोहण

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस समारोह 2024 को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने जिला मुख्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने वाले मुख्य अतिथियों की सूची जारी कर दी है। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। वहीं विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह राजनांदगांव और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में ध्वजारोहण करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव बिलासपुर में और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा दुर्ग में आयोजित में ध्वजारोहण करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल महासमुंद, आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम बलरामपुर-रामानुजंगज जिले में, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल बेमेतरा, वनमंत्री केदार कश्यप नारायणपुर, वाणिज्य व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन कोरबा, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में ध्वजारोहण करेंगे।

रायगढ़ में ओपी होंगे मुख्य अतिथि

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी रायगढ़ में, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में, सांसद गुहा राम अजगले सक्ती में, सांसद विजय बघेल बालोद में, सांसद मोहन मंडावी कांकेर में, सांसद सुनील सोनी सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में, सांसद संतोष पांडेय खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई जिले में, सांसद चुन्नी लाल साहू गरियाबंद में, विधायक धरमलाल कौशिक मुंगेली में, विधायक अमर अग्रवाल जांजगीर-चांपा जिले में और अजय चंद्राकर धमतरी में ध्वजारोहण करेंगे।

बीजापुर में विक्रम उसेंडी करेंगे ध्वजारोहण

इसी तरह विधायक रेणुका सिंह सूरजपुर, विधायक भैय्या लाल राजवाड़े कोरिया जिले के मुख्यालय बैकुंठपुर, विधायक गोमती साय जशपुर, विधायक लता उसेंडी कोंडागांव, विधायक विक्रम उसेंडी बीजापुर, विधायक भावना बोहरा कबीरधाम, विधायक नीलकंठ टेकाम सुकमा, विधायक चैतराम अटामी दंतेवाड़ा, विधायक प्रवीण कुमार मरपची गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में और विधायक आशाराम नेताम मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में ध्वजारोहण करेंगे।

महादेव सट्टा एप प्रकरण में अमित-नितिन को न्यायिक रिमांड

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव सट्टा एप और मनी लॉन्ड्रिंग केस मामले में कस्टोडियल डिमांड खत्म होने के ईडी ने नितिन टिबरेवाल और अमित अग्रवाल रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। ईडी की ओर से कोर्ट कहा गया है कि दोनों आरोपियों से पूछताछ की जरूरत नही है। इसलिए 14 जिन की न्यायिक रिमांड पर उन्हें जेल में रखा जाए। सुनवाई के बाद कोर्ट दोनों आरोपियों को 13 दिनों की न्यायिक रिमांड पर 3 फरवरी तक जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को सुनवाई के दौरान कोलकाता का हवाला कारोबारी नितिन बेहोश होकर गिर गया। उसे उठाकर कुर्सी में बिठाकर पानी पिलाया गया। तुरंत डॉक्टर बुलाया गया। डॉक्टर की टीम आई और नितिन की जांच की। उसका बीपी, शुगर सब नार्मल पाया गया। डॉक्टरों ने किसी तरह की तकलीफ नहीं पाई। उसके बाद कोर्ट ने 3 फ



रवरी तक दोनों को जेल भेज दिया। ईडी के वकील धीरेंद्र नंदे ने मीडिया को बताया कि ईडी ने नितिन और अमित से लंबी पूछताछ कर ली है। फिलहाल कोई नया तथ्य या इनपुट नहीं मिला है। इस वजह से पूछताछ की जरूरत नहीं है। अब तक की पूछताछ के दौरान जो अहम जानकारी मिली है। उसकी पड़ताल की जा रही है।ईडी के वकील ने बताया कि इस मामले में अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया है।13 आरोपियों के खिलाफ बिना गिरफ्तारी का परिवाद पेश किया गया है। कोर्ट ने 24 फरवरी को 13 लोगों को कोर्ट में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया है। अगर कोर्ट में पेश नहीं होंगे तो समंस जारी किया जाएगा। महादेव सट्टेबाजी केस में दोनो अरोपियों से पूछताछ के दौरान कुछ नए नाम सामने आए है। जिसे लेकर प्रवर्तन निदेशालय जांच कर रही है। जल्द ही महादेव सट्टा एप मामले में अन्य लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

झंडा बांधते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आने से पति की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में लाखे नगर इलाके में करंट की चपेट में आने से कारोबारी की मौत हो गई। कारोबारी अपनी पत्नी के साथ दोपहर को छत पर झंडा लगा रहे थे। इसी दौरान झंडे का पाइप हाईटेंशन से टकरा गया। कारोबारी की पत्नी गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार लाखेनगर के सोनकर नगर में रहने वाला लक्ष्मण सोनकर (40) सब्जी का थोक कारोबारी है। उनका तीन मंजिला मकान है। सोमवार को वह अपनी पत्नी के साथ छत पर झंडा बांधने गया था। छत के पास से हाईटेंशन तार गुजरा हुआ है। झंडा बांधते समय पाइप तार से टकरा गया। करंट की चपेट में आने से लक्ष्मण सोनकर की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी मोनिका सोनकर गंभीर रूप से घायल है। उनका इलाज जारी है।

मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी बेटियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि समाज में बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने, उनके साथ होने वाले भेदभाव के प्रति भी लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। श्री साय ने कहा कि बालिकाएं देश-प्रदेश, समाज और परिवार की शान, मान और अभिमान होती हैं। उन्हें सशक्त बनाने के लिए सुरक्षित और सहज माहौल देने की जरूरत है। इसके लिए समाज को अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है।

श्री साय ने कहा है कि यह गर्व और खुशी की बात है कि लिंगानुपात में छत्तीसगढ़ देश के राज्यों में अव्वल है। यह छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सम्मान की परंपरा और बहन बेटियों और माताओं के लिए बेहतर वातावरण से संभव हुआ है। इसी कारण प्रदेश की प्रगति में बेटियां अप्रतिम योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियां खूब पढ़े, निडर होकर आगे बढ़े, अपने सपने साकार करें और घर परिवार के साथ देश-प्रदेश की उन्नति में भी सहभागी बने। राज्य सरकार प्रत्येक बालिका के सर्वांगीण विकास, उनके स्वाभिमान व सशक्तिकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है।

श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से ननिहाल में उत्सव का वातावरण : सीएम साय

- **महाभोग तथा प्रसादी कार्यक्रम एवं काली माँ के दर्शन करने आकाशवाणी चौक पहुँचे मुख्यमंत्री**

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से उनके ननिहाल में भी उत्सव का माहौल है। मकर संक्रांति से जो उत्सव शुरू हुआ है वो प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक दिन तक रहा। यह बात मुख्यमंत्री ने आज श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर राजधानी रायपुर के आकाशवाणी चौक में आयोजित महाभोग एवं प्रसादी कार्यक्रम में कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यहां स्थित माँ महाकाली मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने माँ काली की आरती कर उन्हें लड्डुओं का भोग अर्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय को लड्डुओं से तौला गया। मुख्यमंत्री ने नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड स्कूल के दृष्टिबाधित बच्चों को महाभोग का वितरण किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी के लिए कल का दिन ऐतिहासिक था। अयोध्या धाम में छत्तीसगढ़ के भांजे प्रभु श्री रामलला टेंट से निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान हुए। उन्होंने कहा कि रामायण में माता शबरी का भी जिक्र आता है और उनका आश्रम शिवरीनारायण में है। माता शबरी वनवासी थीं और उन्होंने वर्षों प्रभु का इंतजार किया। उनकी तपस्या का परिणाम था कि भगवान स्वयं उनके पास आए थे और शिवरीनारायण की पावन धरा पर ही माता शबरी ने उन्हें बेर खिलाए। श्री साय ने कहा कि इसी तरह भक्तों की लंबी प्रतीक्षा के बाद उनके आराध्य की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ अवसर आया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवयुवक मंडल के तत्वावधान में रामभक्त चिट्ठियों के माध्यम से प्रभु के लिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। इन चिट्ठियों को एकत्रित कर अयोध्या धाम ले जाया जाएगा।

प्रदेश के कई जिलों में बरसे बादल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पिछले 1 सप्ताह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रायपुर में मंगलवार सुबह से देर शाम तक रुक-रुककर बारिश हुई। वहीं कवर्धा में भी बारिश के बाद मौसम ठंडा हो गया है। दुर्ग-भिलाई सहित कुछ जिलों में बादल छाए रहे। ऐसा नमी युक्त हवाओं के आने के कारण हो रहा है। अगले 3 दिनों तक ऐसा ही मौसम रह सकता है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक अगले 48 घंटों में रात के तापमान कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद तीन डिग्री तक तापमान में गिरावट आ सकती है। सरगुजा संभाग में रात का पारा लगातार गिर रहा है। अगले 48 घंटे में ठंड और बढ़ेगी। अंबिकापुर में पारा 5.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो नार्मल से 4 डिग्री कम था। सोमवार को बलरामपुर में रात का पारा 5.3 डिग्री, कोरिया में 6.5 डिग्री, जशपुर में 8.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण संभाग के कई जिले के कई हिस्सों में बादल छाए रहने की वजह से ठंड बढ़ गई है। उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आने से न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। वहीं दिन का पारा भी औसत से 7 डिग्री कम रहा।

सीएम साय ने वित्त मंत्री के साथ की विभागों की बजट तैयारियों की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में अपने विभागों की बजट तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सचिव वित्त अंकित आनंद, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हैं।

मुख्यमंत्री ने सामान्य प्रशासन, खनिज साधन, ऊर्जा, जनसंपर्क, वाणिज्यिक कर (आबकारी), परिवहन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, विमानन, पशु पालन, मत्स्य पालन एवं आयाकट, ग्रामोद्योग विभाग की बजट तैयारियों की समीक्षा की।

जनसंपर्क विभाग के तीन अफसरों को मिला प्रमोशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने जनसंपर्क विभाग के 3 अधिकारियों को पदोन्नति देते हुए नई पदस्थापना की है। आलोक देव, हर्षा पौराणिक और संतोष मौर्य को संयुक्त संचालक से अपर संचालक पद के पर पदोन्नति किया गया है। जनसंपर्क विभाग के अवर सचिव ने आदेश जारी किया है।

पूर्वोत्तर भारत के ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर डॉ. फ्लेमिंग ने की सीएम साय से मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन कोलकाता से आए पूर्व व पूर्वोत्तर भारत के ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग ने मुलाकात की। सीएम साय को डॉ फ्लेमिंग ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री से उन्होंने छत्तीसगढ़ और यूनाइटेड किंगडम के मध्य आपसी सहयोग सुदृढ़ करने से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने डॉ फ्लेमिंग को छत्तीसगढ़ के विकास के लिए नवीन सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में बताया। मुख्यमंत्री और डॉ फ्लेमिंग ने जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती से निपटने के तरीकों और अन्य मुद्दों के संबंध में भी विचारों का आदान-प्रदान किया। चर्चा के दौरान डॉ फ्लेमिंग ने सीएम से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और उनके गृहनगर जशपुर के विषय मे जानकारी ली। डिप्टी हाई कमिश्नर ने मुख्यमंत्री से कहा कि छत्तीसगढ़ में गठित नवीन सरकार की शुरुआत में यह मुलाकात बहुत सुखद है। छत्तीसगढ़ और यूनाईटेड किंगडम के बीच रिश्ते भविष्य में और मजबूत होंगे। मुख्यमंत्री ने डॉ एंड्रू को बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।